ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 15.05.2023 वर्ष 10, अंक 131

RNI No. JHAHIN/2014/59110

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

सुविचार

अपने जीवन में कभी शब्दों को कम मत आंकिये क्योंकि जीवन में एक छोटा सा हां और एक छोटा सा ना सब कुछ बदलकर रख देता है।

रांची का तापमान

अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

क्वीक न्यूज

गुमला : दंपति की टांगी से काटकर हत्या

गुमला। जिले के पालकोट स्थित बाजरा गांव में जमीन विवाद में एक दंपति की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई है। मृत की पहचान राजू खड़िया और पत्नी आशा देवी के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार शनिवार को गर्मी के कारण पति-पत्नी घर के आंगन में सोए थे। इसी दौरान अपराधियों ने टांगी से वार कर हत्या कर फरार हो गया। घटना की जानकारी रविवार सुबह घर के लोगों को हुई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि राजू खड़िया करीब एक सप्ताह पहले बाजरा स्थित घर पहुंचा था। वह पंजाब में रहकर काम करता था। पुलिस के अनुसार जमीन विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। बीते गुरुवार को राजू का भाई लियुस खड़िया के साथ विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया था कि लियुस खड़िया ने राजू खड़िया को टांगी लेकर दौड़ाया था। उस वक्त राजू वहां से भाग निकला था। पुलिस हर बिंदु से मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ हो रही है।

दुमका में दो सड़ह हादसे में 21 लोग घायल, दो गंभीर

दुमका : जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई अलग-अलग सड़क हादसों में 21 लोग घायल हो गये। पहली घटना रविवार को जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर बारा पलासी के समीप घटी। वहां कोलकाता से भागलपुर जा रही राजा डीलक्स यात्री बस की संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। इसमें करीब 9 लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र साहू दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार राजा डीलक्स नामक यात्री बस पश्चिम बंगाल के कोलकाता से 58 यात्रियों को लेकर बिहार के भागलपुर जा रही थी। तभी बारा पलासी के समीप गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसकी वजह से बस पलट गई। दुर्घटना में घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में पश्चिम बंगाल 24 परगना की महिला काजल सरदार एवं चक्रधर सरदार के साथ एक बच्चे गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

अनंतनाग : जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के अंडवान सागाम इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि दो-तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। इनके सफाये के लिए सैन्य अभियान जारी है। पुलिस को इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने इनके सफाये का अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

नक्सलियों के उत्तर भारत बंद को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट

रांची : चतरा में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में भाकपा माओवादी संगठन ने 15 मई को उत्तर भारत बंद का ऐलान किया है। रविवार आधी रात से शुरू होने वाले बंद को देखते हुए पूरे झारखंड में अलर्ट जारी कर दिया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। दरअसल, भाकपा माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता संकेत ने एक बयान जारी कर 15 मई को उत्तर भारत बंद का ऐलान किया है। खुफिया विभाग को सूचना मिली है कि बंद के दौरान माओवादियों ने पुलिस बल पर हमला करने की साजिश रची है। राज्य पुलिस की विशेष शाखा के स्पेशल इंटेलीजेंस ब्यूरो (एसआईबी) के एसपी ने पूरे मामले में राज्य के सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। इसे देखते हुए लोहरदगा, चतरा, लातेहार, चाईबासा, खूंटी, पलामू और गढ़वा में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इन जिलों के एसपी द्वारा सभी जवानों को चौकस रहने के साथ अति संवेदनशील इलाकों में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भाकपा माओवादियों ने एक बयान जारी कर कहा है कि झारखंड के चतरा के जंगल में नशीला पदार्थ खिलाकर उनके पांच साथियों की हत्या की गई।

1986 बैच के आईपीएस अधिकारी व वर्तमान में कर्नाटक के डीजीपी हैं प्रवीण सूद

कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद बने सीबीआई के नए निदेशक

एजेंसी

नयी दिल्ली : कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद को सीबीआई सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है. वे दो साल तक इस पद पर सेवाएं देंगे. 25 मई को वे नई जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। क्योंकि इसी दिन मौजूदा डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल पूरा हो रहा है. प्रवीण सूद के नाम चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई थी.

इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के साथ ही विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी मौजूद थे. इसमें उनके नाम पर मोहर लगी थी. प्रवीण सूद 1999 में मॉरीशस में पुलिस सलाहकार भी रहे. 2004 से 2007 तक वो मैसूर शहर के पुलिस आयुक्त रहे. इसके बाद 2011 तक बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के रूप में काम किया. साल 1996 में सेवा में उत्कृष्टता के लिए उन्हें मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक, 2002 में पुलिस पदक और 2011 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया. प्रवीण सूद 2013-14 में कर्नाटक पुलिस आवास निगम के प्रबंध निदेशक रहे. इसके साथ ही उन्होंने राज्य के गृह विभाग में प्रधान सचिव, राज्य रिजर्व पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रशासन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में भी काम किया. प्रवीण सूद का जन्म हिमाचल प्रदेश में साल 1964 में हुआ था. उन्होंने आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएशन किया है. वो 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में कर्नाटक के डीजीपी हैं. 1989 में वो मैसूर के सहायक पुलिस अधीक्षक बने थे. इसके बाद पुलिस अधीक्षक, बेल्लारी और रायचूर भी रहे. फिर बेंगलुरु पुलिस उपायुक्त के पद पर सेवाएं दी.

प्रवीण सूद से जनता के विश्वास को मजबूत करने की उम्मीद

सीबीआई के प्रमुख के रूप में प्रवीण सूद की नियुक्ति से एजेंसी की क्षमताओं को मजबूत करने और न्याय देने की क्षमता में जनता के विश्वास को मजबूत करने की उम्मीद है. उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब सीबीआई कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है और कानून के शासन को बनाए रखने और अपराध का मुकाबला करने में इसकी भूमिका सर्वोपरि है. अपने अनुभव, नेतृत्व कौशल और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के साथ, प्रवीण सूद सीबीआई को अधिक प्रभावी और पारदर्शिता की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं. उनकी नियुक्ति एजेंसी के इतिहास में एक नया अध्याय है, और यह आशा की जाती है कि उनके नेतृत्व में, सीबीआई भारत के कानून प्रवर्तन परिदृश्य में जवाबदेही और निष्पक्षता के स्तंभ के रूप में काम करना जारी रखेगी.

प्रवीण सूद और डीके शिवकुमार की तल्खी जगजाहिर

प्रवीण सूद के प्रति कर्नाटक कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की तल्खी किसी से छिपी नहीं है. विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने सूद के बारे में कहा था कि वो इस पद के लायक नहीं है. शिवकुमार ने उन पर बीजेपी के पक्ष में काम करने का भी आरोप लगाया था. कहा था कि वो तीन साल से डीजीपी हैं, मगर उनका काम बीजेपी कार्यकर्ता के समान है. उन्होंने करीब 25 कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की. इस संबंध में चुनाव आयोग को भी लिखा. इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनी तो सूद के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. अब राज्य में कांग्रेस सत्ता में आ गई है लेकिन प्रवीण सीबीआई निदेशक के रूप में दिल्ली का रुख करेंगे.

कर्नाटक में सीएम के नाम का एलान जल्द : खड़गे

एजेंसी

नई दिल्ली : कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद अब पार्टी ने मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसके लिए पार्टी की ओर से तीन पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने तीन पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है.

वह विधायकों से बात करेंगे और रिपोर्ट देंगे. उसके बाद मुख्यमंत्री का चयन हो जाएगा. इसके साथ ही खरगे ने कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई विवाद नहीं है. बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बहुमत हासिल करने के बाद ही मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो चुकी हैं. पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, एआईसीसी के महासचिव जितेंद्र सिंह और एआईसीसी के पूर्व महासचिव दीपक बाबरिया को पर्यवेक्षक बनाया है.

कांग्रेस की आज बेंगलुरु में अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें कांग्रेस विधायक दल एक प्रस्ताव पारित कर सकता है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री चुनने का फैसला छोड़ा जा सकता है. मल्लिकार्जुन खरगे दिल्ली पहुंच गए हैं.सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक का मुख्यमंत्री चुनने के लिए खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से विचार-विमर्श करेंगे. उन्हें दिल्ली से तुरंत बेंगलुरू लौटना है. ऐसे में आज तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर फैसला होने की उम्मीद की जा रही है. बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 136 सीटें जीती हैं, जो 2018 की तुलना में 56 अधिक है.

वहीं बीजेपी का वोट शेयर पिछले चुनाव के जितना ही है, लेकिन उसकी सीटें काफी कम हुई हैं. बीजेपी इस चुनाव में सिर्फ 66 सीट ही जीत सकी है.

लातेहार जंगल से हथियार व विस्फोटक बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार: जिले के गारू थाना अंतर्गत बोकखाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया।

जिले के केंद्र रिजर्व पुलिस बल 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी रणधीर कुमार झा, के निर्देश पर शुक्रवार को गारू थाना क्षेत्र के बोकाखाड़ के घने जंगलों में नक्सल विरोध अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम सीआरपीएफ 214 बटालियन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ के ऐफ कंपनी के सहायक कमांडेंट मयूर पेठवडजकर ने सर्च अभियान के दौरान घने जंगलों में छिपाकर रखे गए 1 प्रिंटर मशीन, 1 वेट मशीन, 1 प्रिंटर कार्टेज, काला वर्दी, 5 केजी बारूद, सर कुकर का हैंडल, एके 47 का 7 जिंदा गोली, इंसास रायफल का 1 गोली, 315 का 3 गोली, 12 बोर का 1 गोली, एके-47 का 10 खाली खोखा, 1 चाकू, 3 पीस धान काटने वाली हंसुआ, 1 देसी कट्टा, 1 (12 बोर का राइफल) रिकवरी किया गया है। वहीं सर्च अभियान के दौरान 1 किलो ग्राम का आईडी बम निरोधक दस्ते के द्वार सफलतापूर्वक डिफ्यूज किया गया।अभियान में शामिल 214 बटालियन के एफ कंपनी के सहायक कमांडेंट मयूर पेठवडजकर, जिला पुलिस, समेत सीआरपीएफ का जवान मौजूद थे।

भारत की आत्मनिर्भरता और समुद्र में नौसेना की मारक क्षमता बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने पहली बार गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की फायरिंग करके बुल्स आई को सफलतापूर्वक हिट किया। स्वदेशी जहाज और शक्तिशाली ब्रह्मोस ने एक साथ प्रदर्शन करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता और भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और चमकदार प्रतीक को चिह्नित किया है।

नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बयान में आगे कहा गया है कि मिसाइल का परीक्षण गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर वारशिप आईएनएस मोरमुगाओ से किया गया है।

इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई ने किया है।

आधुनिक हथियारों से लैस परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध में सक्षम मोरमुगाओ जहाज भारतीय नौसेना की नई ताकत है, जिसे ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस किया जाना है। इसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में पिछले साल 18 दिसंबर को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। यह प्रोजेक्ट 15बी के तहत बनाया गया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का दूसरा जहाज है।इससे पहले भारतीय नौसेना ने 05 मार्च को आईएनएस कोलकाता से अरब सागर में स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल का इसी जहाज से सफल परीक्षण किया था। उस समय भी इस मिसाइल ने सटीक निशाना लगाकर अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया था। इसके बूस्टर को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। नौसेना ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का पिछले साल अप्रैल में अंडमान निकोबार कमांड के साथ संयुक्त रूप से सफल परीक्षण कर चुकी है।

ई-संजीवनी बना विश्व का सबसे बड़ा टेलीमेडिसिन मंच : मांडविया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जापान के नागासाकी में स्वास्थ्य नवाचार पर जी 7 मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों का उपयोग सक्षम एवं समानता लाने की दिशा में जरूरी है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण एवं सार्वभौमिक कवरेज हासिल करने में सहायता मिलती है। कोविड-19 महामारी ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को आगे बढ़ाया है। ऐसे में निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में एक सक्षम ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। यह बैठक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में डिजिटल स्वास्थ्य जैसे नवाचार की प्राथमिकताओं, कार्यान्वयन और उपयोग पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में जी7 सदस्य देशों और आमंत्रित 'आउटरीच 4' राष्ट्रों- भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम एवं थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री ने आगे डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के कोविड-19 टीका वितरण मंच को-विन से करोड़ों लोगों को टीका लगाना तथा प्रमाण पत्र वितरित करना आसान हुआ है। इसी तरह राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म- ई-संजीवनी के माध्यम से पहले ही 11.5 करोड़ से अधिक की संख्या में नागरिकों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया है। इससे यह विश्व का सबसे बड़ा टेलीमेडिसिन मंच बन गया है।

केंद्रीय मंत्री ने नए और विकसित उपकरणों से प्राप्त होने वाले लाभों को उठाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इनसे सही समय पर सही व्यक्ति का सही उपचार सुनिश्चित हो सकता है। इन तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने पहले ही डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के रूप में विश्व को ऐसे सभी डिजिटल उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराने का नीतिगत निर्णय लिया है। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता ने डिजिटल स्वास्थ्य को एक विशिष्ट प्राथमिकता के रूप में सामने लाया है और विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय में डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल के रूप में पूरे विश्व के सभी डिजिटल पहलों के सम्मिलन तंत्र का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क-ऑफ-नेटवर्क दृष्टिकोण के साथ यह पहल वैश्विक डिजिटल कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण होगी। डॉ. मांडविया ने इस संबंध में प्रस्तावित पहल के लिए जी7 देशों से समर्थन का अनुरोध किया।

पलामू व्याघ्र परियोजना क्षेत्र में हाथी के बच्चे का शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार। पलामू टाइगर रिजर्व एरिया के छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र में हाथी के एक बच्चे की संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद हुआ है। हालांकि मामला दो दिन पहले का है । लेकिन रविवार को घटना प्रकाश में आया। बताया जाता है कि हाथी के बच्चे की मौत ऊंचाई से गिरने के कारण चोट लगने से हुई है। वन विभाग के अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से बचते नजर आए। मृत हाथी के बच्चे का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे दफन कर दिया गया। इस संबंध में पूछने पर हाथी के बच्चे का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने कहा कि शनिवार को ही हाथी के बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थिति में हाथी के बच्चे का शव बरामद हुआ है उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि हाथी के बच्चे की उम्र लगभग चार से छह महीने के बीच होगी। वजन भी लगभग दो क्विंटल होगा। उन्होंने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि हाथियों का झुंड तालाब का पानी पीकर मेढ़ के ऊपर चल रहा होगा। इसी दौरान धक्का-मुक्की में हाथी का बच्चा नीचे गिर गया होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चैनपुर पुलिस पर हमला करने के मामले में चार आरोपी हुए गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : शाहपुर में एक आरोपी शक्स को गिरफ्तार करने गई चैनपुर थाना पुलिस की टीम पर हमला मामले में एक आरोपी गिरफ्तार। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में एक शक्स को गिरफ्तार करने के दौरान कुछ लोगो ने चैनपुर थाना पुलिस की टीम पर हमला कर दिया और पदाधिकारीयों के साथ अवैध व्यहवार एवम गाड़ियों में तोड़ फोड़ दी। इस घटना के बाद एएसआई राजीव कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज करते हुवे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्याय के कक्षा में भेज दिया है। उसे पकड़ने के क्रम में परिजनों ने पुलिस पर हमला कर उसे छुड़ाने का प्रयास किया गया। जिसके बाद मामले में कांड दर्ज कर एक अभियुक्त को

गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान खान (30वर्ष) पिता स्व कलाम खान, जाकिर हुसैन (27वर्ष) पिता मोहम्मद असलम, दोनो कुंड मोहल्ला निवासी, इरफान कुरैशी (30 वर्ष) पिता नईम कुरेशी (22 वर्ष) नसीम कुरैशी निवासी कुरैशी मुहल्ला शाहपुर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। इस अभियान में पु नि तुलसीदास, पुअनी बिट्टू साहा, पुअनी प्रेमचंद्र हांसदा, पुअनि बसंत कुमार, सअनि राजीव कुमार व आ0 दिनेश राम समेत चैनपुर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के पास दो मोटरसाइकल की आमने - सामने के टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार शाम 4:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार डंडिला कला गांव निवासी जाहिद अंसारी अपने घर की दो महिला को लेकर विश्रामपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच बरवाडीह के पास तेज रफ्तार में विपरित दिशा से आ रहे कजरू गांव निवासी दिलाशद अंसारी ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में जहां दिलाशाद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं जाहिद अंसारी को मामूली चोट आई है। जबकि जाहिद के साथ मोटरसाइकल पर बैठी दोनो महिलाएं सुरक्षित हैं.गंभीर रूप से घायल दिलशाद का विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच भेज दिया गया।

मातृ दिवस पर लोगो ने मां का लिया आशीर्वाद

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिले में रविवार को मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं सुबह से ही शहर के विभिन्न बाजारों व प्रतिष्ठानों पर मातृ दिवस को लेकर भीड़ उमड़ी रही। बच्चे मां सहित परिवार के साथ सैर सपाटे पर निकले। बाजार में खरीदारी की और खान पान कर मस्ती की।मातृ दिवस का नजारा पूरे जिले में देखने को मिला। हर किसी ने अपने ही अंदाज में मां के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। इसके चलते बाजारों में उपहार, ज्वेलर्स, क्लॉथ हाउस इत्यादि की दुकानों पर भीड़ रही। उपहार विक्रेता दुकानदार विनय कुमार ने बताया कि मातृ दिवस को लेकर तमाम तरह के उपहार की बाजार में खूब मांग रही।

बुलंद बीघा में हनुमान मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा मैं श्री श्री 108 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर हुआ बैठक

हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी 24 मई से 29 मई तक हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बुलंदविघा गांव स्थित हनुमान मंदिर मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित होने वाली पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री रामकथा आयोजित कार्यक्रम को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ओमप्रकाश उपाध्याय ने की। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दरुआ बेनी पंचायत के सभी वार्डों से दस-दस लोगों का चयन कर यज्ञ स्थल पर चार चार घंटों का कार्यभार सौंपा जाए। मौके पर उपस्थित भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है, धार्मिक अनुष्ठान में सभी लोगों का सहयोग जरूरी है।अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां संपूर्ण वातावरण, पवित्र और देवमय बन जाता है। यज्ञवेदी में स्वाहा कहकर देवताओं को भोजन परोसने से मनुष्य को दुख-दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है। मौके पर उपस्थित कमिटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 मई से 29 मई तक चलने वाला पांच दिवसीय श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं रामकथा का आयोजन पुजनीय संत श्री जियर स्वामी जी महाराज की अगुवाई में आयोजित किया जा रहा है। जिससे विभिन्न क्षेत्रों से विद्वान आचार्य व पंडित अपने प्रवचन से बुलंदबिघा की धरती को पावन करेंगे। 24 मई को भव्य कलश जल यात्रा निकाली जाएगी। मौके पर यज्ञ कमेटी के उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, जय प्रकाश उपाध्याय, किसान तिवारी, राजीव रंजन कुमार सिंह उर्फ डबल सिंह, राहुल उपाध्याय, विशाल गिरी, समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

पुलिस ने चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : हरिहरगंज थाना पुलिस व सीमावर्ती बिहार के अंबा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर घूम-घूम कर चोरी की घटना को अंजाम देनेवाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। और कांड में चोरी गए अनाज तथा सामानों की बरामदगी की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों में अनिल पासवान पिता स्व0 परिखा पासवान, टुन्ना पासवान पिता भीम पासवान दोनों ग्राम डुमरी थाना अंबा संतोष पासवान पिता प्रकाश पासवान ग्राम पिलछी थाना दाउदनगर छोटु कुमार पिता विदेशी पासवान ग्राम बैजल थाना अंबा आनंद साव डुमरी थाना अंबा सूबेदार पासी पिता चलितर पासी ग्राम डुमरी थाना अंबा जिला औरंगाबाद बिहार का नाम शामिल

है। पुलिस ने इनके पास से ताला काटने वाले औजार और चोरी में प्रयुक्त टेम्पो भी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोग हरिहरगंज के 7 कांड जबकि बिहार के अंबा थाना के 2 कांड एवं देव थाना के 3 कांडों में में वांछित हैं।

डाल्टनगंज से रेनुकूट के बीच चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान, अबतक का सबसे बड़ा राजस्व की हुई वसूली

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : डाल्टनगंज रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से रेनुकूट के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में रिकॉर्ड 267 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से अबतक का सबसे बड़ा राजस्व एक लाख 50 हजार 900 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी श्री पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से अबतक का सबसे बड़ा टारगेट एचीव करने में सफलता हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि इसके पहले अभीतक न तो इतने अनाधिकृत यात्रियों को बेटिकट यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया था और न ही इतनी बड़ी राशि

(राजस्व) की वसूली हो पाई थी। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

जनता शिवरात्रि कॉलेज परिसर में सांसद ने किया उद्घाटन बोले, ज्ञानवर्धक है प्रदर्शनी

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा युवा उत्सव के मौके पर 14 मई को नेहरू युवा केंद्र पलामू के सहयोग से जनता शिवरात्रि कॉलेज परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद श्री विष्णु दयाल राम के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सांसद महोदय को केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रकाशित न्यू इंडिया समाचार की हालिया प्रति भी भेंट की गई। सांसद में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी काफी ज्ञानवर्धक है इसमें पलामू के स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में श्री अन्न (मोटा अनाज) के बारे में प्रकाशित जानकारी देखकर सांसद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के मौके पर यह जानकारी लोगों को जागरूक करेगी। इस दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सांसद महोदय को प्रदर्शनी की विशेषताओं के बारे में बताया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए सभी लोगों को न्यू इंडिया समाचार की प्रतियां भी भेंट की गई साथ ही साथ उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके पर जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्राचार्य श्री आर पी सिंह, नेहरू युवा केंद्र पलामू की जिला युवा अधिकारी सुश्री कंचन कुमारी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, सीबीसी डाल्टनगंज के सुफल भेंगरा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से किया गया। युवा उत्सव के दौरान झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा युवा उत्सव के मौके पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

निखिल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय लामीपतरा के दो छात्रों ने आरबीआई द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी में प्रखंड में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद ठाकुर ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले निखिल पटनायक को पांच हजार का पुरस्कार तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नितिन कुमार को तीन हजार की पुरस्कार राशि दी गई। कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में मानसिक व शैक्षणिक विकास होता है। कहा कि उनकी प्रतिभा में निखार आता है। मालूम हो कि वित्तीय साक्षरता क्विज का आयोजन उच्च विद्यालय चैनपुर में किया गया था।

पीवीटीजी पाठशाला से बदल रही आदिम जनजाति के बच्चों की तस्वीर

- राष्ट्रीय स्तर पर पलामू के पीवीटीजी पाठशाला का चयन
- जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिल्ली में देंगे प्रजेंटेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र मनातू में पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से स्थानीय आदिम जनजाति के बच्चों की तस्वीर बदलती हुई दिखायी दे रही है.कभी ये बच्चे किताबों से कोसो दूर रहते थे लेकिन आज ये बच्चे किताबों से दोस्ती कर शिक्षा की ओर अग्रसर हैं। जंगलों एवं कठिन भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले इन बच्चों में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से उड़ान परियोजना के अंतर्गत संचालित पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है। इसके

जरिये बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने, उनमें बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने तथा पढ़ने-लिखने की आदत और रुचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम भी आये हैं जिसका असर ये है कि वर्तमान में 411 बच्चे इस पाठशाला से जुड़कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं साथ ही समय-समय पर बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बनाए रखने के लिए पाठशाला किट का वितरण भी किया जाता है।ज्ञातव्य है कि विगत दिनों उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले के कई सूदूरवर्ती क्षेत्र जैसे मनातू के कुंडिलपुर, करमा पाल्हे और रामगढ़ आदि का दौरा कर आदिम जनजाति के लोगों को मुख्य धारा में लाने का आश्वासन दिया था। जिसके मद्देनजर उपायुक्त श्री दोड्डे के निर्देश पर जेएसएलपीएस कि ओर से उड़ान प्रोजेक्ट के तहत आदिम जनजाति के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु जिले के कई इलाके में पीवीटीजी पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसका सुखद परिणाम यह रहा कि दिल्ली में प्रजेंटेशन के लिए पलामू का चयन किया गया है जहां झारखंड की ओर से जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिल्ली में आगामी 18 व 19 मई को केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के समक्ष प्रजेंटेशन देंगे,जहां पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से किये गए बेहतरीन प्रयास को पटल पर रखा जाएगा।

पशुशेड के नाम पर वीडियो ने दर्जनों ग्रामीणों से लिया पैसा : पूर्व मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : सगमा बीडीओ द्वारा प्रखंड के चैनपुर, घघरी, झुनका व मकरी ग्राम के कई ग्रामीणों से पशु सेड के नाम पर अबैध राशि लेकर उन्हें पशु शेड नही दिया गया.उक्त आशय की जानकारी पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के बाद रविवार को उक्त गांवो में जाकर ग्रामीणों से मिलकर लौटने के बाद चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस को जानकारी देते हुये जिले के उपायुक्त से ग्रामीणों से बीडीओ द्वारा ली गई राशि वापस कराने व जिन ग्रामीणों से अबैध राशि ली गई है उन्हें पशु शेड दिलाने की मांग किया है। केशरी ने बताया कि चैनपुर ग्राम की सरस्वती देवी पति रामकुमार कुशवाहा, सबिता देवी पति शिवकुमार कुशवाहा, सुशीला देवी

पति संतोष कुमार, सतीश कुशवाहा पिता चन्द्रमन कुशवाहा, विकेश कुशवाहा पिता चन्द्रमणि कुशवाहा से 15-15 हजार रुपये पूर्व मुखिया विनोद राम के माध्यम से बीडीओ को दिये हैं। वहीं संतोष ठाकुर पिता विनोद ठाकुर ने राममूरत के माध्यम से प्रमुख के खाते में 13000 रुपये, तारा देवी पति रामेश्वर ठाकुर ने दिनेश ठाकुर के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 15 हजार रुपये दिये हैं। दिनेश कुशवाहा पिता विनोद कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से 13 हजार रुपये, मीना देवी पति उदय कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 13 हजार रुपये दिये है.इसी तरह घघरी ग्राम के एक दर्जन ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम,प्रमुख अजय साव के माध्यम से बीडीओ को 10-15 हजार रुपये अबैध रूप से पशु शेड के नाम पर दिया है. मकरी ग्राम के ग्रामीणों ने भी पशु शेड के लिये पूर्व मुखिया पति इसहाक अंसारी के माध्यम से अबैध राशि दिया है। मकरी में 16 योजनाओं का कोडिंग हुआ है लेकिन लाभुको को कार्य प्रारंभ करने के लिये अभी तक राशि नही दिया गया है.इसके अतिरिक्त चैनपुर ग्राम निवासी भगवान यादव, अर्जुन गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, बुधु राम, बेनी यादव ने भी प्रमुख के माध्यम से सगमा बीडीओ को 13-13 हजार रुपये दिये हैं। मौके पर मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सुनील कुमार, रमेश प्रसाद, दिनेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

सड़क पर कट्टा का भय दिखाकर लूटपाट करने वाले अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लंगरकोट व बंशी बीघा गाँव के समीप अगामी 27/4/2023 बुधवार की रात अपराधियों ने कट्टा का भय दिखाकर दो रहगिरो से बाइक मोबाइल व नगद रुपये की लुट की थी इस संबंध मे थाना क्षेत्र के जमुआ गाँव निवासी बिगन राम ने हुसैनाबाद थाना मे दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। आवेदन में लिखा था कि शादी समारोह मे शामिल होकर अपने भांजा के साथ अपने घर लौट रहा था। इसी बीच दो युवक एक प्लसर बाइक से हमारी बाइक को ओवर टेककर कट्टा का भय दिखाकर हमारी पैशन बाइक जिसका नंबर जे एचओ 3 जी, 4500, दो मोबाइल और बाइक की डिक्की मे रखे नगद पाँच हजार रुपये लुट कर भाग

निकले। लुट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड मे आ कर लुटेरों के खिलाफ छापेमारी शुरू कर दी गई थी इस संदर्भ में हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कांड संख्या 92/23 धारा 356/382 भा0 द0 वि 0 के तहत एक टीम गठित कर अपराधी (1) लवकुश कुमार उर्फ गोलू कुमार उम्र 19 बर्ष पिता राकेश राम गांव सरहु टोला जरहीपर थाना हैदनगर (2) आकाश कुमार सिंह उर्फ गोलू कुमार सिंह उम्र 24 बर्ष पिता आनंद कुमार सिंह गांव महुअरी टोला टीकर पर थाना हुसैनाबाद दोनों पलामू जिला निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अपराधियों के पास छिना गया समान पुलिस किया बरामद हिरो होण्डा Jho xG-4500 मोटरसाइकिल इन्फिनिक्स कम्पनी का मोबाइल, रेडमी कम्पनी मोबाइल, एक नाली बंदुक एक तेज धार वाली चाकू पांच पीस कम्बाइंड वर्दी चार पीस कम्बाइंड टी शर्ट टोपी दो काला गमछा एक बेल्ट बरामद किया मौके पर छापामारी दल में शामिल हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान, एस आई सौरभ कुमार अनुसंधानकर्ता बादल मुर्मू, हवलदार राजमोहन राम, शंकर राम, पंचानंद प्रसाद सिंह, नन्दकेशवर राम शामिल थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

72 पुलिसकर्मियों को एसीपी और एमएसीपी का मिलेगा लाभ

रांची। राज्य के 72 पुलिसकर्मियों को एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (एसीपी) और मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (एमएसीपी) का लाभ मिलेगा। केंद्रीय चयन परिषद की बैठक में हवलदार रैंक के 89 पुलिसकर्मियों के नाम पर चर्चा हुई। इनमें राज्य के 72 पुलिसकर्मियों को एसीपी और एमएसीपी योजना के लाभ की स्वीकृति दी गयी। बाकी 17 पुलिसकर्मियों को अन्य कारणों के वजह से एसीपी और एमएसीपी योजना का लाभ नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति के पूर्व अनिवार्य प्रोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का प्रावधान किया गया है।

सभी प्रखंडों में होगा ग्राम प्रधान संघ का गठन : उमेश बड़ाईक

रांची : रांची जिला अंतर्गत कांके सरना स्थल में कांके प्रखंड कमेटी का गठन ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाईक की अध्यक्षता में रविवार को किया गया। इस अवसर पर सर्व समिति से ग्राम प्रधान संघ के कांके प्रखंड अध्यक्ष के तौर पर राम लगन मुंडा को चुना गया। इसके अलावा महासचिव तरुण पाहन, उपाध्यक्ष सुरेश पाहन, विजय उरांव, सचिव अजय कुमार पाहन, कोषाध्यक्ष देवनाथ मुंडा, संजोजक राम किशोर उरांव, कार्यकरणी सदस्य बोधन उरांव, महावीर मुंडा, अरुण मुंडा, दीपक पाहन, सोमा उरांव, सतीश तिग्गा, शिव शंकर मुंडा, अनिल उरांव, रघु मुंडा, मनी पाहन, महली उरांव, रमेश उरांव, नरेंद्र मुंडा को चुना गया। इस अवसर ग्राम प्रधान संघ के रांची जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने कहां अगर ग्राम प्रधान को राज्य सरकार शक्तियां नहीं देती है तो बड़ा आंदोलन देखने को मिलेगा। पूरे रांची में सभी प्रखंड के कमेटी का गठन जल्द किया जाएगा इसकी तैयारी अंतिम चरण पर है। मौके पर विजय पाहन, संतोष बड़ाईक, ननकु मुंडा, रंथु पाहन आदि उपस्थित थे।

झारखंड में अभी सताएगी गर्मी कुछ हिस्सों में बारिश के आसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में भीषण गर्मी के सितम से लोग परेशान हैं। तेज धूप अब झुलसाने लगी है। बढ़ती तपिश से पसीने छूट रहे हैं। ऐसे में लोगों को अब बारिश की दरकार है। हालांकि, रांची स्थित मौसम विभाग ने झारखंड के कई जिलों में अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना जताई है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि रांची समेत आसपास के जिलों में गर्मी से राहत अभी नहीं मिलने वाली है। उन्होंने बताया कि रांची में 15 मई से 20 मई तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अगले दो से तीन दिन में धीरे-धीरे (2-3) डिग्री की वृद्धि हो सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक इस गर्मी से संथाल परगना के लोगों को राहत मिल सकती है। 16 से 18 मई तक संथाल परगना के कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। इसका असर कोल्हान के कुछ हिस्सों में भी हो सकता है। राजधानी और आसपास के इलाकों में 18 मई तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान बारिश का अनुमान नहीं है। मौसम विभाग केंद्र के अनुसार राज्य के 15 जिले ऐसे हैं, जहां का तापमान 35 डिग्री के पार हो गया है। इनमें रांची, जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो, देवघर, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, पाकुड़, रामगढ़, साहिबगंज, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम हैं।

रांची में एटीएस की छापेमारी में विधायक प्रतिनिधि की हत्या में शामिल दो बदमाश गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने रविवार को भोला पांडेय गिरोह के दो शातिर बदमाशों पुंदाग ओपी क्षेत्र के पतरातू निवासी सुभाष कुमार सिंह उर्फ बाघा और मोहम्मद इरशाद को गिरफ्तार किया है। दोनों बीते महीने रामगढ़ जिले के पतरातू में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बिदिका बाउरी की हत्या और हरदेव निर्माण फायरिंग मामले में शामिल थे।

एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुंदाग इलाके में गिरोह के दो अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। जानकारी के अनुसार अब तक की छापेमारी में दो लाख नकदी, सात मोबाइल बरामद किया गया है। इस संबंध में एटीएस की टीम ने दो युवकों और युवती से पूछताछ की। पूछताछ के बाद दोनों युवकों को साथ ले गई है जबकि युवती को छोड़ दिया गया। ये लोग पुंदाग इलाके में स्थित एक मकान में किराये पर रह रहे थे। मकान मालिक का नाम उमेश बताया जा रहा है, जो बिहार के पटना में नगर निगम से रिटायर्ड अधिकारी बताए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती में बीते 25 फरवरी की रात अज्ञात अपराधियों ने बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

नियति अग्रवाल ने 12 वीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची हरमू रोड में रहने वाली नियति अग्रवाल ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 12वीं में 99त्न अंक अर्जित करते हुए सिंधिया स्कूल तथा ग्वालियर (भोपाल और एमपी) में टॉप किया है। नियति ने अपनी 12वीं की परीक्षा सिंधिया कन्या विदयालय , ग्वालियर मध्य प्रदेश से पूरी की हैं। उसने अपनी 10वीं की पढ़ाई रांची के संत थॉमस स्कूल, डोरंडा, रांची से की हैं , और वो 10वीं में भी स्कूल टॉपर रह चुकी हैं. नियति ने अर्थशास्त्र, एकाउंट्स और बिजनेस स्टडीज़ में पूरे 100 अंक प्राप्त किए हैं और वह एकाउंट्स में 100 अंक लेने वाली सिंधिया स्कूल की प्रथम लड़की हैं।

करमा उरांव का मेदांता अस्पताल में निधन, सीएम ने जताया दुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आदिवासी समाज के प्रख्यात मानवशास्त्री और शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव (72) का निधन रविवार सुबह मेदांता हॉस्पिटल में हो गया। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आईसीयू में उन्होंने अंतिम सांस ली। सरना धर्म कोड सहित झारखंड के कई मुद्दों पर वह अपना पक्ष मजबूती के रखते थे। वह मानवशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन, एकीकृत बिहार में बीपीएससी के सदस्य भी थे। वे 12 से अधिक देशों का भ्रमण कर दुनिया का मार्गदर्शन कर चुके थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ करमा उरांव के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि उनका जाना आदिवासी समाज सहित झारखंड, भारत और पूरी दुनिया के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के कारण वे हमेशा सबके दिलों में अजर अमर रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ करमा कई विषयों पर उनका मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की इस विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में मदर्स डे का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा रविवार 14 मई को डोरंडा कन्या पाठशाला प्रांगन में मदर्स डे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर माताओं के लिए बिभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमे सभी माताओं ने अपने बच्चों के साथ मिल कर भाग लिया । मोस्ट क्रिएटिव मदर के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 माताओं ने अपने चित्र के माध्यम से अपने बच्चों को लेके उनके क्या सपने हैं को उकेरा । दूसरे प्रतियोगिता में सुपर मदर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं बेस्ट मदर, बेस्ट ड्रेस्ड, मोस्ट टैलेंटेड का भी चयन किया गया । इस अवसर पर सभी माताओं ने रैंप पर चल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मंगवाया । कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि एवं निर्णायक के रूप में शालिनी विजय, प्राचार्य गुरुगोविंद सिंह, स्कूल रांची एवं सुनीता सराफ, फिटनेस ट्रेनर एवं फीमेल फिटनेस मंत्र की फाउंडर मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रजनी कुमारी के द्वारा किया गया । इस अवसर में संस्था के निदेशक धनंजय कुमार, कलाकृति संस्था की उपनिदेशक रजनी कुमारी, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार एवं आरती, शिखा, शीतल, रिंकी, अमीषा, ईशा, जया, निजात, अर्चना, सुमन एवं मनस्वी आदि का सहयोग रहा ।

पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह पुष्पेंद्र पाल पर हुई परिचर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष और पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष व रोजगार और निर्माण अखबार के संपादक दिवंगत प्रोफेसर पुष्पेंद्र पाल सिंह का निधन मार्च 2023 में हो गया था । उनकी याद में देश के विभिन्न हिस्सों में दिवंगत पीपी सिंह के छात्र-छात्राओं जो पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं सभी रांची पहुंचे। द रांची प्रेस क्लब में एकत्रित हुए और प्रोफेसर पुष्पेंद्र पाल सिंह स्मृति सभा परिचर्चा मीडिया शिक्षण व मीडिया के मानकों की प्रसंगिकता पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक थे द रांची प्रेस क्लब और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थीगण। कार्यक्रम की अध्यक्षता द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। इस मौके पर रांची, भोपाल, बिहार सहित कई राज्यों के पत्रकार उपस्थित हुए । प्रो पुष्पेंद्र पाल सिंह से जुड़ी उनकी यादों को ताजा किया और बेहतर पत्रकारिता करने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ देव्रत सिंह प्रोफेसर डीएमसी सीयूजे, विष्णु राजगढ़िया, डॉ कृति सिंह, मिथिलेश झा, मोहम्मद अखलाक, कुमार गौरव, प्रभात गोपाल झा ,मनोज शर्मा,संदीप , धर्मेंद्र, संजीव सहित द रांची प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू , कार्यकारिणी सदस्य मानिक बॉस, संजय रंजन, सुनील सिंह, परवेज कुरेशी एवं अन्य पत्रकार गण और फोटोजर्नलिस्ट उपस्थित हुए ।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आइआइटी एल्युमनी एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर के मार्गदर्शन में जैप - दस योगा - सह आर्ट ऑफ लिविंग वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमे मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक तारिक खान और रविन्द्र वर्मा ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से संजय आनंद लाटकर, अल सिन्हा, सीएम चुग, डॉ राजीव, रुपाली मणि आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम से करीब 300 पीटीसी प्रशिक्षु और जैप-दस के पदाधिकारी एवं कर्मी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के सफल संचालन में जैप-दस के समादेष्टा धनन्जय कुमार सिंह, डीएसपी सुमन गिनी नाग, तारामणि बाखला, हेलेन सोय, और अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने योगदान दिया।

नाय चलतो महा जनआंदोलन को मिला पक्ष-विपक्ष का समर्थन : देवेंद्र नाथ महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख क्रांतिकारी छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के दिशा निर्देश पर 60/40 हकमार नियोजन नीति वापस कर खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति की मांग को लेकर 10 मई से 11जून तक 31 दिवसीय तीन चरणों का महा जनआंदोलन का ऐलान किया गया है।

जिसका प्रथम चरण 10 मई से 25 मई तक 15 दिवसीय विधायक/सांसद समर्थन प्राप्त अभियान सभी 81 विधयकों और 14 सांसदो से स्थानीय लोगों के सहयोग से समर्थन प्राप्त किया जाना है।प्रथम चरण अभियान के चौथे दिन क्रान्तिकारी सुमित महली, सुमित कुमार महतो, राजेश बैठा, अंगत नायक, राजकमल, भुटकुमार, अमर नायक, झारखंड आंदोलनकारी लखींद्र महतो, पप्पू, मुकेश, जीतलाल, गौतम, जय, रोहित, सुरेश, चंदन, अरविंद, विदेश्वरी, संजय, इत्यादि स्थानीय लोगों के नेतृत्व में अपने सत्ताधारी खिजरी विधायक सह सरकार सचेतक राजेश कच्छप से लिखित समर्थन प्राप्त किया गया तथा हजारीबाग के छात्र नेता संजय मेहता, महेंद्र प्रसाद, किष्टु बेसरा, बीरेंद्र कुमार, संजीत सिंह, पवन कुमार यादव, प्रदीप मुंडा, विजेंद्र कुमार, सिकंदर, रंजीत, किशोर, आकाश, पवन, राकेश, पिंटू, रिंकू, उपेंद्र, निखिल, किशोर, दिनेश स्थानीय लोगों के नेतृत्व में अपने मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल से लिखित समर्थन प्राप्त किया गया और पप्पू यादव, विकास, किशोर, शिव, रंजीत अन्य स्थानीय लोगों के नेतृत्व में अपने सिमरिया विधायक किशुन दास से लिखित समर्थन लिया गया।

मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस की दी शुभकामनाएं

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मातृ दिवस पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि मां त्याग, स्नेह और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है। मां की ममता, उसके आशीर्वाद, संकल्प और विश्वास में अभूतपूर्व शक्ति होती है।

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लूट की हो उच्चस्तरीय जांच : दीपक प्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में हुए व्यापक घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार में बच्चियों की न जान सुरक्षित है, न इज्जत और न ही उनके पैसे सुरक्षित हैं। किशोरी समृद्धि योजना में राज्यभर में हुए घोटाले के संबंध में मीडिया में छपी रिपोर्ट पर प्रकाश ने कहा कि जहां की अनियमितताएं आज उजागर हुई हैं।

यह मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र का जिला है। जिस क्षेत्र की जनता ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के लायक बनाया उस जिले, विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी इतने दुस्साहसी और भ्रष्ट हैं तो फिर पूरे राज्य की क्या स्थिति होगी। उन्होंने कहा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लूट में जिस पदाधिकारी का नाम आ रहा वो आज जमीन घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई के तहत जेल में है। प्रकाश ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के इस प्रकार के घोटाले नहीं हो सकते। किशोरी समृद्धि योजना का घोटाला केवल एक जिले में नही बल्कि सभी जिलों में हुए हैं। इसलिए इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

सनातन वैदिक और इस्लाम धर्म दोनों भलाई का संदेश देते हैं : शंकराचार्य

इंसानों को इंसान से जोड़ने का नाम है पयामे इंसानियत : मौलाना बिलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : हिंदू मुस्लिम अगर एक दूसरे के धर्म को जान ले या समझ ले तो कोई लड़ाई नहीं हो सकता। आज लोग दूसरे धर्म तो दूर की बात अपने धर्म को भी नहीं जानना और समझना चाहते हैं। और ऐसे लोगों से शांति और भाईचारे को नुकसान पहुंच रहा है। आज जरूरत है पैगंबर मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलने की। इस्लाम धर्म क्षमा देने का धर्म है। अल्लाह फसाद, लड़ाई झगड़ा करने वालों को पसंद नहीं करता। उक्त बातें स्वामी लक्ष्मी शंकराचार्य संस्थापक हिंदू- मुस्लिम जन एकता मंच ने कही। वह रविवार को दारुल उलूम इस्लामनगर जारी बाना पीढ़ी में पयामें इंसानियत कन्वेंशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। स्वामी शंकराचार्य ने आगे कहा के आज जरूरत है तन के साथ मन को भी साफ रखने का। सनातन वैदिक धर्म और इस्लाम धर्म दोनों भलाई का संदेश देते हैं। वहीं ऑल इंडिया

पयामे इंसानियत फोरम के महासचिव सह नदवतुल उलेमा लखनऊ के चांसलर हजरत मौलाना सैयद बिलाल हसनी नदवी ने अपनी अध्यक्षीय संबोधन में कहां के आज मानवता का संदेश के लिए हर व्यक्ति को हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई को काम करना हैं। इस मुल्क में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को अगर तकलीफ होती है तो पूरे इंसानियत को तकलीफ होती है। हमारे जिंदगी से दूसरों को फायदा पहुंचे, इसके लिए काम करना है। नशाखोरी बढ़ती जा रही है। इसलिए हर एक व्यक्ति को भलाई को आम करने के लिए काम करना है। पयामे इंसानियत का मकसद गलत को गलत कहा जाए। झूठ को झूठ कहा जाए। इंसानियत का कमीशन मोहब्बत का मिशन है। आज समय कितना बदल गया कि कोई एक आदमी किसी को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता। ऐसा क्यों हो रहा है? आइए हम सब मिलकर मोहब्बत को बांटे, नफरत को खत्म करें।

रांची नगर निगम में 30 मई तक त्रुटि का निराकरण करा लें जन्म प्रमाण पत्र के आवेदक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची नगर निगम ने जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में कहा है कि 18 से 29 अप्रैल की अवधि के बीच एक वर्ष से अधिक आयु के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने को आवेदकों ने आवेदन किया था। ये ऐसे संबंधित बच्चों के प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन हैं, जिनका एक साल की अवधि के भीतर प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा सका है। अब ऐसे में इन आवेदन पत्रों को कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची से अनुमोदन के बाद निबंधित कराया जाना है लेकिन ऐसे आवेदन पत्र किन्हीं त्रुटियों और अन्य कारणों से बगैर अनुमोदन के ही निगम के पास वापस आ गया है। ऐसे में इसके आवेदक 30 मई तक अपने आवेदन को निगम कार्यालय आकर संबंधित कर्मचारी के सहयोग से त्रुटि का निराकरण करा लें। ऐसा नहीं किए जाने पर 30 मई के बाद इस प्रकार के आवेदन पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, सोमवार, 15 मई 2023 | पेज 4

मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को के अभिषेक व रोहित 97.2 अंक लाकर बने एकेडमी टॉपर

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : आईसीएसई के द्वारा दशवी बोर्ड परीक्षा में मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को एकेडमी के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः परचम लहरायें. 2022 -23 सत्र में एकेडमी के कुल 112 छात्र - छात्राएं परीक्षा में शामिल हुये. परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास होकर एकेडमी का नाम रौशन किये. वही विद्यालय के छात्र अभिषेक कुमार व रोहित कुमार सिंह 97.2 प्रतिशत अंक लाकर एकेडमी टॉपर रहा. वही हिमांशु कुमार 97 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहा. अभिषेक कुमार 96.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहा.एकेडमी के इस वर्ष 38 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है. जबकि 50 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 19 विद्यार्थी 70 प्रतिशत से अधिक अंक व 5 विद्यार्थी 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है. विद्यालय के 10 टॉपर विद्यार्थियों में रोहित कुमार सिंह,अभिषेक कुमार 97.2 प्रतिशत, हिमांशु कुमार 97 प्रतिशत,अभिषेक कुमार 96.8प्रतिशत, आयुष रंजन यादव 96.4 प्रतिशत,संजीत कुमार गुप्ता 96.4 प्रतिशत, अभिषेक कुमार गुप्ता 96 प्रतिशत,साक्षी कुमारी 95.8 प्रतिशत,मयंक गिरी व अंकित कुमार तिवारी 95.4 प्रतिशत, ईशान सिंह 94.8 प्रतिशत अंक लाने में सफल रहे. बताना चाहते है कि 38 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है. इस दौरान एकडेमी के प्रधानाचार्य टीडी जोशी ने कहा कि एकेडमी से 112 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी अंक लाकर सफलता हाशिल किये है. विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन रहा. विद्यार्थियों का सफलता का का हकदार पूरा विद्यायल टीम का है. बोर्ड परीक्षा ने सफलता हाशिल किये हुए सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया.

गीता ज्ञान कार्यक्रम के दूसरे सप्ताह में 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा संकल्पित गीता ज्ञान कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गीता के पहले अध्याय के श्लोक संख्या 16 से श्लोक संख्या 30 तक का पाठ एवं विचार मंथन किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें विशेष रूचि दिखाई। इस कार्यक्रम में गीता ज्ञान कार्यक्रम के संयोजक गजानंद पाठक, महासंघ के उपाध्यक्ष चंदन मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, के साथ ही साथ शिक्षक साकेत पाठक एवं दीपक वर्णवाल ने अपने विचार व्यक्त किए और गीता अध्ययन की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साकेत पाठक ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा का ज्ञान होना चाहिए। इस कार्यक्रम में विवेकांनद प्रा. आई टी आई,, सेंट कोलंबा महाविद्यालय, शिक्षा निकेतन उच्च विधालय, होली क्रॉस विद्यालय, अन्नदा उच्च विधालय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम सांयोजक गजानंद पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को विवेकांनद प्रा आई टी आई में चलेगा जिसमे सभी समाज के विद्यार्थी को अपने प्रश्न एवं विचार व्यक्त कर सकते हैं।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने सिल्ली थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र सौंपा

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सिल्ली थाना के प्रभारी आकाशदीप को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम के द्वारा सिल्ली प्रभारी को इनकी सत्य निष्ठा, लगनशीलता, धैर्य एवं सूझबूझ के साथ किए गए सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। ज्ञात हो कि 9 मई को गोडाडीह पंचायत के मुखिया के पति श्रवण मुंडा की हत्या पड़ोस के रहने वाले सिरफिरे युवक ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी।

मातृ दिवस पर गौशाला में गौ माता का किया सेवा

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने मातृ दिवस के पावन दिन पर अपनी जन्मदाता मां की सेवा करने के उपरांत शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को गुड़, चोकर सहित अन्य सामग्री खिलाकर उनकी सेवा किया। उनके साथ उनकी जन्मदाता मां सुधारानी जैन भी मौजूद रही उन्होंने भी गौ माता की सेवा किया। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि मातृ दिवस पर मातृशक्ति की सेवा के साथ गौ माता कि सेवा कर मन काफी प्रसन्न हुआ है मैंने अपनी जीवनशैली में दो मां को माना है। एक जन्मदाता और दूसरी गौ माता। दोनों को प्रणाम कर अपनी दिन की शुरुआत करता हूं।

वरिष्ठ श्रमिक नेता सह समाजसेवी का हुआ निधन सदर विधायक ने जताया गहरा शोक

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देशवरी दुबे के रिश्ते में नाती लगने वाले हजारीबाग के बेहद लोकप्रिय रहें वरिष्ठ श्रमिक नेता सह समाजसेवी सह हजारीबाग माइंस बोर्ड के पूर्व चेयरमैन रामकुमार ओझा का करीब 75 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। राजकुमार ओझा अपने छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े रहे। साल 1973 में संत कोलम्बा कॉलेज में अध्यक्ष बनने के बाद राजनीति में कदम रखा। इन्होंने कांग्रेस पार्टी से जुड़कर बतौर सदस्य कार्य किया। पर इनका संबंध स्व. राजीव गाँधी, स्व. संजय गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडेय, भारत सरकार में गृह मंत्री उमाशंकर दीक्षित, भारत सरकार में रेल मंत्री स्व. कमला पति त्रिपाठी से रहा था। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिन्देशवरी दुबे के बेहद करीबी माने जाते थे। ये रेलवे बोर्ड और हाउसिंग बोर्ड के सदस्य भी रहे थे। एक बेहद लोकप्रिय श्रमिक (मजदूर) नेता के रूप में इन्होंने अपने कर्मो से पहचान बनाई थी। बड़कागांव से इन्होंने कांग्रेस के टिकट से चुनाव भी लड़ा था। इनके रुतवा का उस वक्त तूती बोलता था। हजारीबाग से देश की राजधानी दिल्ली तक राजनीतिक गलियारों में इनकी खासा पैठ हुआ करती थी। माइंस बोर्ड के चेयरमैन रहते हुए इन्होंने सामाजिक, धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई और जरूरतमंदों को हरसंभव मदद भी पहुंचाया। बेहद तेज- तर्रार होने के साथ बोल्ड अंदाज़ और समाज के प्रबुद्ध जनों से ये बेहद लगाव रखते थे। कालांतर में इनकी मानसिक स्थिति और शारीरिक स्थिति में व्यापक बदलाव आया और खुद में ही खोने लगे। राजकुमार ओझा मूलतः हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम कंडसार के निवासी थे लेकिन हजारीबाग मेन रोड़ स्थित यूनियन बैंक के पीछे आवास में रहते थे। इनके निधन के बाद इनके पैतृक गांव कंडसार में इनके शव को पंचतत्व में विलीन किया गया। इनके बडे पुत्र अभिनाश ओझा उर्फ गुड्डू ने मुखाग्नि दिया।

विश्व मातृत्व दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में सोशल मीडिया में ऑनलाइन विश्व मातृत्व दिवस मनाया गया द्य इस अवसर पर प्रधानाचार्य कहे कि अपनी माता को जीवन भर सभी बच्चे सम्मान देते हुए,उनके योगदान का सराहना करते रहें जिससे मां और परिवार का आपस में संबंध हमेशा के लिए बना रहे द्य इसके साथ विभिन्न बिंदुओं को अवगत कराएं द्य इस अवसर पर बच्चों के बीच ग्रीटिंग कार्ड एवं बुके बनाओ प्रतियोगिता करायी गयी द्य जिसमें प्रीति कुमारी,खुशी कुमारी और सुप्रिया कुमारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा द्य उत्कृष्ट सभी बच्चों को ग्रीष्मावकाश के बाद सम्मानित किया जाएगा द्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के ग्रुप लीडर सहित विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु का सराहनीय योगदान रहा ।

बर्लिन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड में लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : बर्लिन पब्लिक स्कूल कांके रोड का 10वीं के बच्चो ने शुक्रवार को जारी हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल के साथ-साथ अपने अभिभावकों का मान सम्मान को बढ़ाया है। विद्यालय के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 58 छात्रों में स्कूल टॉपर ऋषभ राज 80 प्रतिशत दूसरा स्थान तानिया सिंह 79.2 प्रतिशत और तीसरे स्थान में सामिया परवीन 76.2 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल टॉपर रही। इस संबंध में विद्यालय के चेयरमैन सह निदेशक डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि हमारे विद्यालय से कुल 58 विद्यार्थी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें सभी बच्चों ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का मान सम्मान बढ़ाया है। सभी छात्रों को सफलता पर बधाई दिए।और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।अगले वर्ष इससे भी बेहतर करने के लिए भी शुभकामनाएं दिए। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत मार्गदर्शन के साथ-साथ बच्चों की कड़ी लगन मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र बिना ट्यूशन एवं बाहरी मदद से इस परिणाम प्राप्त किए हैं।उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि इस विद्यालय में क्षेत्र से मध्यमवर्गीय परिवार से पढ़ने आते हैं। ऐसे परिवार के बच्चों को नामी-गिरामी विद्यालयों में पढ़ाना मुश्किल है। क्योंकि उन विद्यालयों में महंगी फीस होती है। परंतु बर्लिन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सह निदेशक डॉक्टर बिरसा उरांव की अच्छी सोच, लगन,मेहनत का परिणाम है। कि गरीब गुरबा के बच्चों को भी सस्ती फीस लेकर बेहतर शिक्षा दी जा रही है।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्व सैनिकों ने किया वृक्षारोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय हजारीबाग के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम विंग कमांडर राजेश कुमार गुप्ता ÷रिटायर्ड÷ के नेतृत्व में किया गया। जिसमें चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह के पूर्व सैनिकों ने भी भाग लिया। इस मौके पर विंग कमांडर ने कहा कि विश्व में आने वाली आपदाओं को वृक्षारोपण के सहायता से ही रोका जा सकता है साथ ही वृक्षों पर ही हमारा संपूर्ण जीवन निर्भर करता है वही पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने कहा कि हम लोगों को वृक्ष की उपयोगिता और महत्ता के बारे में युवा पीढ़ी को बार बार बताना होगा साथ ही वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ÷रिटायर्ड÷ पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, जिला सचिव अजीत सिंह, उप सचिव सुरेश दांगी, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव साहू, जिला अध्यक्ष डी डी सिंह, गिरिडीह जिला अध्यक्ष नवीन कांत सिंह, सचिव अमित रंजन, कोषाध्यक्ष आर के वर्मा, अशोक राना, अवध कुमार भारती, ज्ञान कुमार, आर केरकेट्टा, अनन्त कुमार, डी एस मुंडा, विजय मुंडरी, महेश प्रसाद, अशोक दांगी, रविन्द्र सिंह के साथ साथ कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

मातृत्व संसार के लिए एक वरदान है : रूचि कुजुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सीएनआई संत स्टीफन गिरजाघर, नया बस स्टैंड के पास सीएनआई महिला समिति और ईसाई समुदाय द्वारा मातृ दिवस (मदर्स डे)सह एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूचि कुजुर,सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार, मुख्य वक्ता पुरोहित ग्लोरिया डहँगा, अन्य अतिथि के रूप में पल्ली पुरोहित मनोज नाग,पुरोहित अरुण बरवा, पु अनिल जोजो,डिक्कन डा बिमल रेवेन, महिला समिति अध्यक्ष सरिता नाग उपस्थित थे। मदर्स डे का शुभारम्भ अहले सुबह मिस्सा पूजा के साथ सम्पन्न हुआ मिस्सा पूजा के बाद बच्चों ने माताओं को मदर्स डे का गीत गा कर और फूल देकर शुभकामनायें दिया।रूचि कुजुर ने अपने सन्देश में कहा की मातृत्व संसार के लिए वरदान है और इस वरदान को संजो कर रखने की आवश्यकता माताएँ मातृत्व के ताकत से परिवार और समाज को नई दिशा दे सकती है।मातृ दिवस के अवसर पर अनीषा होरो, अलीशान होरो, अमिता खलखो, अर्पिता सुरीन के नेतृत्व में डीसीवाईएम ने माताओं के लिए गीत गाया, क्विज प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता आयोजित किया गया।साथ में सबसे बुजुर्ग माताओं नोयल जेम्स, मतील्डा मरांडी, श्रीमती प्रबल, सुशीला मसीही, नॉमिता को सम्मानित किया गया और केक काटा गया।प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।मंच संचालन सरिता नाग ने किया। अंत में पल्ली पुरोहित ने माताओं के अच्छे स्वास्थ्य और सुंदर भविष्य लिए प्रार्थना किया और आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुषमा नाग, नलिनी रॉय, अल्का रेवेन, सी पन्ना, अर्चना धान, बिमला, इनज्योति कोंगाडी अपना सहयोग दिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में खलारी प्रखंड के 13 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसमे सरस्वती विद्या मंदिर डकरा, डॉन बॉस्को मैक्लुस्कीगंज, राज चिल्ड्रन एकेडमी डकरा, झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर, एसीसी हाई स्कूल खलारी और जेनेट एकेडमी हेसालोंग सहित अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया. भाग लिए गए विद्यालय के विद्यार्थियों में से कक्षा पंचम से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले एवं सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डकरा गायत्री शक्तिपीठ के परिजन शारदानंद उपाध्याय मिथिलेश प्रजापति,उपासना कुमारी, कृष्णा चौहान,शैलेश प्रसाद, राजू यादव,मुकेश यदुवंशी के द्वारा प्रमाण पत्र साहित्य सदवाक्य स्टीकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया. तत्पश्चात स्कूल के प्राचार्य को साहित्य एवं विशिष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया.

स्कूल के शिक्षक को साहित्य एवं विशिष्ट अध्यापक सम्मान से सम्मानित किया गया. समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे. वहीं डकरा गायत्री शक्तिपीठ के परिजनों ने बताया कि जिन जिन विद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र विद्यार्थियों को नहीं मिल पाया है उन सभी विद्यार्थियों को गर्मी छुट्टी के बाद हर विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को परीक्षा फल के अनुसार प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया जाएगा.

सोमवार बाजार के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : मैक्लुस्कीगंज के सोमवार बाजार मैदान परिसर के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. हनुमान चालीसा का पाठ करने में पुरोहित सुशांत पाठक के द्वारा पाठ कराया गया. सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर किया गया. जो कि प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को हनुमान मंदिर में किया जाएगा. हनुमान चालीसा का पाठ उपस्थित विश्वहिंदू परिसद सह बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण व नौजवान ने भाग लिया. इस दौरान मंदिर परिसर पर संध्या 6.30 दिप प्रज्वलित कर हनुमानजी का आरती व हनुमान चालीसा पाठ किया गया. मौके पर पंकज सिंह, साधना देवी,खुशी कुमारी,फूलकुमारी देवी, सत्यनारायण सिंह,राहुल सिंह, सूरज पासवान,रमेश गंझू, राजेन्द्र गिरि,रविन्द्र ठाकुर, दिनेश गंझू,हुलास गंझू, किशोर गंझू,लालो रजक,दशरथ गंझू सहित अन्य मौजूद थे.

मैकलुस्कीगंज में तीस मई को लगेगा गंगा दशहरा मेला

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : रविवार को रोबिशन बंगला लपरा में ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता आनंद मुंडा तथा संचालन रविन्द्र मुंडा ने किया।बैठक में इस वर्ष भी बघमरी स्थित दामोदर नदी में गंगा दशहरा मेला लगाने का निर्णय लिया गया। यह गंगा दशहरा दामोदर मेला 30 मई दिन मंगलवार को आयोजन किया जाएगा।इस मेला में खोड़हा टीमो द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।मेला के लिए पूर्व में बनी कमिटि के द्वारा ही संचालन किया जाएगा।बैठक में पवन कुमार साहू शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, पवन कुमार भगत, संदीप कुमार यादव, हेमलाल गंझू, विजय मुंडा, मनीष कुमार भगत, मनोज मुंडा ,विशेश्वर मुंडा, विजय मुंडा, विकास मुंडा, रविंद्र मुंडा, कुलदीप साहू, संजय मुंडा, दीपक मुंडा, आदि मौजूद थे ।

ईश्वर की साक्षात प्रतिमूर्ति होती है मां : सकलदीप भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

राँची : श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में सभी माताओं के सम्मान में मातृत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत के काट कर की गई। संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने मां के लिए आकर्षक ग्रीटिंग्स बनाकर कविता एवंके संगीत के माध्यम से मां के महत्व का बखान किया। एक स्वर में सभी छात्र छात्राओं ने सिर्फ आज के दिन ही नहीं अपितु प्रत्येक दिन माता-पिता के सम्मान देने की बात कही। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में कहा मां एक व्यक्ति नहीं अपितु पूरी दुनिया है मां ईश्वर की साक्षात प्रतिमूर्ति होती है उनके समर्पण, त्याग एवं सेवा भाव के ऋण को हम कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा मां की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है और मां हमेशा अपने बच्चों की बात कहे बिना ही आसानी से समझ जाती हैं। अच्छी परवरिश से लेकर सही मार्गदर्शन के रूप में हर वक्त वो साथ देती हैं। वैसे तो एक मां के लिए सभी दिन बराबर ही होते हैं, लेकिन मदर्स डे एक ऐसा दिन है जो सिर्फ मां के लिए समर्पित है। मौके पर सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 15 मई 2023 | पेज 5

अहसीन इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप आयोजित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मानगो स्थित अहसीन इंटरनेशनल स्कूल 8 मई से 13 मई, 2023 तक समर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमे छात्रों ने ट्रेंडी-वेंडी, कलर पॉप, रेन डांस, ड्रीम कैसल, माइंड वंडरलैंड आदि जैसी कई एक्टिविटी में भाग लिया। समर कैंप में बच्चों ने एक समृद्ध और पूर्ण अनुभव प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना द्विवेदी ने कैंप के समापन पर कहा, माता-पिता से अपने बच्चों की रचनात्मकता को पहचानने, पोषण करने और उसकी सराहना करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया।

खासमहल सदर अस्पताल में नवजात शिशुओं की माताओं को मिला सम्मान

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल, खासमहल में 50 नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को कपड़ो का किट देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी, डॉ बिमलेश और सदर अस्पताल की टीम का भी अमूल्य सहयोग रहा। मौके पर शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा माताओं और नवजात शिशुओं के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भविष्य में भी इस लक्ष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, सचिव अंशुल रिंगासिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, मेघा चौधरी, विजय सोनी, उत्कर्ष अग्रवाल व विनीत बोरा का योगदान रहा।

लू की चपेट में आये मुसाबनी में पदस्थापित शिक्षक का हार्ट अटैक से निधन

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): लू की चपेट में आये बोड़ाम प्रखंड की भूला पंचायत के दामोदरपुर गांव निवासी शिक्षक उत्तम कुमार सिंह का एमजीएम अस्पताल में इलाज के क्रम में रविवार की सुबह करीब 6 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे मुसाबनी प्रखंड स्थित माटीगाड़ा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अंग्रेजी विषय के शिक्षक के रूप में पदस्थापित थे। शनिवार को स्कूल से अपने घर लौटने के क्रम में लू की चपेट में आ गए थे। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में रात करीब 9 बजे एमजीएम अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों समेत शुभचिंतकों ने इस पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस संबंध में भूला निवासी कल्लोल कर्मकार ने कहा कि उत्तम सर काफी मिलनसार थे और वे छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय भी थे।

गम्हरिया में खुला नेचुरल थैरेपी सेंटर

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): गम्हरिया स्थित मेघराज टावर में नेचुरल थैरेपी सेंटर खोला गया जिसका उद्घाटन वरिष्ठ आजसू पार्टी नेता चंद्रगुप्त सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि नस संबंधित सभी प्रकार के बीमारियों के स्थाई इलाज में नेचुरल थैरेपी सेंटर कारगर साबित होगा। इस दौरान कई लोगों का नैचुरोपैथी विधि से निःशुल्क इलाज किया गया। मौके पर दुकान के संचालक रोहित कुमार व अजय कुमार ने बताया कि यहां गरीबों के लिए निःशुल्क नैचुरोपैथी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज यहां नैचुरोपैथी विधि से ही किया जाएगा। इस मौके पर मुकेश सिंह, चंचल सिंह, सन्नी सिंह, जगन्नाथ मिश्रा, दिनेश गोराई समेत काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कल्याण ज्वेलर्स ने 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट किया पेश

जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के प्रसिद्ध ज्वैलरी ब्रांड कल्याण ज्वैलर्स ने टेम्पल ज्वेलरी कलेक्शन की घोषणा के साथ ही अपना 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट पेश किया है, जो एक ग्राहक-केंद्रित पहल है। यह अपने ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम मूल्य, गुणवत्ता और सेवा की गारंटी देता है। 4-लेवल एश्योरेंस प्लान में एक सर्टिफिकेट शामिल है जो एक्सचेंज या रीसेल के दौरान इनवॉइस में उल्लिखित शुद्धता के मूल्य पर भुगतान का वादा करता है। कल्याण ज्वेलर्स भारत में अपने किसी भी शोरूम में खरीदे गए गहनों का मुफ्त आजीवन रखरखाव भी प्रदान करता है। अपने आभूषणों की अच्छी तरह से देखभाल से इनके मालिकों के मन में आश्वस्ति रहती है। टेम्पल ज्वेलरी में गुणवत्ता, शिल्प कौशल और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता कल्याण ज्वेलर्स के हर पीस में साफ झलकती है। सोने, हीरे और रत्नों में पारंपरिक और समकालीन आभूषण डिजाइनों की विस्तृत रेंज हर ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती है। 4-लेवल एश्योरेंस प्लान के साथ, कल्याण ज्वेलर्स सर्वोत्तम मूल्य, गुणवत्ता और सेवा प्रदान करने का वादा करता है। यह सुनिश्चित होता है कि उनके ग्राहक आने वाले कई वर्षों तक अपनी टेम्पल ज्वेलरी का आनंद ले सकें। मालूम हो कि कल्याण ज्वैलर्स निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से व्यवसाय करता है, जैसा कि प्रोडक्ट इंफोर्मेशन सैक्शन के 4-लेवल एश्योरेंस प्लान से स्पष्ट होता है। ब्रांड उत्पाद के कुल वजन से अन्य सामग्रियों जैसे लाख, रत्न, कांच, लकड़ी, तामचीनी आदि के वजन को घटाने के बाद उपयोग किए गए सोने के कुल मूल्य पर ग्राहक की सोने की दर को ही चार्ज किया जाता है। यह प्लान गहनों के आदान-प्रदान और पुनर्विक्रय पर बहुत अधिक मूल्य का वादा करता है और सुनिश्चित करता है कि ग्राहक अपने लिए बेस्ट डील कर सकें।

सरायकेला झामुमो नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : झामुमो के सरायकेला नगर अध्यक्ष शम्भू आचार्य ने अपने पद एवं पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। झामुमो जिला अध्यक्ष के नाम इस संबंध लिखे आवेदन में उन्होंने कहा है कि पारिवारिक कार्य व्यस्तता के कारण वे पार्टी कार्यक्रमों में समय देने में असफल हैं। इसी कारण त्यागपत्र सौंप रहे हैं।

कांड्रा फायरिंग मामले में दो अपराधी गिरफ्तार!

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : कांड्रा मेन रोड स्थित व्यवसायी दुर्गा अग्रवाल के कपड़ा दुकान श्वेता स्टोर में बीते शुक्रवार की देर शाम रंगदारी को लेकर हुए फायरिंग के मामले में कांड्रा पुलिस ने तकनीकी सहयोग और देवघर पुलिस के मदद से दोनों आरोपियों को आर्म्स सहित बीती रात गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। किन्तु, दोनों की गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार की शाम श्वेता स्टोर में कांड्रा निवासी श्रवण महतो और राहुल सिंह द्वारा तीन फायरिंग की गई थी जिससे वहां सामान खरीद रहे निमाई मंडल नामक एक ग्राहक के पैर में एक गोली लग गई थी जिसे इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया था। फायरिंग करने के बाद अपराधियों द्वारा पर्चा छोड़कर रंगदारी नहीं देने पर बुरे अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश शनिवार को कांड्रा पहुंच कर इसकी जांच किया था। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया था कि दोनों आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी और इसके लिए पुलिस सक्रिय है। बहराल इस मामले में पुलिस ने अभी कुछ भी बताने से इंकार किया है। सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि पुलिस जल्द इस मामले का उदभेदन करेगी।

टोल ब्रिज से युवक ने छलांग लगाकर की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल ब्रिज से एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. मृत 19 वर्षीय युवक की पहचान आदित्यपुर के भाटिया बस्ती के रहने वाले गौतम साधु के रूप में की गई है. रविवार दोपहर युवक ने टोल ब्रिज पहुंचकर छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मृतक युवक का मोबाइल फोन टोल ब्रिज के पास से बरामद किया है. जिससे उसकी पहचान हो सकी है. घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए । बताया जाता है मृत युवक गौतम साधु का शनिवार अपने दोस्तों के साथ विवाद हुआ था. जिसके बाद परिजनों ने भी उसे घर पहुंचने पर फटकार लगाई थी. संभवत इससे नाराज होकर युवक ने यह कदम उठाया है. हालांकि अब तक आत्महत्या किए जाने के कारण स्पष्ट नहीं है. पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से शव की तलाश जारी है.

सीएनआई चर्च में मदर्स डे का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सरायकेला प्रखंड अंतर्गत सीनी के मोहितपुर स्थित सीएनआई चर्च में रविवार को संडे स्कूल एवं डीसेस ऑफ छोटानागपुर यूथ मूवमेंट के तत्वावधान में मदर्स डे मनाया गया। जिसका संचालन देसी वाइन की बहन सुमन मुंडू ने किया और वचन का प्रचार विलासी रुंडा द्वारा दिया गया। संडे स्कूल और देसी वाइन के सभी सदस्यों ने माताओं के सम्मान में पैर धोकर और फूलों का माला पहना कर उन्हें सम्मान दिया। वक्ताओं ने कहा आज के दिन बच्चे अपनी मां को तोहफे देकर, उनसे प्यार भरी बातें करके ये महसूस कराने की कोशिश करते हैं कि उनके जीवन में मां का स्थान कितना ऊंचा है। उपस्थित माताओं ने भी बच्चों के प्यार एवं अपनत्व के इस कार्यक्रम में भाव विभोर हुई।

सुंदरनगर : महिला समिति के समर कैंप में बच्चों ने की खूब मस्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अखिल भारतीय महिला समिति सुंदरनगर द्वार आयोजित एक दिवसीय समर कैंप में 75 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में ड्राइंग, बैलून बास्टिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, जुंबा, योग क्विज प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियां आयोजित कर बच्चों का प्रशिक्षित किया गया। साथ ही बच्चों के लिए फैन गेम भी हुए। कैंप में रोचक एवं लाभदायक गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अरुण बाकरे वाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति की अध्यक्ष मधु बकरेवाल की देखरेख में सुंदरनगर सामुदायिक भवन में सभी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मधु बकरेवाल ने प्रोग्राम के अंत में सभी बच्चों को मेडल पहनाया और गिफ्ट के साथ सर्टिफिकेट देकर बच्चों को प्रोत्साहन किया। इस समर कैंप को सफल बनाने में महिला समिति सुंदरनगर शाखा की सचिव संगीता कबरा, सीमा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, किरण अग्रवाल, पिंकी मालपानी, ऋचा शर्मा, पिंकी अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

नगर निगम का टैंकर चालक का आकस्मिक निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : नगर निगम आदित्यपुर के टैंकर चालक हरजीत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया है. आज सुबह ड्यूटी के दौरान उन्हें हृदयाघात आया, जिसके बाद उन्हें आनन फानन में मेडिट्रीना अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. करीब 32 वर्षीय हरजीत सिंह काफी समय से नगर निगम में बतौर चालक काम कर रहे थे. उनके निधन की खबर पाकर निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव और डिप्टी मेयर अमित सिंह और कई पार्षद बरजो राम हांसदा, रंजन सिंह, नीतू शर्मा आदि अस्पताल पहुंचे थे.

जुस्को स्कूल साउथ पार्क में समर कैंप का आयोजन, 421 छात्रों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जुस्को स्कूल साउथ पार्क में चार दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ. इसमें शनिवार को यूकेजी से कक्षा पांचवी तक के 421 छात्रों ने भाग लिया. इस कैंप में विद्यार्थियों के लिए डांस मेनिया, फिटनेस फीक, यंग मास्टर शेफ, योगा एंड फिटनेस, आर्ट एंड क्राफ्ट, फन गेम्स, फन विद साइंस, न्यूमेरो फन, स्कैवेंजर हंट, मूवी मेनिया और कठपुतलियों के साथ कहानियां जैसी कई गतिविधियों का आयोजन विशेष आकर्षण रहा. स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने ढेर सारी एक्टिविटी में भाग लेने के लिए बच्चों की सराहना की. समर कैंप का संचालन गुरमीत कौर (वाइस प्रिंसिपल), तामी सिकदर (सीनियर स्कूल कोऑर्डिनेटर) और विजेता पांडा (जूनियर स्कूल कोऑर्डिनेटर) ने किया. समर कैंप के दौरान अहम भूमिका निभाने वाली शिक्षिकाओं में दुर्गा लक्ष्मी, वी माधवी, बरखा, खुशबू, दुलारी मुर्मू, शिखा प्रसाद, पीयू घोष, गुड्डी आचार्य, सतप्रीत कौर, मुम्मन चौधरी, दीपक दास शामिल है.

सीबीएसई 12वीं कॉमर्स में निखिल अकादमी ऑफ कॉमर्स के छात्रों का दबदबा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सीबीएसई द्वारा जारी किये गये 12वीं कॉमर्स के परीक्षा परिणाम में निखिल अकादमी के अनुभव प्रतीक ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर पूरे शहर में तीसरा स्थान और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुभव के पिता प्रशांत वर्मा टाटा स्टील के कर्मचारी है एवं माँ किरण वर्मा गृहिणी है। अनुभव न्यू बारीडीह का रहने वाला है, ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार तथा अपने शिक्षकगण को दिया। इसके साथ ही चिन्मया विद्यालय में निखिल अकादमी के छात्र अंकित भारद्वाज ने 12वी कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित को 91.8 प्रतिधत अंक मिला। अंकित के पिता अनिल पाण्डेय प्रभात खबर के लेखापाल है

एवं माता अंशु पाण्डेय गृहिणी है। अंकित गदड़ा, गोविन्दपुर का रहने वाला है। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अपने माता-पिता और अपने शिक्षकों को दिया। एनएसी के शिक्षक निखिल कुमार एवं मनप्रीत भाटिया ने बताया कि परीक्षा का परिणाम बहुत बेहतर रहा है। उन्होंने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दिया।

गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में मदर्स डे का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर केजी ग्रुप के बच्चों ने अपनी माताओं को तिलक लगाकर और गुलाब प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित माताओं द्वारा अपने बच्चों के साथ ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुति की गई। इस मौके पर सभी माताओं को बेस्ट मॉम का बेच पहनाकर विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका निशा गुप्ता ने किया। इस मौके पर विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन, रिंकू राय, सचिब शिप्रा पाल, प्रशासक रीमा बैनर्जी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व काफी संख्या में माताएं उपस्थित थी।

बाल विवाह के खिलाफ युवा का स्टेकहोल्डरों के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन(युवा) के तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला, सुंदरनगर में गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला में पोटका प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि, किशोरियाँ, ग्राम प्रधान, जमशेदपुर से विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, डीएलएसए एवम चाइल्ड लाइन के सदस्य ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन ज्योति हेमब्रोम ने किया। युवा संस्था की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गैर सरकारी संस्थाएं और सरकारी संस्थाएं दोनों बाल विवाह, जबरन विवाह पर कार्य कर रही है। फिर भी बाल विवाह रुक नहीं रहा है। इसमें हम क्या रणनीति बना सकते है जिसे बाल विवाह न हो। इस कार्यशाला में पैनल डिस्कशन के जरिए बाल विवाह, जबरन विवाह को लेकर संग्राम पंचायत के मुखिया अभिषेक सरदार ने कहा कि हमारे पंचायत में सरकार द्वारा बाल संरक्षण भवन बना तो दिया गया है पर उसका कोई उपयोग नहीं किया जाता हैं। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए युवा की कार्यकर्ता रिला सरदार, अबंती सरदार और चंद्रकला मुंडा ने सहयोग किया।

जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में लोयोला ने हिल टॉप को 3-0 से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : लोयोला स्कूल ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के 12वें वीकेंड में हिल टॉप स्कूल के खिलाफ U9 श्रेणी में एक और जीत के साथ जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा. U9 वर्ग के एक अन्य मुकाबले में लोयोला पावर रेंजर्स ने रोनाल्डो हिल टॉप स्कूल जमशेदपुर को 3-0 से हराया. रविवार को बेबी लीग के लिए कुल 188 छात्र उपस्थित हुए. जैसे जैसे लीग में आगे बढ़ रहा हैं वैसे-वैसे छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है. U9 वर्ग में सबसे अधिक संख्या देखी गई जहां 44 छात्र उपस्थित थे, U11 वर्ग में 40 छात्र उपस्थित हुए, U7 वर्ग में 42 छात्र, U13 वर्ग में 36 और U5 वर्ग में 26 छात्र उपस्थित हुए. U7 और U5 वर्ग में चार मैच खेले गए, जबकि U9 वर्ग में तीन मैच हुए. U11 और U13 वर्ग में दो-दो मैच खेले गए.

आरआरआर सेंटर लॉन्च करने के लिए है तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आइए साथ मिलकर, माई लाइफ, माई क्लीन सिटी के विजन को अपनाएं और सभी के लिए एक हरियाली, स्वस्थ भविष्य की दिशा में काम करें। इसी के तहत स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, स्वच्छ भारत मिशन शहरी 15 मई से 5 जून, 2023 के दौरान आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) केंद्र का उद्घाटन करने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण योजना में टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने मिशन लाइफ के रोड मैप की रूपरेखा तैयार करने के लिए 13 मई को व्यापक चर्चा की । आरआरआर केंद्र शहर के भीतर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है, जिससे नागरिकों, संस्थानों और व्यवसायों को अपने अतिरिक्त प्लास्टिक, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जूते, बैग, किताबें, खिलौने और अन्य चीजों को जिम्मेदारी से उपयोग में लाने में मदद मिलती है। 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) लाइफस्टाइल अपनाकर, आरआरआर सेंटर का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को एक स्वच्छ शहर बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण के लिए सशक्त बनाना है । वर्तमान में, जमशेदपुर में टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा संचालित पांच प्रमुख आरआरआर केंद्र हैं, तथा कैंपेन के दौरान 15 आरआरआर केंद्र बनाये गए है । इन सुविधाओं में, एक इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट केंद्र है, जिसे टाटा स्टील यूआईएसएल और हुलाडेक रीसाइक्लिंग द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधित किया जाता है, जिसे विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।

गांव के झूलते बिजली तार दे रहें हैं किसी बड़े हादसे को दावत, विभाग मौन

जन समस्या चांडिल अनुमंडल से

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल के कई ऐसे भी गांव हे जहां पर बिजली के तार झूलने लगे हैं लेकिन प्रशासन के पास आम जीवन का कीमत का कोई असर ही नहीं दिखता है। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने एजेंसियां के माध्यम से गांव में विद्युत आपूर्ति कराने को लेकर कार्य कराते हे, लेकिन कार्य संपन्न होने के बाद विद्युत आपूर्ति विभाग से न ही अधिकारी जांच पड़ताल करने आते न ही किसी कर्मचारी को भेजते हे। अनुमंडल के नीमडीह व कुकडू प्रखंड के कुछ गांव हे जहा पर खंबे ढुलना,बिजली तार का झूलना आम है ,कई बार विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को इसका सूचना दिया गया मगर विभाग एजेंसी के नाम लेकर खंबे एवं बिजली तार को सुधारने में आनाकानी करते हे। कुकडू प्रखंड के पारगामा, किशुंडीह, चुनचुरिया, जानूम, आमटार, हेरेमुरी इन गांव बिजली को लेकर काफी समस्याएं देखे जाते हे, वर्षा के दिन काफी नजदीक हे विभाग को जल्द से जल्द इन गांव में जाकर समस्या को दुरुस्त करे अन्यथा खुले नंगे झूले बिजली तारों के कारण जान माल की काफी क्षति हो सकता है।

संपादकीय

इमरान फौजी गिरफ्त में

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ जो सलूक किया गया है, वह पाकिस्तान में ही हो सकता है। यह वाकई शर्मनाक और कानून के राज पर कलंक है। इमरान अदालत में मौजूद थे कि खिड़कियों के शीशे तोड़ कर, पाकिस्तान के ही रेंजर्स, अंदर घुसे और इमरान को दबोच लिया। सुरक्षाकर्मियों और वकीलों को मारपीट कर एकतरफ कर दिया गया। वे जख्मी भी हुए। रेंजर्स मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री को घसीटते हुए, कॉलर से पकड़े, धकियाते हुए बाहर ले गए और अदालत परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी-'अदालत में जो कुछ हुआ है, वह माफी के लायक नहीं है। यह कानून का मजाक है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा।' मुख्य न्यायाधीश ने हुकूमत के गृह सचिव और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के महानिदेशक को अदालत में तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब न्यायाधीश क्या कर सकते हैं? पाकिस्तान में ही न्यायपालिका की ऐसी नाफरमानी हो सकती है। बहरहाल इमरान की गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया में पाकिस्तानी अवाम का एक तबका उबल पड़ा है। सड़कों पर आगजनी, तोड़फोड़ और सेना के प्रतिष्ठानों की घेरेबंदी की जा रही है। एक कोर कमांडर के घर में घुसकर भीड़ ने बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया। कराची, लाहौर से क्वेटा तक पाकिस्तान किसी न किसी शक्ल में जल रहा है। यह अराजकता, अव्यवस्था 'गृहयुद्ध' में तब्दील न हो जाए, यही आशंका और भय है। अवाम का यह उबलता रोष और विद्रोह इमरान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) का ही समर्थन है। बेशक इमरान के खिलाफ 140 आपराधिक केस बताए जा रहे हैं, बेशक वह सेना के कुछ कमांडरों, आईएसआई और शरीफ हुकूमत के घोर, कट्टर आलोचक हैं, उनकी बयानबाजी आपत्तिजनक हो सकती है, बेशक वह भी दूध के धुले हुए नहीं हैं, लेकिन अर्द्धसैन्य बल के रेंजर्स, एक पूर्व प्रधानमंत्री को, अदालत के कक्ष में ही, इस तरह दबोच और गिरफ्तार नहीं कर सकते। यह विशेषाधिकार अदालत का है कि उन्हें क्या सजा दी जाए। उसकी भी एक निश्चित, शालीन प्रक्रिया है। देश के 'महानायक' रहे शख्स पर ऐसी गुंडागर्दी पाकिस्तान में ही की जा सकती है। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान में संविधान, न्यायपालिका और जम्हूरियत नाममात्र के और दिखावटी हैं। सिर्फ फौज का ही वर्चस्व है और यही पाकिस्तान का कुरूप यथार्थ है। वैसे पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्रियों को जेल में डालने या उनकी हत्या करने अथवा निर्वासन के लिए मजबूर कर देने की परंपरा रही है। जुल्फिकार अली भुट्टो को तो फांसी पर लटका दिया गया था। उनका नाती बिलावल फिलहाल विदेश मंत्री है। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लंदन प्रवास पर थे, जब पाकिस्तानी फौज ने यह कांड किया। जाहिर है कि इसकी रणनीति फौज के कमांडरों ने पहले ही तय कर ली होगी कि इमरान को दबोचने के फलितार्थ क्या होंगे? अब पाकिस्तान कितना जलेगा, कितने लोग मारे जाएंगे, कितने भवन-वाहन जला दिए जाएंगे, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। अलबत्ता सेना बनाम अवाम के समीकरण बन गए हैं। सेना में भी इमरान समर्थक सैनिक और कमांडर हैं? यदि यह विभाजन सतह पर आया, तो गृहयुद्ध को शांत करना मुश्किल होगा। इमरान को अल कादिर ट्रस्ट के भ्रष्टाचार और दलाली केस में गिरफ्तार दिखाया गया है, जबकि कानूनी फैसला तो कोई भी इमरान के खिलाफ नहीं है। बहरहाल गंभीर सवाल यह है कि अब इमरान खान का क्या होगा? उनके सामने सीमित विकल्प हैं। पाकिस्तान में अक्तूबर, 2023 तक आम चुनाव कराए जाने हैं।

रेंजर्स मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री को घसीटते हुए, कॉलर से पकड़े, धकियाते हुए बाहर ले गए और अदालत परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी-'अदालत में जो कुछ हुआ है, वह माफी के लायक नहीं है। यह कानून का मजाक है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा।' मुख्य न्यायाधीश ने हुकूमत के गृह सचिव और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के महानिदेशक को अदालत में तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब न्यायाधीश क्या कर सकते हैं? पाकिस्तान में ही न्यायपालिका की ऐसी नाफरमानी हो सकती है। बहरहाल इमरान की गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया में पाकिस्तानी अवाम का एक तबका उबल पड़ा है। सड़कों पर आगजनी, तोड़फोड़ और सेना के प्रतिष्ठानों की घेरेबंदी की जा रही है। एक कोर कमांडर के घर में घुसकर भीड़ ने बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया। कराची, लाहौर से क्वेटा तक पाकिस्तान किसी न किसी शक्ल में जल रहा है। यह अराजकता, अव्यवस्था 'गृहयुद्ध' में तब्दील न हो जाए, यही आशंका और भय है।

कुछ अलग

सियासी सूखे में खड़ी किश्तियां

सत्ता में सरकार की दरकार और सरकार में सत्ता की पुकार के बीच हिमाचल की अटकलें दिल्ली दरबार की चाकरी में मशरूफ हैं। अभी सत्ता के शुभ लक्षणों के लिए शिमला के महापौर और उप महापौर की शिनाख्त के बीच कांग्रेस शिमला से दिल्ली तक संतुलन की डोर पर चल रही है। इसी के साथ राजनीति के दरियाओं में मंत्री पद की किश्तियां अभी भी सूखे में खड़ी हैं। ये रिक्तियां अचंभित करती हैं और दिल्ली के कानों में खुसर-फुसर भी करती हैं। वजीरों की फेहरिस्त एक बात है और मंत्रियों की बुलंदी दूसरी तरह का एहसास है। अपने पांचवें महीने में सुक्खू सरकार ने प्रशासनिक तौर पर जो पाया, वह भी कहीं केबिनेट के मानक के खूंटे पर लटका है। हिमाचल ने कांग्रेस का पक्षधर होने का बिगुल पिछली सरकार के समय में चार उपचुनावों में बजाया था और उसके बाद सत्ता का द्वार खोलकर स्वागत किया था। इसी लय में शिमला नगरनिगम चुनावों की परिणति ने कांग्रेस को सुशासन करने के लिए जगह व जिरह दी है। यही जगह व जिरह बहुत ही महीन होकर लगातार सरकार के बीच ऐसी भूमि तलाश रही है, जिसके सदके सत्ता का अवलोकन पूरे हिमाचल की महत्त्वाकांक्षा को उठा-उठा कर दिल्ली दरबार ले जा रहा है। ऐसे राजनीतिक अंतर से जो हिसाब पैदा हो रहा है, उसके रिसाव को समझना होगा, वरना सामने भाजपा अपनी दीवारों पर नई संभावनाओं के पोस्टर चस्पां कर रही है। शिमला के महापौर और उप महापौर पर फैसला करना जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक जज्बाती होकर राहों पर खड़े राजनीतिक सन्नाटे पूछ रहे हैं कि यह कौनसा दो जमा दो है, जो इस वक्त कांगड़ा को निरंतर घटा रहा है। पेंच फसना अलग बात है, लेकिन अगर कांगड़ा की पेचीदगी के साथ-साथ रूठे सिंहासन की राह पर खड़े बिलासपुर, हमीरपुर या चंबा का सिंहावलोकन नहीं हुआ, तो बिगड़ती तहजीब के विघटन कहीं भीतर से घायल ही निकलेंगे। सत्ता के हर गुण के साथ ऐसे राजनीतिक दोष का उपचार सही न किया गया, तो आने वाले समय में कई सफलताएं भी कुंद हो सकती हैं। हिमाचल में सरकार को महसूस करने का सबसे बड़ा पड़ाव राजधानी शिमला हो सकती है, लेकिन सत्ता को लाने का हिमाचल का सबसे बड़ा घराना निश्चित रूप से कांगड़ा है। शायद इसलिए, मुख्यमंत्री पर्यटन की राजधानी का दर्जा देते हुए इस क्षेत्र को उपकृत कर देते हैं और आईटी पार्क की शिनाख्त में जिला का गर्रा-गर्रा ढूंढा जा रहा है, लेकिन सवाल राजनीतिक रौनक का है। चंबा से कुलदीप पठानिया भले ही विधानसभा अध्यक्ष बना दिए जाते हैं, लेकिन यह सियासी रौनक को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करता। कांगड़ा सत्ता का प्रमुख घराना होने के बावजूद कांग्रेस सरकार की रौनक से महरूम है। ऊना, हमीरपुर, शिमला, सोलन व सिरमौर में लगी रौनकों का एहसास किया जा सकता है, लेकिन बिलासपुर व मंडी के लिए नए अवसर चाहिए। कांग्रेस खुद को सरकार के आवरण में देखने की चेष्टा करे, तो मालूम हो जाएगा कि उसकी हर जीत के पीछे जनता का सीधा एहसास छिपा है। यही एहसास कांगड़ा से उसे हताश कर देता है, लेकिन बदले में कुछ नेताओं को दो कौड़ी का बना देने का एकतरफा मंतव्य खड़ा हो जाता है। क्या सुधीर शर्मा, यादविंदर गोमा या बिलासपुर के राजेश धर्माणी को दो कौड़ी का बनाकर कांग्रेस सामने खड़ी भाजपा को कड़ा संदेश दे पाएगी। सरकार बनाना जनता के नेतृत्व में भले ही बदलाव का संदेश लेकर आए, लेकिन सरकार को आगे चलकर राजनीति को जीतने के लिए कंधे मजबूत और सीना चौड़ा करना पड़ेगा। अंततः आगामी लोकसभा चुनाव की वैतरणी में उतरने के लिए आप चलकर सरकार के कंधों का सवाल उठेगा और यह प्रदेश को तय करना है, न कि आलाकमान के भरोसे से होगा। कांग्रेस के पास इस समय इतनी राजनीतिक संपत्ति नहीं है कि पार्टी राज्य में कुछ नेताओं की वरिष्ठता को खुद कतरे और कोने लंबी तान ले। कांग्रेस मंत्रिमंडल का वर्तमान भले ही सरकार के अहम फैसलों का सशक्त चेहरा बना का सबब पाले, लेकिन इस फिजा में पतझड़ के आने की आशंका खत्म नहीं होती।

बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं

अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरें अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर सकती है

प्रहलाद सबनानी

अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैंक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रही अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है।

दिनांक 3 मई 2023 को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंकें, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुकी हैं एवं तीसरी बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गई थी, परंतु उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैंक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रही अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है। असफल हो जाने की स्थिति तक पहुंचे उक्त पांच बैंकों के अतिरिक्त छोटे आकर के अन्य कई बैंकों पर अभी भी तरलता का दबाव बना हुआ है और यह समस्त बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं। दरअसल, अमेरिका में बैंकों द्वारा अपनी जमाराशि का एक बड़ा हिस्सा यूएस ट्रेजरी द्वारा जारी बांड्स में निवेश किया गया है। पूर्व में इन बांड्स पर ब्याज दर कम थी, परंतु अब जारी किये जा रहे बांड्स पर ब्याज दर अधिक है, जिसके चलते पूर्व में जारी किए गए बांड्स की बाजार कीमत कम हो गई है इससे बैंकों पर तरलता का दबाव आ गया है। अमेरिका में निर्मित हुई इस स्थिति के लिए पूर्ण रूप से फेडरल रिजर्व को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। साथ ही, अमेरिका ने स्वयं भी भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है और अमेरिकी सरकार को स्वयं भी बढ़ती ब्याज दर का दंश झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी वित्त सचिव ने चेतावनी भरे अन्दाज में कहा है कि यदि अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कर्ज लेने की सीमा में वृद्धि नहीं की गई तो 1 जून 2023 के बाद अमेरिका अपने ऋण के भुगतान में चूक कर सकता है। दूसरे, चूंकि अमेरिका में ब्याज दरों को लगातार बढ़ाया जा रहा है और निवेशकों द्वारा अन्य देशों से अमेरिकी डॉलर निकालकर अमेरिका में निवेश किया जा रहा हैं, अतः अन्य देशों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है और इन देशों की मुद्राओं का

अवमूल्यन हो रहा है। इन देशों की मुद्राओं के अवमूल्यन से इन देशों द्वारा आयात किए जाने वाले उत्पाद महंगे हो रहे हैं एवं यह देश आयातित महंगाई की मार झेलने को मजबूर हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अन्य कई देशों द्वारा भी ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है और अपने देश के बैकों को खतरे में डाला जा रहा हैं। इस प्रकार लम्बे समय में अमेरिकी आर्थिक नीतियों का असर अन्य देशों पर भी विपरीत प्रभाव डाल सकता है। पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक भी, अमेरिका द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए, रेपो दर में वृद्धि करने का निर्णय ले रहा था। परंतु, अप्रेल 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। भारतीय रिजर्व बैंक के इस निर्णय को एक साहसिक कदम बताया गया था। भारत को देखते हुए कुछ अन्य देशों ने भी ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि को रोक लिया है। ब्याज दरों में अब और वृद्धि भारतीय बैंकिंग उद्योग एवं उद्योग जगत को निश्चित रूप से विपरीत रूप से प्रभावित करने लगेगी क्योंकि एक तो भारत में मुद्रा स्फीति तुलनात्मक रूप से नियंत्रण में आ चुकी है और दूसरे, भारत तेज आर्थिक विकास के चक्र में शामिल हो चुका है। अप्रेल 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण का उच्चतम स्तर पर आना, बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या का उच्चतम स्तर पर आना, टोल संग्रहण में उच्छाल आना, अप्रेल 2023 माह में सेवा क्षेत्र के पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) का 13 वर्ष के उच्चतम स्तर 62 पर पहुंचना, जो मार्च 2023 माह में 57.8 पर था, विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई का चार माह के उच्चतम स्तर पर पहुंचना, आदि ऐसे सूचक हैं जिनसे सिद्ध होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। वर्ल्ड आफ स्टेटिक्स द्वारा जारी किए गए प्रतिवेदन में भी बताया है कि बड़े देशों में भारत अकेला एक ऐसा देश है जहां मंदी की शून्य सम्भावना है। जबकि ब्रिटेन में 75 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली एवं कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रान्स में 50 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका में 45 प्रतिशत, मंदी आने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अन्य कई देशों, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ब्राजील, चीन आदि पर भी मंदी का साया मंडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, वर्ष 2023 में दुनिया में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत ही पुनः सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर, हाल ही में भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ सम्पन्न किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का असर भी अब भारत से उत्पादों के निर्यात पर दिखाई देने लगा है। भारत वित्तीय वर्ष 2026-27 तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अपना निर्यात बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक ले जा सकता है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के कारण यह वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही है। वर्ष 2022-23 में यूएई को 31.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया था। मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद भारत और यूएई के बीच विदेशी व्यापार में काफी वृद्धि हुई है। अमेरिका एवं चीन के बाद शीघ्र ही यूएई तीसरा ऐसा देश बन जाएगा जिसके साथ भारत का विदेशी व्यापार 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी भारत से निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 322.72 अरब डॉलर का रहा था एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में 254 अरब डॉलर का रहा था। सेवा क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों के निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में 500 अरब डॉलर तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत से कुल निर्यात 900 अरब डॉलर का रहने की प्रबल सम्भावना है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 770 अरब डॉलर का रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के मामले में भी भारत पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। भारत में 75.9 करोड़ से अधिक 'सक्रिय' इंटरनेट उपयोगकर्ता हो गए हैं, जो महीने में कम से कम एक बार वेब का उपयोग करते हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2025 तक 90 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

राजस्थान में पायलट और गहलोत के बीच घमासान के चलते बिखराव के कगार पर पहुँची कांग्रेस

गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दो फाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलो की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया। गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक ओर दांव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बंवडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोड़ने के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाए। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया था। सचिन ने दो साल पहले मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे की मौजूदगी में बहुमत का प्रदर्शन करने वाले गहलोत के दो करीबी नेताओं पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठाए हैं। सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खरगे और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दवाब डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर पायलट को दबाने का प्रयास किया। इससे पायलट ज्यादा भड़क उठे। उन्होंने रंधावा के बयान की परवाह नहीं की और गहलोत के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस के यह कहने के बाद कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री चुनाव के बाद तय होगा, गहलोत के समर्थकों ने अघोषित तौर पर उन्हें आगामी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान सहित दूसरे नेता ऐसे दुविधापूर्ण मामलों में बयान देने से बचते रहे। यह संभव है कि कांग्रेस हाईकमान पायलट और गहलोत के इस विवाद को टालता रहे, किन्तु विधानसभा चुनाव के करीब आने के साथ यह कांग्रेस में उठ रही असंतोष की ज्वाला निश्चित तौर पर बगावत के तौर पर उभरेगी।

नागरिक बोध

सपनों की लक्ष्मण रेखा

अभी हमने सिर उठाया भी नहीं, कि उससे पहले ही उन्हें खतरा पैदा हो गया, कि ये लोग सिर उठायेंगे तो जीने की राह मांगेंगे। पीठ भरने का वसीला मांगेंगे। खोई हुई जानों का हिसाब मांगेंगे। इसलिए इससे क्या बेहतर नहीं कि ये सिर उसी प्रकार झुके रहें, और अपनी जान और माल की खैर खैरीयत हमसे मांगते रहें। आप पूछ सकते हैं, कौन सी जान और कौन सा माल? किस माल की हिफाजत करने की बात कहते हैं आप? सुना नहीं है क्या, जर, जोरू और जमीन पर कब्जा ताकत वाले का होता है। ताकत तो अपने वंश दर वंश हवेलियों वालों को सौंप दी। रजवाड़ाशाही खत्म हो गई। देश के करोड़ों बांके नौजवानों ने एक लम्बी लड़ाई लड़ कर सामंतवाद को नेस्तनाबूद कर दिया है। इतिहास ने बताया। फिर यहां बदल कर कहां से नये रजवाड़े और नये सामन्त आ गये? ये नाम जनता के राज का लेते हैं और पहले तो उम्र भर अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते, फिर वंशगत परम्परा में उनके वारिसों आने वाले सब वारिसों की वोटों की वसीयत अपने नाम करवा लेते हैं। इस जमाने का कोई भरोसा नहीं है, साब। जाने कब करवट बदल ले। जाने किस दांव अपना हाथ बदल अपनी हार को जीत में बदल दे। वैसे भी जीत का लड्डू हमेशा ही ऊपर वालों के हाथ रहता है। तब भी जब वोटें पडऩे का मौसम करीब आया, और आपने युगों से लम्बित अच्छे दिनों का सपना साकार होने का एक ट्रेलर हमें दिखा दिया और पूरी फिल्म दिखाने का सपना भविष्य के कंधों पर लाद दिया। लेकिन याद रखिये कल, आज और कल में जो बीत गया वह कल तो कभी मुडक़र आता नहीं और आने वाला कल कभी मिलता नहीं, जब भी मिलेगा, वह यही आज बन कर ही मिलता है। वही रंग उतरा आज जिसमें आने वाले दिनों में अच्छे दिन दे देने के वायदों को दोहराया जाता है। उन लोगों ने दोहराया है, जो बरसों बाद आपका और भी निर्जीव होता चेहरा पहचानने चले आये थे। नये वायदों के कनकौओं के साथ, एक बार फिर से आकाश में उडऩे का एहसास दे रहे हैं। यह वे एहसास हैं जो काम किये बिना देश के आत्मनिर्भर हो जाने की तस्वीर बनाते हैं। आंकड़ों के ऐसे खेल दिखाते हैं कि गिरावट की ओर सरपट भागती अर्थव्यवस्था का शेयर सूचकांक बल्लियों उछलने लगता है। इन्होंने पूरा विश्व एक मंडी बना देने का वायदा किया था न। लीजिये पूरे विश्व में पेट्रोल और डीजल की कीमतें प्रति लीटर सैकड़ा पार कर गयीं। अपना देश कुछ अधिक तरक्की पसंद है, इसलिए एक-दो नहीं यहां पूरे आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में इनका दाम सौ से ऊपर चला गया। इससे केन्द्रीय और राज्य के राजस्व खजाने की बहार लौट आयी, पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं तो बढऩे दो, आखिर इस गिरते हुए माहौल में कुछ तो बढऩा चाहिए। जनता की हायतौबा की चिन्ता करना, उनके लिए हम घर-घर बिजली चालित कार ले आने का सपना बांट देंगे।

देश दुनीया से

बाल साहित्य के शिखर पुरुष संतराम वत्स्य

संतराम वत्स्य जी प्रायः कहा करते थे कि लेखकों को अपनी पुस्तक का मानदेय या रायल्टी कभी एकमुश्त नहीं लेनी चाहिए, बल्कि रायल्टी का अनुबन्ध करना चाहिए क्योंकि रायल्टी निरन्तर चलती रहती है और एक-एक शब्द का सौ-सौ रुपया मिल जाता है। उनकी बात तो सच थी, परन्तु नए लेखकों को तो कोई छापने के लिए भी तैयार नहीं होता। वत्स्य जी का विश्वास था कि यदि लेखक अपना विशेष लेखन क्षेत्र चुन ले और उसमें दक्ष हो जाए तो प्रकाशक स्वयं आपके पीछे भागेंगे। उन्होंने अपने जीवन में ऐसा कर भी दिखाया। सभी नामी गिरामी प्रकाशकों से उनकी पुस्तकें छपती रहीं। वह कलमजीवी थे और कलम की कमाई से ही उन्होंने नवीन शाहदरा में अपना आवास बनाया, अर्थात ऐसा घर जो हिमाचली लेखकों के लिए सदा खुला रहता था। भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य के प्रकांड पंडित संतराम वत्स्य जी का जीवन प्रारम्भ से ही बड़ा संघर्षशील रहा, लेकिन उनमें अदम्य साहस एवं जिजीविषा थी, जिसके बल पर उन्होंने संकटों से जूझते हुए सफलता के शिखरों का स्पर्श किया। उनका जन्म कांगड़ा की पालमपुर तहसील के दूरस्थ स्थित गांव धनीरी में 12 मई 1923 को हुआ। पिता का नाम श्री मंगतराम वत्स्य एवं मां का नाम श्रीमती जानकी देवी था। परिवार साधारण परन्तु संस्कारी था। सन्तराम माता-पिता की इकलौती संतान थे। इनके ताया जी श्री चुन्नीलाल शर्मा के एक बेटा शशिकांत शास्त्री और एक बेटी राजरानी है। यह संयोग ही है कि शशिकांत जी की पत्नी का नाम भी शशि कला है। बालक संतराम अभी चार वर्ष के ही थे कि उनके पिता श्री का देहावसान हो गया। परिणामतः परिवार पर आर्थिक संकट मंडराने लगा। वत्स्य जी की प्रारम्भिक शिक्षा संधोल के सरकारी स्कूल में हुई। फिर संस्कृत के अध्ययन हेतु वह होशियारपुर पहुंच गए जहां उन्होंने सनातन धर्म महाविद्यालय से विशारद की उपाधि अर्जित की, परन्तु अर्थाभाव के कारण वह आगे नहीं पढ़ पाए और रोजी-रोटी की तलाश में वह सन् 1942 में लाहौर जा पहुंचे। वहां समय-समय पर कभी हिन्दी भवन और कभी राजपाल एण्ड संस और कभी आर्य प्रतिनिधि सभा में नौकरी की। भारत विभाजन के बाद सन् 1947 में वत्स्य जी दिल्ली आ गए। उनका विवाह सन् 1945 में मंडी जिला के संधोल गांव की ब्राह्मण कन्या सुश्री लज्जावती से हुआ। वत्स्य जी की चार संताने हैं: प्रेम लता वात्स्यायन, स्वर्णलता, डा. भारतेंदु और कुसुम लता। तीनों बहनें दिल्ली में बसी हुई हैं और बेटा डा. भारतेंदु अनुबन्ध कृषि व्यवसाय में मुम्बई में कार्यरत है। वत्स्य जी ने कोई नियमित नौकरी नहीं की। लाहौर से दिल्ली आए प्रकाशकों यथा राजपाल एण्ड संस, राजकमल प्रकाशन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, आत्मा राम एण्ड संस, देहाती पुस्तक भण्डार, हिन्द पाकेट बुक्स आदि संस्थानों में सम्पादक अथवा प्रकाशनाध्यक्ष का कार्य अवश्य किया। बीच में अपनी प्रिंटिंग प्रेस भी लगाई, परन्तु उसे घाटे के कारण बन्द करना पड़ा। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य का गहन अध्ययन किया था। अतः उन्होंने सम्बद्ध विषयों पर साधिकार लिखा। उनमें सहज-सरल भाषा में किसी भी दुरुह विषय को कथा रस से सराबोर कर रोचक शैली में प्रस्तुत करने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने लगभग डेढ़ सौ पुस्तकें लिखीं। बाल मित्र ज्ञान विज्ञान माला, यथा हमारा शरीर, हमारे पशु, पक्षी, विज्ञान, जीवन ज्योति माला यथा चन्द्रशेखर वेंकटरमन, न्यूटन, एडिसन, वैज्ञानिकों की जीवनियां, महाभारत और रामायण की औपन्यासिक शैली में मनोहर प्रस्तुति, महापुरुषों की जीवनियां, निबन्ध यथा अमलतास के फूल, अच्छी आदतें। वत्स्य जी ने दस उपन्यास भी लिखे जो खूब बिके भी और चर्चित भी हुए। उडने वाला गलीचा, दो बहनें, भिखारी और राजकुमार, नल दमयंती आदि। उन्होंने दो नाटक भी लिखे अर्थात जमीन का बंटवारा और मिर्च मिठाई। शिष्टाचार से सम्बद्ध लेख, कहानियां, उपन्यासों के अतिरिक्त अनेक ग्रन्थों का सम्पादन भी किया।

भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक साहित्य के प्रकांड पंडित संतराम वत्स्य जी का जीवन प्रारम्भ से ही बड़ा संघर्षशील रहा, लेकिन उनमें अदम्य साहस एवं जिजीविषा थी, जिसके बल पर उन्होंने संकटों से जूझते हुए सफलता के शिखरों का स्पर्श किया। उनका जन्म कांगड़ा की पालमपुर तहसील के दूरस्थ स्थित गांव धनीरी में 12 मई 1923 को हुआ। पिता का नाम श्री मंगतराम वत्स्य एवं मां का नाम श्रीमती जानकी देवी था। परिवार साधारण परन्तु संस्कारी था। सन्तराम माता-पिता की इकलौती संतान थे। इनके ताया जी श्री चुन्नीलाल शर्मा के एक बेटा शशिकांत शास्त्री और एक बेटी राजरानी है। यह संयोग ही है कि शशिकांत जी की पत्नी का नाम भी शशि कला है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, सोमवार, 15 मई 2023| पेज 7

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न, मंत्री हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अप्रत्याशित जीत की खुशी लातेहार के कांग्रेसियों ने समाहरणालय गेट के समीप कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओं ने खूब आतिशबाजी भी की। इस दौरान राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव लातेहार पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ जीत की खुशियां मनाई। मिठाई खिलाकर सभी को जीत की शुभकामनाएं दी। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता का अपार प्यार का नतीजा है कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत हुई है। उन्होंने कहा कि जनता अब जुमले वाली बात पर नहीं आने वाली हैं। कर्नाटक के चुनाव में आगामी होने वाला लोकसभा लोकसभा चुनाव में भी काफी प्रभाव पड़ेगा। देश में परिवर्तन का बयार बह रहा है। जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि कर्नाटक की जीत कांग्रेस के लिए बड़ी जीत है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में चुनाव काफी अहम था। यह जीत से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आफताब आलम ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पार्टी में जो विश्वास दिखाया है। इससे स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की मोदी सरकार की जुगला बाजी अब चलने वाली नहीं है। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि यह जनता का प्यार है कि कांग्रेस को बहुमत की सरकार बनाने में अपनी बहुमूल्य योगदान दिया है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कहा कि देश में केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के कारण लोग आक्रोशित है। देश में बदलाव होना जरूरी है। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों को हाईवा ने लिया चपेट में

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : आम्रपाली कोल परियोजना के शिवपुर रेल्वे साइडिंग के कोल ट्रांस्पॉटिंग मार्ग में एक हाईवा ने बाइक सावर तीन लोगो को अपनी चपेट में ले लिया है। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने बतया की ये तीनो लोग हाईवा गाड़ियों का पंचर बनाने का काम करते थे। दुर्घटना में शामिल दो घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल शिवपुर रेलवे साइडिंग ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद कर दिया गया है।

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया

महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत अंबवटोली पंचायत भवन में रखा गया। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूसीएसएफ के मोनू देवी, रोकेया खातून राजू सोनी, सुनीता टोप्पो सभी ने बारी बारी से महिलाओ से जुड़ी समस्या को बताया गया। वही रोकया ने बताया कि आज महिला गंभीर बीमारी से पीड़ित है कारण पीरियड के समय गंदे कपड़े पलास्टिक सेनेटरी पैड का उपयोग किया जाता है जिससे से कई अलग अलग बीमारी हो रही है। वही जिला के हरेक प्रखंड में ऊर्जा केयार सेंटर की स्थापना किया जाएगा एवम् हर महीना लोगो को जागरूक किया जाएगा, वही इस एन जी ओ के द्वारा बताया गया कि गरीब बच्चे को शिक्षा देना, निशुल्क पुस्तकालय लाईबेरी की स्थापना, वही सभी तरह की गरीब लोगो की आर्थिक मदद की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू सोनी, मोनू देवी, रुक्या खातून, सुनीता टोप्पो, पुष्पा कुमारी साजिदा खातून एवम् सैकड़ों की संख्या में महिला उपस्थित थे।

छिपादोहर रेल ट्रैक से अज्ञात युवक का शव बरामद

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): टोरी रेल खंड के बरवाडीह-छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच खम्भा नम्बर 250/12 के समीप डाउन रेल ट्रैक से 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव छिपादोहर पुलिस ने बरामद किया है। वही छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार कहा कि 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। लेकिन अभी तक शव की पहचान नही हो सका है।

सड़क दुर्घटना में दो घायल रेफर

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के बन्हें पुल के समीप शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। दोनों अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। घायलों में बानासाड़ी गांव निवासी संजय राम और बन्हें गांव निवासी मो.अल्तमश का नाम शामिल है। घायल युवकों को ग्रामीणों की त्तप्रता व एम्बुलेंस 108 की मदद से रेफरल अस्पताल सिमरिया लाया गया।जहाँ घायल युवकों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बानासाड़ी निवासी संजय राम बाइक पर सवार होकर सिमरिया से बगरा की ओर जा रहा था जो अनियंत्रित होकर पुल के समीप खड़े युवक मो.अल्तमश को चपेट में ले लिया।जिस घटना में उक्त दोनों युवकों का पैर टूट गया।घटना की जानकारी मिलते ही सिमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वाहन को कब्जे में कर घायल युवकों को रेफरल अस्पताल सिमरिया भेज दी। जिसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

96 फिसदी अंक लाकर सिमरिया की माही कुमारी बनी जिला टॉपर

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीबीएसई 10वीं का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। जिसमें सिमरिया में स्थापित केंद्रीय विद्यालय चतरा में पढ़ने वाली सिमरिया की माही कुमारी ने 96 फ़ीसदी अंक प्राप्त कर जिला टॉप की है। माही के जिला टॉप करने पर विद्यालय से लेकर घर, परिवार, गांव, मोहल्ले में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिमरिया में केंद्रीय विद्यालय खुलने से यहां के रिजल्ट में वृद्धि हुई है। सिमरिया में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर लोग जिला और राज्य स्तर के टॉपर बन रहे हैं। माही सिमरिया के जे. के. चिल्ड्रन एकेडमी से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ली और सिमरिया केंद्रीय विद्यालय खुलने के बाद उसमें दाखिला ली। माही बचपन से ही मेधावी छात्रा रही और विद्यालय में होने वाले अधिकांश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाती रही है। माही अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दी है। माही के बेहतर परिणाम लाने पर उसके दादा शिवनारायण प्रसाद, दादी कुंती देवी, पिता श्यामसुंदर प्रसाद, मां चंपा देवी, चाचा चंद्रशेखर कुमार, चाची काजल कुमारी एवं छोटा भाई मोहित ने बधाई दिया फिलहाल माही अभी कोटा में आईआईटी की तैयारी कर रही है। उसने दूरभाष पर बताया कि उसका लक्ष्य एक आईएएस ऑफिसर बनना है। माही के पिता एक दवा व्यवसाई है वहीं माँ सिमरिया स्वास्थ्य विभाग में बीटीटी के पद पर कार्यरत है।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने परिसदन से ऑनलाइन माध्यम से कई योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा परिसदन से ऑनलाइन माध्यम से जिले के कई कब्रिस्तान घेराबंदी योजना, सरना स्थल घेराबंदी एवं अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक के बीच ट्रेक्टर का वितरण किया। हंटरगंज प्रखंड के पंचायत मीरपुर, औरु, जोरीकला, औरू, चतरा प्रखंड के पंचायत चतरा, प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत डुमरवार, सिदकी, चंद्रिकला गोविंदपुर, कान्हाचट्टी प्रखंड के पंचायत चिड़ीदिरी, राजपुर, मदगड़ा, गिद्धौर प्रखंड के पंचायत पहरा, सिमरिया प्रखंड के पंचायत कसारी के गांवो में कुल 13 कब्रिस्तान घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया गया। वहीं सिमरिया प्रखंड के पंचायत इचाक, बानासाड़ी, जाँगी, कसारी, पत्थलगड्डा प्रखंड के पंचायत सिमरातरी, टंडवा प्रखंड के पंचायत साराढ़ू, राहम, नवाडीह, कबड़ा, नवाडीह, धनगड़ा, लावालौंग प्रखंड के पंचायत सिलदाग, मांधनिया, कोलकोले, रिमी, मांधनीय, कोलकोले, रिमी, पंचायत के गांवो में कुल 20 सरना स्थल घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार चतरा के मदरसा रसीदुलउलूम में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण, सिमरिया प्रखंड के जामिया मजहरूल इस्लाम सिमरिया में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कुल 2 छात्रावास के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि, समाजसेवी नवल किशोर यादव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

कर्नाटक में कांग्रेस का प्रचंड बहुमत आने पर समर्थकों ने मनाया जश्न

➲भाजपा का धर्म कार्ड पड़ा महंगा, बजरंग बली भाजपा छोड़ कांग्रेस की नैया किए पार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लावालौंग : कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी तथा प्रचंड बहुमत हासिल कर जबरदस्त उपस्थिति कांग्रेस पार्टी ने दर्ज कर ली है। जिससे समर्थको में जोश और काफी उत्साहित और जोश जूनून में है । उत्साहित समर्थकों ने कांग्रेस की जीत के साथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मैन चौक पर मिठाइयां बांटी और पटाखे छोड़े। ईस दौरान महागठबंधन समर्थक सभी मार्गो का भ्रमण कर सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस की प्रचंड बहुमत आने पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी की जीत नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की खोई हुई शक्ति वापस आई है। जिसे एक सरकार के रूप में देखा जाएगा। वहीं भाजपा का धर्म कार्ड खेलना बड़ा महंगा पड़ा। बजरंग बली के नाम पर भाजपा कर्नाटक में चुनाव जीतना चाहती थी। लेकिन बजरंग बली भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस का नैया इस कदर पार किए की खुद भाजपा हैरान रह गई । आने वाला 2024 चुनाव में भी कांग्रेस इसी तरह जनता के विश्वास के साथ चुनाव लड़ेगी और भाजपा को शिकस्त देगी, ऐसी बात मौके पर उपस्थित अपने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड प्रवेक्षक सह जिला महासचिव मो0 एकबाल ने बताया। मौके पर सबानो पंचायत, सिमरिया के मो0 कासिम, कांग्रेस पार्टी के पूर्व पंचायतअध्यक्ष मो0 युसुफ, वरिष्ट कार्यकर्ता सहमंडल अध्यक्ष मोजाहिद आलम, पंचायत अध्यक्ष डेगन साहु, वली मोहम्मद, मो0 सदरुद्दीन, राजद पार्टी के बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष छट्टू सिंह भोक्ता, सरयु यादव, मो0 मुमताज, मो0 हसीब, मो0 जमीर इत्यादि अलावे महागठबंधन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गुरुकुल शांति आश्रम में विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती पर आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर के पांचवें दिन विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गुरुकुल शांति आश्रम में 13 मई संध्या को किया गया। कवि सम्मेलन की अगुवाई कुमार संजय कर रहे थे। जिनके सहयोग में मीना बंधन, अंकिता सिन्हा, गुरमीत सिंह, चंदन प्रजापति, शालिनी, निवेदिता श्रीवास्तव, खुशबू बरनवाल आदि उपस्थित होकर राष्ट्रवादी कविताओं के जरिए उपस्थित प्रशिक्षुओं, जन समूहों को मनोरंजन के साथ शिक्षा का अलख जगाया। सम्मेलन के संयोजक समाजसेवी गुप्तेश्वर गुप्ता, लाल नवल किशोर साहदेव, सतीश जायसवाल, मंच का संचालन शिक्षक गणेश लाल, गणेश शास्त्री, रविंद्र दत्ता, शंभू शिखर, अजय मोदी, आमसेना के आचार्य कुंजदेव मनीषी, भूषण प्रसाद, गौरी लाल, धर्मराज महतो, गुड्डूस गुप्ता, उमेश कांस्यकार, डॉ शैलेश, धीरज प्रसाद, बबिता गुप्ता, राजकुमार यादव, अभय भारती, प्रतिभा शास्त्री, खुशी, जया, मानसी, रीमा, कुमार काजल समेत काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

बेंजामिन लकड़ा की अध्यक्षता में खेला गया विशु सेंद्रा को लेकर हुई समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : रविवार को जतरा बगीचा चिरी सियारपरा में श्री बेंजामिन लकड़ा की अध्यक्षता में तीन सिमानी पड़हा जरियो,राजी पड़हा कुडू तथा 1968 शहीद स्मारक समिति चिरी के संयुक्त तत्वावधान तत्वधान में तीन दिवसीय केन्द्रीय बिशु सेंद्रा जो बंदुवा दुबाँग में 9,10 एवम 11 मई को खेला गया था का समीक्षा बैठक किया गया।और निर्णय लिया गया कि बिशु सेंद्रा में जो नियम बना वह दो जून से लागू किया जाएगा।साथ ही साथ आगामी दो जून को शहीद स्थल चिरी में बृहद रूप से शहीद समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।और दो जून से पूर्व आस पास के पड़हा में आने वाले गांवों में बैठक कर दो जून की घटना क्यों हुवी उसके बारे में लोगों को बताया जाएगा जिससे लोग जागरूक होंगे और समारोह में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर पुनः एक बार हुंकार भरेंगे कि जो जमीन के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है उसे हम यूं ही व्यर्थ नहीं जाने देंगे। बैठा में पूर्व मंत्री सह विधायक सधनु भगत, सुखदेव उरांव, बेंजामिन लकड़ा, बसंत उरांव, मनेश्वर उरांव, मांगा उरांव, मंगरा उरांव, कार्तिक उरांव, संतोष उरांव, गोरेंद्र उरांव, रोशन उरांव, कविराज भगत, पंकज उरांव, मट्ठा उरांव, शंकर पहान, प्रदीप उरांव, धने उरांव, निरंजन उरांव, मंगरू उरांव, जितेंद्र लोहरा, परशनाथ भगत, बुधराम उरांव, तिवारी उरांव, लक्ष्मण उरांव, सोमा उरांव, कृष्ण लकड़ा आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं शिखा और जनेऊ : डॉ. कुंजदेव मनीषी

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): गुरुकुल आम सेना महाविद्यालय के उपाचार्य डॉक्टर कुंजदेव मनीषी ने आज दिनांक 14 मई को बौद्धिक कक्षा में शिखा संस्कृति पर उपस्थित प्रशिक्षुओं को बताए कि शिखा से मन एकाग्र होता है। शिखा का स्थल को लघु मस्तिष्क होता है,शिखा और जनेऊ भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। आदिकाल से ही शिखा रखने का विधान है। उन्होंने शाकाहारी आहार अपनाने को श्रेष्ठतम आहार बताया। बौद्धिक कक्षा के दौरान कई विद्वानों ने अपने विचारों से बच्चों को संस्कार,चरित्र निर्माण, सम्यक विचारों पर विचार प्रकट किए। जिनमें रांची के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डा गोपाल सिंह,सेवानिवृत प्रो. बी एन घोष, पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह,शिक्षक नवनीत गौड़,गणेश शास्त्री ने बच्चों को मार्ग दर्शन किया। आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन समारोह में झारखंड सरकार के कैबिनेट एवं वित्त मंत्री स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे उक्त आशय की जानकारी गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक आचार्य शरदचंद्र आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि संध्या 4:00 बजे से समापन समारोह के दौरान कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी प्रशिक्षण के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के एवं आसपास जिले के गणमान्य जन भी उपस्थित रहेंगे।

सामाजिक कुरीति को दूर करने एवं नई पीढ़ी में संस्कार भरने का निर्णय लिया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : अखिल भारतीय दांगी समाज द्वारा मां भगवती पहाड़ी मंदिर के शादी भवन में सभी ग्राम कमिटी पदाधिकारी को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सपथ ग्रहण कराया गया इस सभा का मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष केदार दांगी एवं पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार दांगी के अध्यक्षता में किया गया।इस सभा को भगवान बुद्ध को माला अर्पित कर सभा को प्रारंभ किया गया। इस सभा का संचालन रुद्रनाथ दांगी कर रहे थे ।इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सभा में, समाज में चल रहे कुरूतियो को समाप्त करने की बात कही गई जो पहले से चली या रही है। जैसे शादी में साड़ी, गमछा, पेंट-शर्ट के कपड़े दिए जाते है।फिर वही कपड़ा मरकी के घर दिया जाता है। फिर मरकी का कपड़ा शादी, गृह प्रवेश के घर में चला जाता है। इस तरह सब मटिया मेट हो जाता है। इस कपड़े की लेन देन पर पाबंदी लगाया गया तथा बच्चो पर शिक्षा तथा संस्कार को लेकर जोर दिया गया, शादी विवाह में डीजे साउंड पर पाबंदी लगाया गया। साथ में दांगी समाज के महिलाओं को कही घर से बाहर डांस करने पर पायबंदी लगाई गई, दहेज प्रथा पर भी अंकुश लगाने पर जोर दिया गया इस सभा में शिक्षक दुली राम दांगी, प्रखंड कोषाध्यक्ष रामचंद्र दांगी, प्रखंड उपाध्यक्ष जगदीश दांगी, नारायण राम दांगी, विद्यासागर दांगी, संदीप कुमार सुमन, राजेंद्र दांगी, बेदनी देवी, संगीता देवी, खुशबू कुमारी, चंचला देवी, संजू देवी, कंचन देवी, अंगिरा देवी के साथ दांगी समाज के कई सदस्य उपस्थित हुवे।

लावालौंग, प्रतापपुर और हंटरगंज में निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा, हंटरगंज : जिला के प्रखंड लावालौग, प्रतापपुर और हंटरगंज में पीएमजीएस वाई से करोड़ों की लागत से निर्मित सड़कों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण टीम में श्रीराम प्यार प्रसाद अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग हजारीबाग, मो शहनवाज खां कार्यपालक अभियंता आरईओ चतरा, सहायक अभियंता विरबहादुर व्यंकट सिंह, जूनियर इंजीनियर नरेश प्रसाद ने सड़कों की गुणवत्ता और मैटेरियल का जांच सड़क को खोद कर किया। अधीक्षण अभियन्ता की पुरी टीम ने सड़क की गुणवत्ता, मैटेरियल और बेहतर कार्य किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की कार्य संतोष जनक है ऐसे ही कार्य किए जाने से सड़कों की उमर लंबी होगी।सड़कों के निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है। ऐसे कार्यों से दुसरे ठेकेदारों को भी सबक लेने की बात कही। निरीक्षण टीम ने बताया की टुनगुन मोड़ से चतरा सिमाना, लमटा से जांगी सड़क का निर्माण लावालौंग प्रखण्ड में किया गया है। हंटरगंज प्रखंड में भोक्ताडीह से बखारीडीह और सोहद मोड़ से बिहार सिमाना तक सड़क निर्माण किया गया है। प्रतापपुर प्रखंड में चरका खुर्द से बिहार सिमाना तक और गजवा से गोबे तक की सड़क निर्माण के कार्यों को भौतिक निरीक्षण किया गया है। टीम ने बताया की पीएमजीएसवाई से सड़कों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है।स्थल निरीक्षण करने से पता चलता है की कार्य की गुणवत्ता कैसी है साथ ही जगह जगह पर सड़कों को डीप कर देखा जाता है की जितनी गहराई तक मैटेरियल देने का प्रावधान है दिया गया है या नही अगर थोड़ा बहुत भी कमी पाई गई तो ठेकेदार को सड़क दुबारा खोदवा कर बनवाना होगा। ग्रामीण सड़कें बार बार निर्मित नही होती है। सड़क अपने मयादा पुरी कर सके इसी लिए निरीक्षण किया जाता है।

राजाबासा डांड़पानी में खस्सी कप हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन

ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र सवाददाता): प्रखंड के राजाबासा स्थित डांडपानी मैदान में आयोजित खस्सी कप हॉकी टूर्नामेंट का समापन किया गया। इस समापन मैच में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके बाद खेल की शुरुआत हुई । खेल में लम्बोई एवं घुटबहार की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि सिमडेगा की धरती हॉकी के क्षेत्र में विश्व विख्यात है और यहां के कई खिलाड़ी देश विदेश में जाकर नाम रोशन करने का काम किया है। आप सभी ग्रामीण स्तर से खेलते हुए जिला एवं राज्य तथा देश का नेतृत्व करें। खेल के क्षेत्र में लगातार खिलाड़ियों के द्वारा अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं , ताकि देश का नाम रोशन हो सके। यहां के रंग-रंग में जुनून होती है और उसी जुनून को बरकरार रखने की आवश्यकता है। पूर्व मंत्री ने उन सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की बात कही ताकि यहां से कुछ सीख कर आगे जाए।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, सोमवार, 15 मई 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण, न्यायालय में शिकायत दर्ज

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रजरप्पा थाना अंतर्गत बेलाल नगर चितरपुर की एक युवती के साथ एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय रामगढ़ में युवक के खिलाफ परिवाद पत्र (शिकायत) दाखिल किया गया है। न्यायालय में दिए आवेदन के अनुसार युवती कहा गया है कि चितरपुर बेलाल नगर में अपने माता पिता के साथ रहती है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। वही तीन भाई है, जो बाहर में काम करते है। मेरे घर के समीप ही चितरपुर वर टोला निवासी शाकिब इरफान पिता इरफान उल्लाह का नया घर बन रहा है।इसी बीच युवक शाकिब इरफान का मेरे घर में आना जाना शुरू हो गया। और एक दिन मेरे साथ अश्लील बातें करने लगा। तो मैंने उससे बातचीत बंद कर दिया। कुछ दिन बाद वह पुनः मेरे घर आकर मुझसे माफी मांग कर कहा कि मैं तुमसे निकाह करना चाहता हूं। जल्द ही तुम्हारे घर वालों से बात करूंगा। कुछ दिन बाद 16 जून 2021 को दोपहर 12 बजे शाकिब मुझे बहला फुसला कर रामगढ़ स्थित ब्रिगेडियर पूरी पार्क ले गया। एक घण्टे घुमाने के बाद खाना खिलाने के लिए मुझे ओयो होटल ले गया। होटल के एक कमरे में ले जाकर मुझसे मीठी मीठी बातें करने लगा। और मेरे नाजुक अंगों के साथ खेलने लगा। जब मैंने ऐसा करने से उसे रोका, तो उसने चाकू दिखाकर धमकी दिया कि हल्ला करोगी तो तुम्हे यही जान से मार दूंगा। उसके बाद उसने मेरे मुंह मे दुपट्टा ठूंस कर मेरे साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। फिर धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताओगी तो जान से मार देंगे। उसके बाद 19 जून 2022 को एक शादी समारोह से वापस लौटने के क्रम में मुझे वह रास्ते पर मिला और मुझे कोल्ड ड्रिंक में कुछ मिलाकर मुझे पिला दिया। जिससे मुझे बेहोशी सी आने लगी।

उसका फायदा उठाकर उसने दोबारा मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया।अब मुझे अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा तो मैंने उसकी शिकायत करने के लिए रजरप्पा थाना जाने को तैयार हो गई। थाना जाने के क्रम में मुझे वह चितरपुर रेलवे ओवरब्रिज के समीप रोककर कहा कि चलो आज ही काजी से मिलकर निकाह कर लेते है। लेकिन वह मुझे गोलपर रामगढ़ ले गया। कहा कि काजी साहब बाहर गए है। एक सप्ताह बाद आएंगे। फिर मेरे माता पिता मेरी शादी को लेकर चिंतित हो उठे। तो उसने मेरे घरवालों से कहा कि न तो मैं उससे निकाह करूंगा। न ही किसी से करने दूंगा। घर वालो ने इसके बाद मुझे घर से बाहर निकाल दिया। तो मैं शाकिब के घर चली गई तो उसके घर वालो ने मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद मैंने उसकी शिकायत महिला थाना में किया। महिला थाना में शिकायत की बात सुनकर शाकिब ने मुझे पिछले 7 मार्च 2023 को निकाह करने को लेकर डोरंडा रांची स्थित एक काजी के घर ले गया। और वहां से दोबारा भाग गया। अंततः युवती में आरोपी के खिलाफ न्यायालय में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 354, 376, 506, 504 भादवि के तहत मामला दर्ज करने को लेकर रजरप्पा थाना पुलिस को पत्र भेजा गया। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि न्यायालय से पत्र प्राप्त नही हुआ है। पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

समर कैंप के पोस्टर का हर्ष अजमेरा ने किया लॉन्चिंग

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहर की मुस्कान योगा डांस एकेडमी के द्वारा आगामी 23 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रेलवे स्टेशन के समीप तिलक बाग में किया जा रहा है। जिसके पोस्टर के उद्घाटन को लेकर मुस्कान योगा डांस एकेडमी के सदस्य हर्ष अजमेरा के कार्यालय परिसर पहुंचे जिसके बाद हर्ष अजमेरा ने पोस्टर का लॉन्चिंग कर शहर वासियों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

समर कैंप में महिलाएं, लड़की वही 3 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे का प्रवेश रखा गया है। कैंप की रजिस्ट्रेशन शुल्क ?2000 निर्धारित की गई है। जिसका रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। जिसमें खाने पीने की व्यवस्था रखी गई है। समर कैंप में जंबो डांस, पूल पार्टी स्विमिंग, योगा, आर्ट क्राफ्ट,स्टोरी टेलिंग,फन रिक्रिएशनल गेम्स,पेंटिंग ड्राइंग, कबड्डी सहित कई एक्टिविटी को शामिल किया गया है। कैंप में भाग लेने वालों के लिए प्रथम पुरस्कार 2100, द्वितीय पुरस्कार 1100, तृतीय पुरस्कार 500, चतुर्थ पुरस्कार 300 रखी गई है।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने आयोजक मंडली को इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों की गर्मी छुट्टी आकर्षक बन जाएगी। ऐसे कार्यक्रम शहर में पहली बार आयोजित की जा रही है। शहरवासी इस कार्यक्रम का जरूर आनंद लें।

मुस्कान योगा डांस एकेडमी की ऑर्गेनाइजर मुस्कान कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम शहर में पहली बार आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के जरिए हम एक छत के नीचे विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमों को आयोजित कर रहे हैं इस कार्यक्रम में 4 पुरस्कार निर्धारित किए गए। इस कार्यक्रम में महिलाएं, लड़की वही 3 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे का प्रवेश दिया गया है। इस कार्यक्रम में समस्त शहरवासी सादर आमंत्रित हैं। रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है।

स्थानीय नेतृत्व कौशल को निखारना होगा : संजय मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखंड के स्थानीय हक अधिकारों एवं स्थानीय नेतृत्व कौशल को निखारने के लिए निकाली गई जनसंवाद यात्रा बसरिया बाजार पहुँची। चौपारण के बसरिया बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान यहाँ अपार भीड़ उमड़ी। वक्ताओं ने आमजनों को संबोधित किया। यात्रा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि हमें स्थानीय नेतृत्व कौशल को निखारना होगा। जिनलोगों का हमारे माटी से कोई वास्ता नहीं है वैसे लोग हमें बेवकूफ

बनाकर वोट ले रहे हैं। वोट लेने के बाद हमारे ही लोगों का शोषण कर रहे हैं। ऐसे लोग एक मनोवैज्ञानिक खेल खेलते हैं और ऐसा वातावरण बनाते हैं जिसमें स्थानीय नेतृत्व कौशल दब जाता है। विकास पर ऐसे लोगों का कोई ध्यान नहीं है।झारखंड के लोगों को यह समझने की जरूरत है कि बाहरी नेतृत्व से झारखंड का कल्याण नहीं हो सकता है। श्री मेहता ने कहा कि आज पूरे झारखंड के भीतर इस बात की जरूरत है कि विधानसभा और लोकसभा के स्तर पर जो राजनीतिक हकमारी हो रही है उसपर हम आवाज बुलंद करें। राजनीतिक दलों को भी इस बात को लेकर आगाह करना होगा की स्थानीय प्रत्याशी को ही टिकट देने में प्राथमिकता दें। राजनीतिक दलों को इस तथ्य पर गौर करना होगा कि झारखंड के भीतर झारखंड के प्रत्याशियों को ही मौका दिया जाए। बड़े - बड़े यूनिवर्सिटी और कॉलेज कैसे खुले, कैसे शैक्षणिक स्तर पर बेहतर माहौल बने इस पहलू पर भी गौर करना होगा। युवा पीढ़ी को नशा और अवैध कारोबार से बचाना होगा। यदि आज दखल नहीं दिया गया तो दशकों तक जो पीढ़ियाँ बर्बाद हुई है वह आगे भी दशकों तक बर्बाद होती रहेगी। सभा को संबोधित करते हुए भुवनेश्वर यादव ने कहा कि बरही की धरती से हम एक नए इंकलाब का एलान कर रहे हैं। हमारी सोच बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें स्थानीय नेतृत्व चाहिए हम इसी पहलू पर काम कर रहे हैं। हम लोगों के बीच एक राजनीतिक चेतना जागृत करना चाहते हैं। हम एक राजनीतिक सोच पैदा करना चाहते हैं। हम जनजागरूकता लाना चाहते है। हम चाहते हैं कि हमारे धरती के साथ जो छल हो रहा है उसके खिलाफ एक आवाज बुलंद हो। आखिर कब तक हम ऐसे लोगों के चंगुल में फँसे रहें जो इस माटी के नहीं हैं। जिन्हें इस माटी से लगाव नहीं है वैसे लोग हमारा नेतृत्व करेंगे तो इस माटी का कल्याण नहीं होगा। इस बात को गहराई से समझना होगा। तभी हम सब स्थानीय स्तर से अपना नेता लोकसभा और विधानसभा स्तर पर भेज सकेंगे। रवि सोनी ने कहा कि हम सब को अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुँचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी। मिलकर एक प्रयास करना होगा।

कटिया मंडा पूजा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : कटिया शिव मंदिर के प्रांगण में शिव पूजा मंडा समिति की बैठक हुईढ्ढ जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर महतो तथा संचालन मोहित कुमार के द्वारा किया गयाद्य समिति के संरक्षक सह मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा बताया गया कि आगामी 15 मई को ग्राम कटिया में मंडा पूजा होने वाला है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है द्य इस मंडा पूजा में पुरुलिया से लड़की पार्टी के द्वारा छऊ नृत्य दिखाया जाएगा। साथ ही मंडा पूजा में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल होंगे ढ्ढ यहां का मंडा पूजा क्षेत्र का काफी पुराना पूजा है। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं ढ्ढ मौके पर भुनेश्वर महतो वकील महतो नरेश महतो शंकर महतो गणेश कुमार ठाकुर मनीष कुमार सुनील कुमार रवि कुमार राजेश महतो पंकज महतो गोपाल महतो विनोद कुमार नंद किशोर महतो रंजन कुमार अशोक महतो रणधीर कपूर इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के नशा मुक्ति केन्द्र का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार के द्वारा किया गया। मौके पर सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार ने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट से इस नेक काम के लिए उनको साधुवाद किया। उन्होंने कहा की इस प्रकार के कार्य के लिए प्रशासन आपका भरपूर सहयोग करेगा। उन्होंने उपायुक्त के आदेश से नगर भवन में

इस तरह का एक बड़ा वर्कशॉप करने की बात कही ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें, विशिष्ट अतिथि मंजू नंदनी ने कहा कि समाज में महिलाओं को आगे आना होगा और इस नशा के कारोबारियों को जड़ से खत्म करना होगा, इसमें आप सब की सहयोग की अपेक्षा है। राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह समाजसेवी संजर मलिक समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों जनप्रतिनिधियों एवं सेवानिवृत्त पदाधिकारियों से अपील कि इस नशा को और नशा के शिकार हो रहे युवाओं को बचाने के लिए आप सब आगे आए है, हम लोग भी सहयोग करेंगे ।

भाकीमयू के जिला उपाध्यक्ष बने मोहम्मद हसन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : भारतीय किसान मजदूर यूनिट (सिंघानिया) का जिला रामगढ़ उपाध्यक्ष मोहम्मद हसन अंसारी को रविवार मनोनीत पत्र सौंपकर बनाया गया हैं। अवसर पर अरगड्डा बिरसा चौक में भाकिमयू जिला रामगढ़ कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक बेदिया, सचिव अविनाश राम ने एक साथ कहां कि क्षेत्र के ग्रामीण किसान मजदूरों की समस्या और आवाज को बुलंद करने के लिए संगठन में युवाओं को जगह और सम्मान दी जा रही हैं। साथ ही संगठन विस्तार का भी कार्य

किया जा रहा हैं। सभी संगठन सदस्य इस पर ध्यान दें। सभी ने नव जिला उपाध्यक्ष हसन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही हर्ष व्यक्त किया हैं। मौके पर श्याम बेदिया, गणेश मुंडा, आकाश उर्फ कलर्क बेदियां, रणजीत चौहान, अजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

मंझिलाचुंबा में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरदी : मांडू प्रखंड के मंझिला चुम्बा चांदनी चौक के समीप सोलर आधारित पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पीने का पानी मिल रहा था। यह लगभग 2 साल से बंद पड़ा हुआ है। इससे क्षेत्र में पीने के पानी का समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पीने का पानी बहुत दूर से लाना पड़ता हैं। शुद्ध पानी पीने के लिए खरीद कर लाना पड़ रहा है। बाबा सिकंदर ने कहा कि बीते दिनों में चुम्बा पंचायत के मुखिया बोले थे कि पानी की समस्या को लेकर समाधान करेंगे

लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे पीने का पानी एवं अन्य कार्यों के लिए समस्या बढ़ती जा रही है। मौके पर छोटेलाल दास, बाबा सिकंदर, कुर्बान अंसारी, सनम देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, राबुल अंसारी, मुमताज अंसारी, किशोर राम, जाकिर मियां, जाविर मियां, सुशीला देवी, सेहलाला खातून, रजिया खातून, सकीना खातून, आबेदा बेगम, गीता देवी, सुनीता देवी, फूलमती देवी आदि कई ग्रामीण उपस्थित थे।

बिजली पोल में आई करंट, वृद्ध की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्दी : पानी टंकी गिद्दी अस्पताल में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाई गई 3.3 पोल में आई करंट में सटने से लगभग छह बजे गिद्दी पुराना बुधबाजार निवासी राजालाल साव (67) की मौत हो गई। राजालाल साव की मौत की जानकारी मिलते ही उनके परिजनों समेत अन्य लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सूचना पर गिद्दी थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहू भी घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। इस दौरान आजसू के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा सह यूनियन नेता पुरूषोत्तम पांडेय, राजेश गुप्ता, मुखिया हीरालाल गंझू, मुखिया प्रतिनिधि महादेव महली, राजेश सिंह, विजय प्रसाद, आशीष करमाली, यूनियन नेता गौत्तम बनर्जी, राजेश गुप्ता, अजीत प्रजापति, अजय सिंह, बिरजू साव, सुधीर सिंह, कीर्तन सिंह, लोकश

सोनी, विकास सिंह, रविंद्र मिस्त्री समेत मृतक के परिजनों ने 10 लाख मुआवजा देने, जर्जर पोल व तार बदलने की मांग को लेकर शव उठाने से रोक दिया। बाद में अरगडा क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर ईएंडएम संजीव झा, गिद्दी परियोजना के डीस्पैच ऑफिसर अयोध्या करमाली, उपविद्युत अभियंता हरिमोहन, सेफ्टी ऑफिसर आशुतोष रंजन ने आंदोलनकारियों से वार्ता की। वार्ता में प्रबंधन ने मृतक के दाह संस्कार के लिए उनके परिजनों को 25000 नकद देते हुए रेलीगड़ा में करंट लगने से हुई मौत के तर्ज पर मुआवजा देने का आश्वासन दिया। आश्वासन पर गिद्दी पुलिस ने सुबह 10 बजे शव को उठाकर मृतक के पुत्र सुनील कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर एक केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजालाल साव घर-घर जाकर गाय का दुध दुहने का काम करते हैं। प्रतिदिन की तरह वे गिद्दी दुर्गामंडप में एक सीसीएल कर्मी के घर से गाय का दुध दुहकर निकले थे। इस दौरान माना जा रहा है कि वे लधुशंका करने के लिए बिजली पोल के पास गए जहां बिजली पोल में करंट प्रवाहित था। जिसमें सट जाने से उनकी करंट लगने से मौत हो गई।जबकि विधुत विभाग के अधिकारी एवं कुर्मी बिजली पोल जांच पडताल गिददी वाशरी से वोल्टेज वाला मशीन मंगवाकर किया जा रहा है जिस वजह से बिजली को काट दिया गया है ।जाँच होने के बाद हीं बिजली बहाल कीं जाएगी ।आक्रोशीत भीड़ के लोगों ने बताया की लापरवाही के कारण हीं यह घटना घटी हैं ।जाँच पडताल कर बिजली बहाल कीया जाएं जिससे घटना कीं पुनरावृत्ति न हो।

किसान के बेटा का भारतीय पोस्टल विभाग असिस्टेंट पद पर हुआ चयन

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बोरोविग पंचायत के अंतर्गत छोटकी पोना गांव निवासी शुभम कुमार पिता मनोज महतो का भारतीय पोस्टल विभाग में सहायक पद पर चयन हुआ। युवक का पोस्टल विभाग के पद पर चयन होने से पूरे गांव और परिवार में खुशी की लहर है तथा जिला समेत प्रखंड का नाम रोशन किया है बताया गया कि पूर्व में शुभम ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से बीटेक डिग्री हासिल की और टीसीएस कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर कोलकाता में पोस्टिंग है जहां अभी कार्यरत है छात्र शुरू से ही काफी मेधावी और होनहार छात्र था पढ़ाई के प्रति गंभीर एवं काफी रूचि रखता था और हमेशा ऊंचाई तक पहुंचने की कठिन मेहनत करते रहता था शुभम के छोटे चाचा सुनील कुमार पलामू जिला के प्रखंड में बीडीओ के पद पर कार्यरत है उनका हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा छात्र की प्राथमिक पढ़ाई गांव के स्कूल में तथा मैट्रिक रजरप्पा डीएवी स्कूल से अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुआ और प्लस टू बरियातू डीएवी रांची से बेहतर अंक प्राप्त किया तथा पुनः उच्च तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई कर संघर्ष से नौकरी हासिल की एक किसान का बेटा होने के कारण माता-पिता अपनी खेती बारी कर बेटा को पढ़ाने में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी पिता मनोज महतो बताते हैं कि पूरा परिवार खेती बारी पर आश्रित है और चिलचिलाती धूप में खेतों में जाकर बच्चों की बेहतर ढंग से पठन-पाठन के लिए खेती बारी से हमेशा जुड़े रहते हैं बताया कि माता पिता का भी सहयोग पूरा रहना चाहिए और बच्चों को लगन और मेहनत करने के लिए हमेशा प्रेरित करना चाहिए संघर्ष और मेहनत करने वाले छात्रों को एक न एक दिन सफलता मिलती है तथा ऊंची मंजिल तक पहुंच पाना आसान होता है।

घायल अवस्था में मिला हिरन, इलाज कर वापस लाने के दौरान हुई मौत

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ जिला के भदानी नगर ओपी क्षेत्र के कुरसे गांव जंगल स्थित आज गंभीर अवस्था में मिला हिरन की पशु चिकित्सा से इलाज के बाद वनविभाग में वापस लाने के दौरान रास्ते

में मौत हो गई, मिली जानकारी अनुसार हिरण जंगल से भटक कर गांव की ओर आ गया था। जिसे देखने के लिए स्थानीय बच्चे युवा घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित होने से हिरण भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगा जिस बीच खेत किनारे लगाए हुए तार कि जाली में फंसकर कर हिरण घायल हो गया था । ग्रामीणों द्वारा पकड़कर वनविभाग को सूचना दी गई जिसके बाद वन विभाग के टीम घटनास्थल पहुंचकर घायल हिरण को अपने कब्जे में लेकर पशु चिकित्सा में इलाज कराई जा रही थी वहीं इलाज के बाद वापस लाने पर बीच रास्ते में हिरण की मौत हो गई। जिसे वनविभाग के रेंजर अखिलेश कुमार चौधरी के निगरानी में डाक्टर पंकज कुमार द्वारा पोस्टमार्टम कर विधि-विधान के साथ दफनाया गया। और पूरे मामले की जांच पड़ताल की जाएगी सच में भागने के दौरान हिरण घायल हुआ था या किसी व्यक्ति के द्वारा किसी चीज से मारा गया है।

एनएसएस विशेष शिविर में मतदाता जागरूकता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रमों का विषय रहा मतदाता जागरूकता ।

मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शिवकुमार राणा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर केंद्रित एनएसएस की इकाई ने आज इस विषय को चुना द्य स्वयंसेवकों ने बैनर एवं पोस्टर के साथ नारा लगाते हुए ,आस-पास के गांव में जाकर मतदाताओं से बातचीत तथा सभाएं करके उनके बीच जागरूकता का प्रयास किया इस कार्यक्रम डॉ. तनुजा गुप्ता, डॉ वीरेंद्र चौरसिया, प्रो. निशा कुमारी

प्रो. शनि देव कुमार तथा प्रो. अजीत कुमार तथा मून कुमारी के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने जोश- ओ-खरोश के साथ कार्यक्रम को अंजाम दिया । एनएसएस स्वयंसेवकों में अमित पांडे, दीपक, कमलकांत, प्रकाश पासवान, सुमिता, संतोष प्रिया, नेहा, मोनिका, धर्मेंद्र, सुमन, मृदुला, सीताराम, ट्विंकल, दीपा, जया राखी प्रीति, मनोज, दिनेश, असगरी एवं पूजा प्रमुख रहे ।

मातृ दिवस के अवसर पर हुई गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में रविवार को विद्यालय प्राँगण में मातृदिवस के सुअवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माताओ द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया। मातृदिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा मां पर लिखी कविता एवं गाने तथा नाटक की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमार ने कहा कि मां त्याग और ममता की मूर्ति होती है। सभी माताएं अपने बच्चों को सफल देखना चाहती हैं। विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि भारत में पृथ्वी, गंगा और गाय को माँ कहा गया है। माता ममतामयी और कल्याण करने वाली होती है। वे अपनी इच्छाओं को दफन करते हुए बच्चों के विकास में लगी रहती है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से माताओं को सम्मान देना विद्यालय के द्वारा एक अच्छी पहल है।

कार्यक्रम के अंत में जहां एक ओर अतिथियों के द्वारा विद्यालय टॉपर विनीत कुमार, संजय कुमार तथा

हरीश कुमार को मेडल मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर राजेश कुमार को मेहनती और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सुमन तथा प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्राचार्य सुभाष कुमार, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, शिक्षिका हेमा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी स्वाति प्रिया, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, ममता कुमारी, बबीता कुमारी, पंकज कुमार, रीतलाल कुमार, राजेश रंजन, रंजीत मिश्रा, बासुदेव महतो, राजकुमार साव, संगीता कुमारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

आईसीएसई 10 वीं का रिजल्ट हुआ जारी प्रियंका प्रथम और अल्वी पांचवे स्थान पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आईसीएसई दसवीं का रिजल्ट रविवार को जारी हो गया। इस मौके पर नामकुम थाना अंतर्गत लोवाहडीह सामलौंग कार्मेल स्कूल की छात्राओं का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल की प्राचार्य का भी काफी खुश हैं।कार्मेल बालिका स्कूल के कुल 128 छात्रों ने परीक्षा लिखी, जिसमें 118 प्रथम स्थान , दूसरे स्थान पर आठ और तीसरे स्थान पर दो छात्राएं रही।

प्रियंका कुमारी 97. 8 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान पर रही

कार्मेल स्कूल की छात्रा प्रियंका कुमारी

अल्वी मेहताब खान

97. 8 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान हासिल की, तो वहीं रुनी प्रीति सोन 97.6 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान पर, रूबी कुमारी 97. 2 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर, मीना कुमारी 96.4 प्रतिशत लाकर चौथे स्थान पर और अल्वी मेहताब खान 95 . 2 प्रतिशत लाकर पांचवे

नैना कुमारी

स्थान पर न सिर्फ अपने स्कूल की बल्कि माता-पिता का भी नाम रोशन किया है ।

इसके अलावा छठे स्थान पर तनु किरण महतो 95.6 प्रतिशत, और जी एस साक्षी 94 . 2 लाकर 8 वें स्थान पर, साक्षी सिंह 94 प्रतिशत आठवें स्थान पर , सुमैया आलम

रूबी कुमारी

94.8 प्रतिशत , नतीशा लकरा, 93 . 8 प्रतिशत लाकर नौवा स्थान पर, पल्लवी कुमारी 93.6 लाकर दसवें स्थान पर , साना साहिल मल्लिक 93.प्रतिशत 11 स्थान पर, दृष्टि सिंह 92.8प्रतिशत और तृप्ति कुमारी 92.2प्रतिशत 13 वें स्थान पर , हर्षिता ज्योति देशमुख 91.8

रूनी प्रीति सोन

प्रतिशत 14 वें स्थान पर और साइमा फिरदोस सहित और छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

प्रिंसिपल ने कहा

कार्मेल स्कूल की प्रिंसिपल स्टेफी ऐसी ने बताया कि छात्रों ने जिस तरह से पढ़ाई को लेकर हिम्मत जुटाई है इसी का सकारात्मक

प्रियंका कुमारी

परिणाम रिजल्ट के रूप में आया है , जो काफी खुशी की बात है। उम्मीद करते हैं कि इन छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा और आगे भी हुए बेहतर और उत्कृष्ट प्रदर्शन करके न सिर्फ स्कूल, बल्कि अपने संस्थान और माता-पिता का नाम रोशन करेंगी।

न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में क्राफ्ट व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा नईसराय मुख्य मार्ग हेसला में स्थित न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 5 के बच्चों का आर्ट एंड क्राफ्ट कंपटीशन का आयोजन किया गया । इसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया छात्रों ने पेंसिल स्टैंड , फ्लावर पाट , डाल, फोटो फ्रेम, बाल हैंगिंग आदि चीजें बनाई गई । साथ ही कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों का निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में प्रथम रघुवीर , द्वितीय अलीशा, तृतीय आलोक बेदिया स्थान प्राप्त किए साथ ही निबंध प्रतियोगिता में प्रथम शगुफा एंड शीतल , द्वितीय रेनू तृतीय अलीशा एवं आफरीन स्थान प्राप्त किये । इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल मीली शाह ने प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया ।

समाजसेवी की छोटी पुत्री का चयन दिल्ली में कबड्डी हेड कोच के रूप में हुआ

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): समाजसेवी राकेश सिन्हा एवं आभा सिन्हा की छोटी पुत्री का चयन दिल्ली में कबड्डी हेड कोच के रूप में हुआ जिसमें राकेश सिन्हा आभा सिन्हा ने बताया कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का कथन सत्य प्रतीत होता है साथी साथ अपनी तैयारी दिल्ली में आईपीएस की तैयारी भी चल रही है इस मौके पर सभी लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

मुखिया ने स्नानघाट का किया उद्घाटन

विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखंड अंर्तगत पंचायत मडमो में वार्ड नंबर 3में 15वे वित्त आयोग मद से भूतपूर्व मुखिया स्व. खिरोधर महतो के तालाब में 2,49900 के लागत से बने स्नानघाट का निर्माण कार्य का उद्घाटन पंचायत के मुखिया कुन्ती कुमारी के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया।इस उद्घाटन के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, पंचायत समिति सदस्य बहाराम हसदा,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो,वार्ड सदस्य अनिता देवी,अर्जुन महतो,घनश्याम महतो,रामेश्वर महतो,कैलाश महतो,राजेंद्र महतो,मनोज महतो पार्वती देवी,सावित्री देवी,बहराम मरांडी,सहित काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

हौसीर में जमीन विवाद लेकर आपस में भीड़े, एक की मौत

गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता): गिद्दी के हौसीर में जमीन विवाद के लेकर एक बैठक अपने ही आवास में बदरुद्दीन घर पर ही रखा था बात ही बात में दोनों पक्ष में गर्मा गर्मी हो गया जिसे जो मिला ईटा पत्थर चलाकर मरने लगा जिसमें मोहम्मद जाकिर की मौत हो गई गिद्दी पुलिस पहुंचकर प्यारे हुसैन मनसूर नसरुद्दीन को गिरफ्तार कर ले गया। मोहम्मद जाकिर हुसैन शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

महुदा महाविद्यालय में विकास समिति की बैठक संपन्न

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा महाविद्यालय विकास समिति के माध्यम से महाविद्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शत्रुघ्न महतो के द्वारा की गई। बैठक में प्राचार्य श्यामलाल महतो ने सभी का स्वागत किया, और संक्षिप्त प्रतिवेदन सचिव प्रो दीपनारायण शर्मा ने प्रस्तुत किया । जिसमे 1982 से लेकर 2023 तक का विवरण दिये। बैठक का संचालन प्रो. मनोहर कुमार महतो ने किया। बैठक में - विभिन्न पंचायतो के जनप्रतिनिलियों ने भी अपना सुझाव दिया । अर्चनाद्ध देवी, उमा देवी, कृष्णा ने 5001 रु. सहयोग का भी घोषणा किया। समाजसेवी प्रदीप महतो ने कहा की महाविद्यालय के विकास हेतु डी एम एफ टी फण्ड का ग्रामसभा करके महाविद्यालय को सहयोग कराने की अपील करेंगे। और जरूरत पड़ने पर में स्वयं । गिट्ठी । देकर सरयोग करेंगे। धन्यवाद प्रा. शिकन्दर खानी ने किया।

पेरेंट्स अपने नाबालिक बच्चों को गाड़ी चलाने के लिए प्रेरित ना करें : ऋषि कांत

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ के अंतर्गत सड़क सुरक्षा दल के द्वारा दिगवार उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । जिसमें करीब 50 बच्चे शामिल हुए। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा था सड़क दुर्घटना के प्रति बच्चों को जागरूक करना । मालूम हो कि जिले में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है इसे मद्देनज़र रखते हुए यह कार्यक्रम चलाया गया । बच्चों को झारखंड गुड समेरिटयन एवं हिट एंड रन स्कीम के बारे में भी बताया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को अपने पेरेंट्स को भी जागरूक करना चाहिए एवं यह भी ध्यान देना चाहिए कि उनके बच्चे उम्र से पहले वाहन ना चलाएं ।प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसी सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया जाए एवं इसके बारे में क्लास रूम में भी चर्चा की जाएगी। मौके पर सड़क सुरक्षा अभियंता ऋषि कांत, विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक मौजूद थे ।

केंद्रीय विद्यालय पतरातु सांकूल निवासी प्रेसिका बनी स्कूल टॉपर

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): केंद्रीय विद्यालय 12 वी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए । विद्यालय का नाम रौशन किया है । वहीं केंद्रीय विद्यालय कि छात्रा प्रेसिका सिंह बिना कोचीग क्लास किए विज्ञान विभाग में 85.6 त्न लाकर विद्यालय टॉपर बनी । प्रेसिका ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए । बताया कि आगे भी पूरी लगन साथ पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती हैं । इस मौके पर ग्राम सांकुल के ग्रामीणों एवं समाजसेवीयों ने प्रेसिका को फूलमाला पहनाकर पेन देकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी । साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। वहीं उनके पिता ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से कभी टयुशन और कोचिग नहीं की है।उसके बाद भी प्रेसिका ने खुद घर में पढ़ाई कर आज स्कूल टॉपर बनी।उसके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार के सभी सदस्य प्रेसिका पर गर्व महसूस कर रहे है ।मौके पर माँ रिमा सिंह,उप मुखिया ज्योति कुमारी,संजय मास्टर, राज कुमार राम,उपेन्द्र सिंह,टिंकू सिंह,चंद्रदीप साव,प्रवीण सिंह,लालू सिंह,आदि थे ।

आम रास्ता को बंद करने के विरोध में ग्राम सभा का आयोजन किया गया

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): इटकी के खोरखा टोली में शनिवार एक ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान सुधीर उरांव की अध्यक्षता में कई गयी। जिसमे एक महिला आनन्दिनी केरकेट्टा द्वारा सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण कर घेराबंदी का विरोध किया गया। ग्राम सभा ने 25 मई तक अतिक्रमण की गई चहारदीवारी हटा लेने की चेतावनी दी गयी है। यदिनिर्धारित समय तक अतिक्रमण मुक्त कर रास्ता चालू नही किया जाता है तो ग्राम सभा द्वारा हटा दी जाएगी। जिसकी कॉपी इटकी थाना व अंचल को दी गयी है। इटकी पूर्वी पंचायत के ग्राम प्रधान सुधीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में सात प्रस्ताव पारित किये गये। ग्राम सभा में मुहल्ले के एक महिला आनंदिनी केरकेट्टा द्वारा बकाश्त भुईहरी पहान पहनई जमीन पर अतिक्रमण कर चहारदीवारी का निर्माण किये जाने जिस पर मुहल्ले के लोग करीब एक सौ वर्षों से बने आम रास्ता को बंद किये जाने का विरोध किया। इस मामले में ग्राम सभा ने सीओ और थाना प्रभारी से उचित कार्यवाई करने की मांग की है। ग्राम सभा में हल्का कर्मचारी माधवी कुमारी व मुखिया रीता देवी के अलावा पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर शाहदेव, मुर्तजा आलम, राजकुमार तिर्की, जगमोहन महतो, शमीम, आसामी अजीत कुमार, रूपचंद महतो, आशा मिंज व सबिता कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

मजदूरों की समस्या को लेकर डाक बंगला परिसर में आयोजित की गई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : खूंटी के डाक बंगला परिसर में असंगठित कामगार मोटीया मजदूर किसान संघ की बैठक हुई बैठक में अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा बाहरी मजदूरों के कारण लोकल मजदूरों को काम नहीं मिल रहा यह गंभीर विषय है दूसरा यह कि जिन लोगों ने लेबर कार्ड के लिए आवेदन भरा है उनका लेबर कार्ड समय पर नहीं मिल रहा है इसे श्रम अधीक्षक के पास बात को रखा जाएगा सभी सदस्यों ने कहा महीना का पहला सप्ताह रविवार के दिन और महीना के आखिरी रविवार के दिन महीना में दो बार संगठन का बैठक होगा इस बैठक में सभी लोग अपना अपना समस्या को लेकर आशान्वित है कुछ मजदूर अपनी समस्या को बताते हुए कहा कि हम गांव देहात ग्रवादियों के डर से खूंटी में किराए के घर लेकर रेजा कुली का काम करके जीवन यापन गुजार रहे हैं ऐसी परिस्थिति में रोज काम नहीं मिलने के कारण कभी-कभी भूखा भी रहना पड़ता है किराया भी देने नहीं सकते हैं मजदूरों की बातों को सुनकर इस बात को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे बहुतों मजदूरों के पास औजार के कारण काम नहीं कर पा रहे हैं इस विषय पर मजदूर नेता धर्मेंद्र मांझी ने कहा इन लोगों को सरकार की ओर से गैता साबर कोड़ी की मांग करते हैं रेजाओ को झोडी टोकरी वगैरह की मांग करते हैं मजदूर अपनी बात को रखते हुए सरकारी काम जो भी हो रहा लोकल मजदूरों को देने का काम करें खूंटी के नेताजी चौक पर हजारों मजदूर सुबह में जुटते हैं लेकिन कुछ को काम मिलती है कुछ को नहीं मिलती है बाकी निराश होकर घर चले जाते हैं इनके लिए भी व्यवस्था करने का प्रयास एवं सरकार से मांग करते हैं कि इनको खाना दिन का व्यवस्था किया जाए आखिर में राष्ट्रगान के साथ बैठक को समाप्त किया गया मौके पर गोपाल महतो कुलदीप राम अरविंद राम विनोद महतो सिकंदर नायक इमानुएल मुंडू बिरसा मुंडा तेतरू महतो रेखा देवी पूनम देवी सुनीता देवी आरती देवी रासो देवी आशा कुमारी बिरसी मुंडू जयमती देवी फुल मनी देवी सैकड़ों की संख्या में मजदूर मौजूद थे।

झारखंड स्टेट स्टुडेंट युनियन ने 60/40 नियोजन नीति के खिलाफ खिजरी विधायक को मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : झारखंड राज्य बने 23 साल गुजर जाने के बाद भी झारखंड़ी हित में अभी तक ठोस खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति नहीं बनना शर्मनाक है। जिसे लेकर पुरे झारखंड में उबाल है। पिछले दिनों तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आवास घेराव, मशाल जुलूस एवं झारखंड बन्दी आंदोलन को सफल करने के बाद झारखंड स्टेट स्टुडेंट युनियन सभी 81 विधायक एवं 14 सांसद के घर जाकर अपनी मांग के समर्थन में सहमती पत्र पर हस्ताक्षर अभियान चला रही है। अभियान के तहत रविवार को आंदोलनकारियों का दल झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मिला और झारखंड हित में खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति निर्धारण के मांग पत्र सौपा। जिसपर विधायक राजेश कच्छप ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड का निर्माण ही झारखंडियों के लिए हुआ है लेकिन 23 साल बाद भी ठोस स्थानीय नियोजन नीति नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण है और आंदोलनकारियों के साथ खड़ा हूं आगे भी खड़ा रहुंगा। मौके पर सुमित कुमार महतो, राजेश बैठा, अंगद नायक, आदि दर्जनों आंदोलनकारी शामिल थें।

एस पी माइक्रो ग्रीन मल्टी टेस्टिंग लैब का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखण्ड अन्तर्गत पतराहातु मेन रोड के समीप विश्वस्तरीय जाँच-घर एस. पी. माइक्रो ग्रीन मल्टी टेस्टिंग लैब का एक और बेहतरीन शाखा आम जन को समर्पित किया गया। लैब का विधिवत उद्घाटन एवं योजनाओं का भी आधारशिला रखा गया। आधुनिक मशीनों एवं दक्ष टेक्नीशियन से युक्त यह लैब ग्रामीण इलाके के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। अंतरराष्ट्रीय खिलाडी, कॉमन वेल्थ पदक विजेता दिनेश कुमार महतो के साथ साथ लैब के संस्थापक - शिल्पा कुमारी, डॉ प्रकाश महतो, डॉ परमेश्वर लाल, पूर्व प्रमुख शिला साहू, जिला परिषद् प्रत्याशी बीना देवी, परमेश्वर महतो एवं इलाके के सभी मुखिया, वार्ड मेंबर्स, सहिया संग सभी गणमान्य लोगों ने मिलकर इस लैब का उद्घाटन एवं गायत्री योजना को जन कल्याण के लिए समर्पित किया । ज्ञात हो कि मुरी मे मुख्य ब्रांच- का उद्घाटन पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कु महतो ने पिछले बर्ष किया था । यह लैब आधुनिक मशीन एवं दक्ष टेक्निशियन के साथ-साथ सही समय, सही दाम, सही रिपोर्टिंग देने के लिए तत्पर है,जो कि अपने विश्वस्तरीय पैमानों के संग आपके सभी पैथोलॉजी जाँच सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करेगा। गायत्री योजना के तहत प्रत्येक रविवार लोगों के लिए निःशुल्क शुगर, बीपी, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, एवं रेगुलर हेल्थ चेक-अप 2023 के अंत तक जनकल्याण हेतु आम जन को समर्पित किया गया , इस योजना का लाभ हर कोई व्यक्ति इस लैब के पतराहातु ब्रांच में प्रत्येक रविवार को आकर लाभान्वित हो सकते हैं । लैब के संस्थापक नए ब्रांच के उद्घाटन के हर्ष में सभी लोगों को सम्बोधित कर इन योजनाओं को आम जन के लिए प्रस्तुत किया ।

हाजियों के लिए होनी चाहिए थी वैकल्पिक व्यवस्था : रिजवान खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आज झारखंड राज्य हज समिति के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान ने कहा कि रांची इन्वोकेशन पॉइंट से पूर्व निर्धारित रांची इन बारकेशन पॉइंट से झारखंड के हाजियों को प्रस्थान करने हेतु झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से रांची आ गए हैं रांची इन्वोकेशन पॉइंट से गो एयर पूर्व निर्धारित था लेकिन 1 सप्ताह पूर्व गो एयर दिवालिया घोषित हो गया राज्य सरकार को झारखंड के हाजियों को दर्द समझते हुए उनकी परेशानी को समझते हुए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए ताकि यहां के हाजियों को किसी तरह की परेशानी ना हो मैं यह बताना चाहता

हूं कि 2018 और 2019 में रांची इन बारकेशनपॉइंट से मेरे नेतृत्व में झारखंड के हाजी हज के लिए गए थे परंतु आज झारखंड के विभिन्न क्षेत्र के हज यात्री रांची में परेशान हो रहे हैं। आज दुर्भाग्य की बात है कि 1 सप्ताह पूर्व पता चल गया था कि गो एयर दिवालिया घोषित हो गया तो राज्य सरकार को उसी समय झारखंड के मुख्यमंत्री राज्य हज कमेटी के चेयरमैन को जाग जाना चाहिए और कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी इससे पता चलता है कि राज्य सरकार और राज्य हज समिति गंभीर नहीं है हाजियों के लिए अभी सिर्फ 4 दिन बचे हुए हैं और नोटिस दिया जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार और हज कमेटी को यह तय करना चाहिए उनकी परेशानी दूर हो दो विकल्प व्यवस्था है एक तो दूसरे एयरलाइन पर विचार करना चाहिए हज कमेटी ऑफ इंडिया साथ मिलकर राज्य सरकार को पहल कर गोएयर के जगह दूसरे एयरलाइन की व्यवस्था करनी चाहिए।

बहेरा पंचायत से दो विद्यार्थी एक्सपोजर विजिट रांची के कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : अनुसूचित जनजाति समाज के सुदूर क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक्स्पोज़र विजिट कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षा और समाज के विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तथा उनके मन में आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु एक प्रयास किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 मई से 17 मई तक चलेगा। इस कार्यक्रम में चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के दो बच्चों को चयनित किया गया है। जिसमे एक छात्रा डॉली कुमारी जो कि ग्राम बहेरा की रहने वाली है जो फिलहाल स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वहीं दूसरा छात्र विनय मुर्मू बहेरा पंचायत के ग्राम फूसरी का रहने वाला है और स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र है। बता दें कि इस कार्यक्रम के लिए पूरे झारखंड से 50 बच्चों को चयनित किया गया है।बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि बच्चों को 15 मई को रांची लेकर जाना है जिसमें पहले दिन बच्चे महामहिम राज्यपाल से राजभवन में संवाद करेंगे। इसके बाद अगले दिन 16 तारीख को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा महामहिम के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर संवाद करेंगे वहीं तीसरे व अंतिम दिन यानी 17 मई को बच्चे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , महामहिम राज्यपाल तथा झारखंड के राष्ट्रपति हेमंत सोरेन के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में एनटीपीसी विफल : मनोज महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : रविवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस हुई । जिसकी अध्यक्षता भाकपा अंचल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार महतो ने किया ढ्ढ बैठक में मजदूरों की समस्याओ को देखते हुए एनटीपीसी मजदूर यूनियन 17 मई से मजदूर जागरूकता अभियान एव गेट मीटिंग चलाएगी एव मजदूरों की समस्याओं को लेकर मजदूरों को गोलबंद करके पीवीयूएनएल प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन का शुभारंभ किया जाएगा ।एनटीपीसी मजदूर यूनियन सभी विस्थापित - प्रभावित के गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को गोलबंद करेगी। वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा की लगातार मजदूरो द्वारा शिकायत की जा रही है। कि मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं मिलता है ।12 घंटा काम लिया जाता है। मासिक वेतन समय पर नहीं मिलना एजेंसियों द्वारा मजदूरों को धमकाना इत्यादि समस्याएं सामने आ रही है । वहीं स्थानीय युवाओं को पीवीयूएनएल प्रबंधन रोजगार देने में विफल साबित हो रही है। मौके पर मनोज मुंडा संतोष मुंडा सरवन करमाली विकास मुंडा ओम प्रकाश साहू किशोर कुमार महतो राहुल विश्वकर्मा नरेश बेदिया मनीष बेदिया प्रभात कुमार महतो सनीलाल बेदिया विकास भुइया और रोहित भुइया आदि उपस्थित थे।

पवित्रम संस्कार वाटिका समर कैंप का दो दिवसीय आयोजन 20 व 21 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी पवित्रम मातृशक्ति के तत्वधान में 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को यूनियन क्लब में पवित्रम मातृशक्ति की संरक्षिका रीता सिह ने बताया कि पवित्रम संस्कार वाटिका समर केम्प के अंतर्गत 5 साल से 15 तक के बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण, अग्निहोत्र, गो महत्ता, देश भक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी जाएगी तथा इन विषयों से जुड़ने के लिए संस्कार सिखाए जाएंगे। यह सर्वश्रेष्ठ समय है उनके निर्माण का बच्चों को जिस दिशा में मोड़ा जाएगा उसी दिशा में वह भविष्य में आगे बढ़ेंगे उनमें सकारात्मकता का निर्माण होने से वो देश समाज और परिवार के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे, उन्होंने बताया कि इस वर्ष पवित्रम संस्कार वाटिका दो दिवसीय केम्प का आयोजन सर्वप्रथम 20 मई एवं 21 मई को धनबाद में राजकमल शिशु विधा मंदिर में किया गया है उसके बाद अन्य शहरों में भी करने की योजना है।पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो पश्चिम बंगाल , झारखण्ड एवम मध्यप्रदेश में अजय भरतिया के मार्गदर्शन में शिक्षा ,पर्यावरण,आयुर्वेद चिकित्सा , पञ्चगव्य चिकित्सा , प्राकृतिक चिकित्सा जैविक खेती, महिला स्वाबलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर रहा है। पवित्रम सेवा परिवार का महिला आयाम पवित्रम मातृशक्ति धनबाद इस वर्ष इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है।पवित्रम संस्कार वाटिका कार्यक्रम पिछले तीन वर्षो से चल रहा है जिसमें बच्चों को खेल खेल में संस्कार सिखाए जाते है तथा भारतीय संस्कृति की शिक्षा दी जाती है ।इस कार्यक्रम की व्यापक जागरूकता हेतु आज यूनियन क्लब में एक प्रेस वार्ता रखी गई । इसमे मुख्य रूप से धनबाद महानगर की पवित्रम मातृशक्ति की रीता सिह, सीमा मित्तल , पूनम अग्रवाल, सास्वती सेन, मीना डोकानिया , रानी लुहारूका, रीता बंसल , विभा अग्रवाल,अनिता डोकानिया उपस्थित थी। इन लोगो ने बताया कि इस कार्य मे जुड़ने के बाद धनबाद के घर घर मे यज्ञ का अभियान चलाया जा रहा है। लोग मांगलिक दिवसों में हम लोग यज्ञ और गौ सेवा के साथ मनाया जा रहा है। पवित्रम के अध्यक्ष संजय भरतिया एवं आलोक डोकानिया,नरेश गुप्ता , अभिषेक सिन्हा भी उपस्थित रहे। संवाददाताओं को पवित्रम के संस्थापक अजय भरतिया ने सम्बोधित किया । यह जानकारी पवित्रम परिवार के मीडिया प्रभारी जितेंद्र अग्रवाल ने दी।

भाजपा कार्यकर्ता का क्षत विक्षत शव बरामद, सनसनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामुड़िया : विजयनगर इलाके में बीजेपी पोलिंग एजेंट के तौर पर काम करने वाले 27 वर्षीय अशोक चक्रवर्ती का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं मृतक के परिजनों ने घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई है। रविवार को पुलिस प्रशासन तक खबर पहुंचने के बाद केन्दा फाड़ी पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। यह मौत कैसे हुई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।घटना के संबंध में ज्ञात हुआ है कि मृतक अशोक चक्रवर्ती का शव जमुरिया थाना अंतर्गत विजयनगर चौराहे के समीप स्थित पुनर्वास केंद्र के पास पड़ा मिला था। ज्ञात हुआ है कि युवक हिजलगोडा गांव के सूत्रधारपाड़ा का रहने वाला था। इस घटना के बाद मृत युवक के रिश्तेदार धनंजय चक्रवर्ती ने दावा किया कि अशोक की हत्या कर दी गई है। बताया की उन्हें स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनके गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में एक शव पड़ा हुआ है। बात सुनकर वह भी मौके पर पहुंच गया। वहां जाकर उन्होंने अपने परिवार के सदस्य अशोक का शव देखा। गौरतलब है कि जहां यह शव गिरा था, वहां से कुछ दूरी पर सरकार की पहल से पुनर्वास के लिए कई घर बनाए जा रहे हैं। और उसके बगल में एक पावर स्टेशन बनाया जा रहा है।

मानसून की आहट से आवास विहीन ग्रामीणों की धड़कनें हुई तेज

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : धनबाद जिले के अति पिछड़े प्रखंड टुंडी में आवास विहीन ग्रामीणों की 15 जून मानसून की याद सताना शुरू कर दिया गया। बताया जाता है कि अति पिछड़ा प्रखंड टुंडी में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय है। ग्रामीण जनताओं ने अपने जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े आवासों की बार्षिक मरम्मती का कार्य प्रारंभ कर दिया है ताकि बरसात के दिनों में सभी परिवार शांति से सो सकें। आवास विहीन अनुपमा देवी ने अपने दुःख बयां करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास की? आस में थक हार कर पुराने मकान को ही प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी मिस्त्री लगाकर मरम्मती का कार्य करवा रही हूं ताकि बर्षा के दिनों में अपने बाल बच्चों को लेकर सुरक्षित ढंग से रह सकूं। बताया जाता है कि टुंडी जैसे अति पिछड़ा प्रखंड में सही व्यक्तियों तक इस योजना का नहीं पहुंचना एक बहुत बड़ी बिडंबना है। अगले महीने मानसून की आहट से ग्रामीणों ने अपने अपने आवासों की मरम्मती कराना शुरू कर दिया है अभी भी टुंडी में

प्रधानमंत्री आवास योजना के कई ऐसे लाभुक है जिनका सूची में नाम होने के बावजूद इस योजना से वंचित हैं। प्रत्येक बर्ष योजना बनाओ अभियान में अंकित करवाते हैं फिर भी योजना को धरातल पर दिखाई नहीं देती है जिससे लाभुक जनताओं में भारी मायूसी देखीं जा रही है और जनता अपने खर्चा से पुराने आवास की मरम्मती कराने को मजबूर हैं। सही लोगों तक प्रधानमंत्री आवास योजना अभी तक नहीं पहुंच पाया है जिससे आम जनताओं में उदासीनता साफ़ झलक रहा है एवं सरकार की साख पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

कार्यालय खुलवाने की मांग को लेकर प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने दिया धरना

प्रोफेशनल्स कांग्रेस करे पुकार कांग्रेस कार्यालय खुलवा दो सरकार : सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : वर्षो से बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय खुलवाने की मांग को लेकर प्रोफेशनल्स कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रो डी के सिंह के नेतृत्व में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय के समक्ष अपने ही सरकार के खिलाफ सत्याग्रह किया गया। बताते चलें कि यह सत्याग्रह कांग्रेस जिला कमेटी के आह्वान पर पिछले कई दिनों से जारी है। जिसमें कांग्रेस के अग्रिम संगठनों तथा विभिन्न मंच मोर्चा बारी बारी से सत्याग्रह कार्यक्रम को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी और तपिश में हमारे कार्यकर्ता लगातार महीनों से सत्याग्रह करते आ रहे हैं परंतु हमारी सरकार और

नेताओं के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। ऐसे में हम लोगों को अपने पार्टी के मंत्रियों के दरवाजे पर धरना प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा।प्रो डीके सिंह ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि एक तरफ कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर हमें सड़कों पर जश्न मनाने की जगह आज अपने ही सरकार में कांग्रेस कार्यालय खुलवाने की एक छोटी सी मांग को लेकर सत्याग्रह पर बैठे हैं। एक तरफ विरोधी भाजपा के पास अपार धन बल, संसाधन तथा प्रत्येक जिलों में पांच सितारा होटल की तरह कार्यालय है दूसरी तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने कार्यालय की मांग पर सड़क पर बैठे हैं।

बरनवाल सेवा समिति ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : रविवार को बरनवाल सेवा समिति,गिरिडीह की ओर से बरनवाल सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक सुदीव्य कुमार सोनू,समिति अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल एवंमदन विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया।शिविर में रक्तदान करने हेतु युवाओं एवं युवतियों में काफी उत्साह दिखाई दिया।राजनंदिनी, शंकर लाल, प्रदीप यादव, तनुश्री, प्रत्यूष नयन, प्रवीण कुमार वर्मा, हर्ष रंजन ने पहली बार रक्तदान करके युवा वर्ग को बढ़-चढ़कर रक्तदान करने का संदेश दिया।समिति सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने बताया कि नियमित अंतराल के बाद रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान का महत्व हमें तब समझ में आता है जब हमारा कोई जिंदगी मौत से जूझ रहा हो। विधायक ने कहा कि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है।रक्तदान करके हम जहां एक और किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबरदस्त आत्म संतुष्टि मिलती है।अतः हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रथम बार रक्तदान करने वालों को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार बरनवाल, रिंकेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

शराब की दूकान में हथियार दिखा कर लाखों की लूट

प्रभात मंत्र संवाददाता

आसनसोल : आसनसोल दक्षिण थाना क्षेत्र के एसबी गोराई रोड स्थित एक शराब की दुकान मे बीती रात तीन अपराधियों ने धावा बोल दिया और हथियार के बल पर लाखों रुपए लूटकर चलते बने। घटना के दौरान कर्मियों के साथ मारपीट किये जाने की भी खबर है। हालाँकि इस लूटकाण्ड की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद सूचना मिलते ही आसनसोल दक्षिण की पुलिस उक्त शराब दूकान पहुंची और मामले की तफ्शीश में जुट गई है। दुकान के एक कर्मी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह वे लोग रात में साढ़े नौ बजे के करीब काउंटर बंद होने के बाद हिसाब का मिलान कर रहे थे, तभी 3 लोग जबरन शटर उठा कर अंदर घुस आए और बंदूक तान दिया। अचानक हुए इस हमले से हम सभी भौचक्का रह गए। दुकान में करीब 4,00000 रुपये थे। अपराधी सारे पैसे लूट कर फरार हो गए। दुकान में 2 दिन के बिक्री का नगद राशि रखा हुआ था।

सेप्टिक टंकी की सफाई करने उतरे तीन सफाईकर्मी बेहोश, एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भूली के बी ब्लॉक में सेप्टी टँकी की सफाई करने उतरे तीन सफाईकर्मी में एक कि जहरीली गैस से मौत हो गयी। बताया जाता है कि बीसीसीएल के दो कर्मी निर्मल बाल्मीकि, बबलू बाल्मीकि और एक अन्य प्राइवेट सफाईकर्मी बिड्डु बाल्मीकि बी टाइप में एक सेप्टिक टँकी की सफाई करने गए थे। जैसे ही टंकी में उतरे तीनो एक एक कार बेहोश हो गए। जैसे ही आसपास के लोगो को पता चला सभी दौड़े और रस्सी की मदद से उन्हें निकाला। आनन फानन में उन्हें धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाया गया जहां चिकित्सको ने बबलू बाल्मीकि को मृत घोषित कर दिया।

बिना किसी सेफ्टी के सफाई करने उतरे थे कर्मी

इस घटना के बाद आसपास के लोगो मे काफी गुस्सा देखा गया। लोगो का कहना था कि इतना खतरनाक काम करने के लिए इन सफाइकर्मियों को किसी तरह की मास्क, हैंडगलब्स आदि नही दिए गए थे। जिस कारण एक कर्मी का जान चला गया।

सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को सौंपा दायित्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

मधुबन : सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया- बहनों ने गुप्त मतदान के जरिए सबसे पहले अपने- अपने सांसदों का चुनाव किया तदुपरांत गुप्त मतदान के जरिए ही बालभारती एवं कन्या भारती दोनों के प्रधानमंत्री का चुनाव किया। बालभारती के भैया के द्वारा कक्षा द्वादश के भैया सुमित कुमार काम चयन प्रधानमंत्री के रूप में हुआ वहीं दूसरी ओर कन्या भारती की बहनों द्वारा अपने प्रधानमंत्री के रूप में कक्षा द्वादश की बहन आर्यन भारती का चयन किया गया। बालभारती में प्रधानमंत्री के दो उम्मीदवार क्रमशः प्रशांत कुमार गयाली एवं सुमित कुमार थे। जहां

भैया सुमित कुमार को 263 मत प्राप्त हुए वहीं दूसरी ओर भैया प्रशांत कुमार गयाली को 77 मत प्राप्त हुए।दूसरी ओर कन्या भारती में प्रधानमंत्री पद के तीन उम्मीदवार थे जो क्रमशः बहन आर्यन भारती, बहन प्राची कुमारी एवं बहन सुषमा कुमारी। बहन आर्यन भारती को 134 मत, बहन प्राची कुमारी को 34 मत एवं बहन सुषमा कुमारी को 17 मत प्राप्त हुए।कन्या भारती एवं बाल भारती के चयनित अधिकारियों को विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनूप कुमार पांडे ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं उनके कर्तव्यों से उन्हें अवगत कराया। चयनित बाल भारती एवं कन्या भारती के सदस्यों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने उन्हें उनके कर्तव्यों से अवगत कराया और कहा कि आप सदैव अपने कार्यों के प्रति सजग, उत्तरदायी एवं निष्ठावान बने रहेंगे।

बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य चिरकुंडा से गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मैंथन : चिरकुंडा से पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। देवघर पुलिस ने चिरकुंडा पुलिस के सहयोग से 12 मई की रात चिरकुंडा थाना क्षेत्र के जुनकुदर में छापेमारी कर दोनों को पकड़ा। गिरोह का सरगना प्रकाश सिंह भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए दोनों युवक पिंटू सिंह व प्रताप सिंह सरगना प्रकाश सिंह के भाई हैं। उनसे चिरकुंडा थाना में पूछताछ की जा रही है। दोनों ने बाइक चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को बताया कि गिरोह ने 1500 से अधिक बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवघर नगर थाना क्षेत्र में एक बाइक की चोरी हुई

थी, जिसमें प्रकाश सिंह का नाम आया था। इसके बाद देवघर पुलिस शुक्रवार को चिरकुंडा पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से रात में प्रकाश सिंह के जुनकुदर स्थित आवास पर छापेमारी की। प्रकाश सिंह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला, जबकि उसके दोनों भाई व एक अन्य युवक को पुलिस पकड़कर चिरकुंडा थाना ले गई. पूछताछ के बाद तीसरे युवक को पुलिस ने छोड़ दिया। दोनों भाइयों से पूछताछ जारी है। इस संबंध में पुलिस फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही गिरोह के सरगना समेत अन्य गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

सड़क दुर्घटना में दो मवेशी की मौत, चार युवक घायल

बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): बेंगाबाद थाना इलाके के सोनबाद में रविवार को रफ़्तार का कहर टूटा और एक स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पलट गयी. घटना में स्कॉर्पियो की टक्कर से 2 मवेशी की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि वाहन में सवार 4 युवक घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवकों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया.मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में सवार होकर युवक तेज रफ़्तार में खंडोली घूमने जा रहे थे. इसी दौरान यह घटना हो गयी. मामले की सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी. प्रत्यक्षदर्शियों की मानें घटना में कई लोग बाल बाल बच गए. वरना बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

99 ग्रुप आमंत्रण कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 30 को

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडिगो क्लब द्वारा आयोजित डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में धनबाद की छह टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वर्षों बाद रेलवे स्टेडियम में दुधिया रौशनी में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 4 जून को खेला जाएगा। इसी विषय मे रविवार को रेलवे स्टेडियम में आयोजित प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह रेलवे के खेल अधिकारी अजीत कुमार, 99 ग्रुप के चैयरमैन श्याम पांडेय और आयोजन सचिव एसए रहमान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैच शाम चार बजे से शुरू किया जाएगा। 20 ओवर के मैच में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपना हॉस्पिटल द्वारा दिया जाएगा। आयोजन सचिव एसए रहमान जूनियर ने बताया कि टूर्नामेंट के टाइटल स्पांसर 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहबाज नदीम भी मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। टूर्नामेंट में ऑफिसर एकादश, सिंफर एकादश, एमपीएल एकादश, धनबाद डायमंड, 99 ग्रुप और धनबाद क्लब की टीम खेलेंगी। इस मौके पे शब्बीर आलम, अनूप झा, सुनील अग्रवाल, शकील अंसारी आदि मौजूद थे।

पुलिस एकादश ने पत्रकार एकादश को तीन रनों से हराया

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बरोरा थाना क्षेत्र के माथाबांध ग्राउंड में पुलिस व पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का हुवा आयोजन,जिसमे पुलिस एकादश ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में पत्रकार एकादश को 03 रनों से हराया। तेतुलमारी थाना प्रभारी आशीष यादव बने मेन ऑफ द मैच।

रानीसती दादी मंदिर में जरूरतमंद लोगों को कराया गया भोजन

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रानीसती दादी मंदिर, कतरास में दादीजी की रसोई कार्यक्रम के तहत दादीजी को खिचड़ी और छाछ का भोग लगाने के पश्चात सेकडों लोगो को खिलाया गया। सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को कतरास दादी मंदिर में भोग लगाने के बाद जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दादी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष डा. वी एन चौधरी, सचिव राजेश केडिया,मनीष गोयल,सुनील चौधरी उर्फ टिटू चौधरी,विवेक चौधरी,बुलबुल राजगढ़िया,सुशील चौधरी,भगवती सोनी आदि उपस्थित थे।

किड्स केयर प्ले स्कूल ने धूम धाम से मनाया मदर्स डे

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुसुम विहार स्थित किड्स केयर प्ले स्कूल में मदर्स डे सेलिब्रेशन किया गया। किड्स केयर की प्रधानाचार्य रिया सिंह ने सभी मदर्स को बुलाकर केक कटवाया और कुछ गेम्स का भी आयोजन किया। मौके पर मनोरंजन के लिए गीत संगीत नृत्य के साथ ही मां के महत्व की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की सभी शिक्षिकाएं मनप्रीत कौर, शालिनी, प्रियंका, पूजा, रानी सिन्हा, वंदना और बच्चे भी उपस्थिति रहे।

मैंथन के पोस्ट ऑफिस चौक पर रंगीन फव्वारा बिजली से संचालित होगी

मैंथन(प्रभात मंत्र संवाददाता): मैंथन में इन दिनों सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चर रहा है। पहले दौर में डैम का रिनोभेशन कर सौंदर्यीकरण का काम किया गया तथा बाद में डैम के सड़क को क्लास वन टाईप का सड़क बनाया गया तथा पुरे डैम परिसर को रंग रोगन कर छठ के पहले सजा धजा दिया गया। क्योंकि इसी ठंड के मौसम में पर्यटकों का आने का तांता लगा रहता है। साथ ही पर्यटक काफी संखया में यहां पिकनिक मनाने भी आते हैं।मैंथन के सौंदर्यीकरण को लेकर डीभीसी काफी प्रयासरत है और इस समय पोस्ट औफिस चौक पर माना जा रहा है कि एम पी एल की ओर से यह सौंदर्यीकरण काम चल रहा है और आज कल में इसका उद्घाटन होने की संभावना भी है।एक तरफ नोबेल पुरस्कार विजेता रबिन्द्र नाथ टैगोर का मूर्ती तथा दुसरी छोर पर भगत सिंह की मूर्ती लगायी जा रही है। एक छोर पर ओटोमेटिक विधुत चालित महिल मैथन में स्वागत करते दिखेगी जबकी दुसरी छोर पर प्रणाम की मुद्रा में लोगों का स्वागत करते दिखेगा। जबकी पार्क के बीच में विधुत चालित रंगीन फौवारा एवं पुरा पारक विधुत से जगमग करते दिखेगा। साथ हीं सामने मां काली का मंदिर भव्य रूप में दिखेगी।आने वाले समय में मैंथन आने वाले पर्यटकों को निःसंदेह ही आकर्षित करेगी एवं इस चौक पर रोज संधया समय अचछा खासा भिड़ होने की संभावना है।

सिंदरी सबडिवीजन में उर्जामित्रों की बैठक संपन्न

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिंदरी सबडिवीजन में ऊर्जामित्रो की एक बैठक हुई, जिसमे ग्रामीण एरिया में इस महीने 95त्न बिलिंग का टारगेट सभी ऊर्जामित्रो को डिवीज़न सुपर वाइजर अंजीर खान द्वारा दिया गया। रांची हेड क्वार्टर के आदेशा अनुसार प्रति दिन 7त्न बिलिंग का टारगेट दिया गया, साथ ही सभी ऊर्जामित्रो को मीटर का साफ इमेज और सही रीडिंग लेने का कड़ा निर्देश दिया गया, बैठक में प्रिंस सिंह, नितीश पांडये, विवेक रंजन, राजेश प्रसाद, बापी कर, तारा, राहुल, विकाश आदि शामिल उपस्थित थे।

लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मनी मुरारी प्रसाद की सातवीं पुण्यतिथि

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में स्वर्गीय मुरारी प्रसाद सिंह की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके पुत्र शुभम कुमार एवं मुकेश कुमार, पत्नी रानी कुमारी, पुत्री सुहाना तन सीहा मिशका ने वृद्धजनों के साथ स्व. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया तथा आश्रम को भोजन सामग्री प्रदान की गई। आज ही यहां एक अन्य सेवाकर्ता नीरज कुमार ने अपना जन्मदिन आश्रम में वृद्धजनों के संग केक काटकर मनाया। वृद्धजनों को रोजमर्रा की वस्तुएं उपहार में दी। कार्यक्रम में उनके सहयोगी अभिमन्यु नोनिया, नंदन कुमार, सुजीत नोनिया, गुड्डू चौधरी, नागराज पासवान, अंकित कुमार, नीरज कुमार पांडे के साथ आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, समाजसेवी ओमकार मिश्रा मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, सोमवार, 15 मई 2023| पेज 11

मां बाप पर अपने बेटे के कत्ल का लगा इल्जाम
मां-बाप बता रहे हैं आत्महत्या
पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कर रही पूछ ताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। कलयुगी बेटे ने मां बाप को सुलाया मौत की नींद बेटे ने मां बाप को उतारा मौत की घाट जैसी सैंकड़ो खबर सुनने को मिलती रहती है। लेकिन इसके विपरीत कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला निवासी मां बाप पर ही अपने 12 साल के बच्चे को मौत की नींद सुलाने का आरोप लगा है। दबी जुबान में मुहल्ले के ज़्यादातर लोग बच्चे की हत्या होने की बात कह रहे है। जबकि पुलिस की हिरासत में आरोपी बाप मां अपने बेटे द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात बता रहे है। हर कोई यही कामना कर रहा है कि मां बाप द्वारा बताई गई बात सत्य हो ताकि मां बाप जैसे पवित्र रिश्ते की

मर्यादा बची रहे। फिलहाल दोनों आरोपी पति पत्नी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर मामले के खुलासे में प्रयास में जुटी है। वहीं बच्चे की मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से लातेहार जिले के कोढास सासंग का रहने वाले हकीम अंसारी का परिवार कुछ वर्षो से कुडू के ब्लॉक मुहल्ले में रह रहा है। जिसमे उसकी दूसरी पत्नी असमिना, पुत्र अन्नू 12 और एक 6 वर्ष का पुत्र शामिल है। चार लोगों के परिवार में अकेला मासूम अन्नू ही इतनी कम उम्र के बावजूद इधर उधर मज़दूरी कर अपना घर चला रहा था। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की दूसरी शादी थी और दोनों बच्चे असमिना के पहले पति से हैं। शनिवार 13 मई की रात 12 वर्षीय पुत्र अन्नू की संदिगध परिस्थिति में मौत हो गयी। उसके गले पर रस्सी का निशान पाया गया है।

प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : टिंकू महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : रविवार को प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी जागरूकता अभियान के जिला अध्यक्ष टिंकू महतो की अध्यक्षता में एक बैठक कुडू स्थित संजय मीटिंग हाल में रखा गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे टिंकू महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए जिला कमिटी में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यक्रम की शुरुवात किए टिंकू महतो ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री के अनेकों योजनाओं की जानकारी दिया और किस तरह योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाए इस विषय पर विचार किया गया।मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी कृष्णा मोदी अपने संबोधन में पीएम जी पी योजना का जानकारी दिया और धरातल पर कैसे उतारा जाय इस पर फोकस करने की आवश्कता है उन्होंने कहां सैकड़ों लोग ग्रेजवेट होकर भी बेरोजगार है उन्हे रोजगार हेतु पीएम इ जी पी योजना के तहत् लाभ मिलेगा।मौके पर जिला महामंत्री नवीन कुमार चुनूं अपने संबोधन में कहां की आज की वर्तमान स्थिति ये है की विपक्ष और दूसरे दलों के लोग प्रधानमंत्री जी की योजनाओं को अपनी योजना बता कर आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं वैसे नेताओं से आम जनता को दूर रहने की जरूरत है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सरजू साहू ने कहा की केंद्र सरकार की 208 जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन एवम गांव गांव तक पहुंचने का कार्य करेगी साथ ही समाज के दबे कुचले शोषित वंचित लोगों को प्रधान मंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।

आज भुवनेश्वर महतो लोहरदगा में, आंदोलनकारियों को करेंगे सम्मानित

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 15 मई 2023 को लोहरदगा नगर भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो के कर कमलों के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी सम्मान 2023 से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही झारखंड के अस्तित्व, पहचान, इतिहास एवं इज्जत बचाने के लिए संघर्ष करने के संदर्भ में व्यापक चर्चा होगी। उक्त जानकारी देते हुए लोहरदगा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक रामनंदन साहू व अफरोज आलम ने बताया कि लोहरदगा की धरती में झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो का ऐतिहासिक स्वागत व कार्यक्रम होगा। लोहरदगा जिला के आंदोलनकारी आयोग के सदस्य के समक्ष पहचान के सवाल पर अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। लोहरदगा जिला के आंदोलनकारियों को गुमराह करने को बेपर्दा भी करेंगे।

कर्नाटक में कांग्रेस को मिला बजरंगबली का आशीर्वाद : आलोक साहू

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम आने पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत जनता की जीत।और बजरंगबली का आशीर्वाद मिला है। बहुत ही शर्म की बात है कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो चुनाव जीतने के लिए धर्म और भगवान का सहारा लेती है मगर कर्नाटक की जनता ने 40त्न कमीशन खोरी की सरकार को करारा जवाब दिया। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का भी इस चुनाव में काफी प्रभाव पड़ा उनकी यात्रा से राज्य में किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता को एकजुट करने में कामयाबी मिली। यह लोकतंत्र की जीत है और झूठी जुमलेबाजी वाली राजनीति की हार। इस कर्नाटक चुनाव में जहां भाजपा बजरंगबली का सहारे चुनाव जीतना चाहती थी वही यह मुद्दा भाजपा के लिए उल्टा पड़ गया और बुरी तरह हार गए। वहां ना मोदी जी का मुखड़ा चला ना ही दुखड़ा चला। अब धीरे-धीरे करके देश की जनता इस झूठी सरकार को समझने लगी है और 2024 के लोकसभा में भी पूरे देश की जनता इन्हें करारा जवाब देगी ।जहां पर देश में राजनीतिक मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी और विकास होनी चाहिए मगर यह भाजपा पूरे देश में राजनीति को धार्मिक आधार पर करके चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा की इस झूठी और जुमलेबाजी वाले राजनीति को देश की जनता समझने लगी है यही संदेश कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम से मिलता है।

दिलों में हमेशा आप जिन्दा रहेंगे पिताश्री : रीमा भारती

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : पूज्य पिताश्री ! आप तो हम सब को इस संसार में छोड़कर 15 मई 2021 को श्रीहरि के शरण में चले गए, लेकिन आज भी हमारे दिलों में जिन्दा हैं और हमेशा जिन्दा ही रहेंगे। पिताश्री ! मुझे गर्व है कि समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, गिरिवर शिशु सदन के संस्थापक, शिक्षाविद स्व.डॉ राम बल्लभ भारती की पुत्री हूँ। मैं आपकी लाडली पुत्री रीमा भारती,जिसे आपने प्यार से लालन-पालन,शिक्षा-दीक्षा से लेकर सबकुछ दिया, दुनिया में एक बेहतर पहचान दी। लेकिन आज ही के दिन 15 मई को आप के चले जाने से हम किस हाल में जी रहें हैं, आप से बेहतर कोई नहीं जान पाएगा। पिताश्री ! जीवित होकर भी मृतका की तरह जी रही हूँ। आप आज हमारे साथ नहीं हैं,फिर भी आपकी सारी यादें, आपका आर्शीवाद हमेशा हमारे साथ हैं ! जब भी मैं किसी परेशानी, तकलीफ में होती हूँ,तो

आप मेरे साथ हमेशा एक मार्ग दर्शक बनकर आज भी पूर्व की तरह खड़े रहते हैं। बस इसी तरह पूरी जिन्दगी आप मेरे साथ रहेंगें मुझे पूरा विश्वास है। आपकी कमी तो बहुत महसूस होती है,पर जीना तो हर हाल में है न !पिताश्री ! जो बेटी आपके बिना एक कदम नहीं चलती थी। लेकिन आज आपकी बेटी को अकेला ही चलना पड़ रहा है,आज मेरे साथ कोई नहीं है ! बस मैं अकेला ही चल रही हूँ। सबने मुझे क्या-क्या न कहा,पर मेरा विश्वास अटल था,है और हमेशा रहेगा,मैं कभी भी अपने पथ से डगमगाऊँगी नहीं। यह सब आपके प्यार-दुलार, आर्शीवाद के कारण और आपके दिये गए शिक्षा-दिक्षा के कारण ही तो संभव हो पाया है। आज आपके बताए गए रास्ते पर चल रही हूँ। मन में तो बहुत कुछ है पर आप तो सब जानतें हैं और समझते हैं। पिताश्री ! मुझे कुछ भी नहीं चाहिए, बस आपका आर्शीवाद हमेशा बना रहे, यही हमारे लिए अनमोल हैं। आपकी द्वितीय पुण्यतिथि पर आपको शत शत नमन।

समाजसेवी महेश्वर राम बेसरा की जयंती पर, हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 25 मई से
महेश्वर राम बेसरा के दिखाए मार्ग पर चलें युवा : श्रद्धानन्द बेसरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकरडांड : प्रखंड के सिकरियाडांड ग्राम बागडांड में समाजसेवी एवं दक्षिण छोटानागपुर गोड़ महासभा के पूर्व अध्यक्ष सह कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिवंगत स्व महेश्वर राम बेसरा के जन्मजयंती पर हॉकी टूर्नामेंट हेतु बागड़ाड के युवाओं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा युवाओं को मार्गदर्शन करने के लिए उपस्थित रहे। श्री बेसरा जी ने युवाओं को मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन करते हुए कहा कि हमारे समाज के वैसे महापुरुषों को जिन्होंने समाज के लिए बेहतर काम करते हुए अपना जीवन सर्वस्व न्यौछावर एवं समर्पित कर दिया है , वैसे महापुरुषों को उनके

जयंती के तत्वधान में युवाओं के बीच हाकी खेल के माध्यम से एवं बच्चे बच्चियों के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित करके, उन्हें याद की जाएगी। इस जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री बेसरा जी की उपस्थिति में स्वर्गीय महेश्वर राम बेसरा जयंती समिति बागड़ाड÷ बनाई गई जिसका अध्यक्ष श्री मोहन मांझी, सचिव श्री बरजू राम मांझी, कोषाध्यक्ष श्री शम्भू बेसरा एवं खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए युवाओं की एक खेल समिति बागड़ाड का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष मदन प्रधान , उपाध्यक्ष जतरूर माझी, सचिव मनोहर राम एवं उपसचिव अजय कश्यप जी को बनाया गया। संरक्षक -दीनानाथ बेसरा, बलदेव प्रधान, लोधा प्रधान, बाजु गोंड़, श्री रोपना गोंड, कमल गोंड, श्री राजनाथ प्रधान जी को बनाया गया। नवनियुक्त समिति के अध्यक्ष मोहन मांझी के द्वारा जानकारी दी गई की युवाओं का हॉकी खेल 25 मई 2023 से शुरू होकर 4 जून 2023 को संपन्न होगी, जिसकी एंट्री करने की आखिरी तारीख 24 मई 2023 रखी गई है एवं सिर्फ गांव के बच्चे बच्चियों के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिता रखी गई है वह 5 जून स्व महेश्वर राम बेसरा के जन्मदिन पर रखी गई और उसी दिन संपन्न होगी।

कोलेबिरा के अंबापानी मंडली 40 वां स्थापना संस्कार समारोह का हुआ आयोजन

कोलेबिरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंबाटोली मंडली का 40 वा स्थापना संस्कार दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एनोस एक्का का एवं उसके पुत्र झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए। आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया इस दौरान पादरी रेव्ह वटुवेल लुगुन के द्वारा धार्मिक आराधना किया गया जिसका सहयोगी प्रचारक सुरेश कुडु के द्वारा की गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा 40 वर्षों तक लगातार अम्बाटोली मंडली संचालित हो रही है और सबसे खुशी की बात है कि सभी लोग मिलजुलकर एक छत के नीचे परम पिता परमेश्वर का प्रार्थना करते हैं। मानव जीवन में परमेश्वर की विनती करने से सभी प्रकार की समस्याओं का निदान होता है। भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम अपने कार्यो के ईश्वर दिखी समय निकालते हैं तो कहीं ना कहीं ईश्वर से करीब आने के लिए मार्ग चुना है आप सभी परमेश्वर के बताए मार्ग पर चलें नशा पान, अंधविश्वास, सहित अन्य कुरीति सहित सभी चीजों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों को विश्वास दिलाया कि आदिवासी मूलवासी ईसाई मिशनरियों की जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं जो उनके हक अधिकार हैं इनसे वह वंचित है उसे लड़कर उन्हें दिलाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से सचिव सामूवेल धनवार, सह सचिव एंजवल कोनगाड़ी, कोषाध्यक्ष कोमल सुरीन, अनमोल तोपनो, कुनुल धनवार, वरदान सुरीन, विनय कंडुलना, असरिता सुरीन, सेटेंग सुरीन, के अलावा झारखंड पार्टी के जोसेफ डुंगडुंग, सुधन्या डाँग,रसाल खलखो उपस्थित थे।

मुखिया सुमित्रा कुमारी ने देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : 30 मई 2023 को है गंगा दशहरा कुडू के पंचायत सलगी के चूल्हा पानी में होगा। विधिवत गंगा दशहरा का कार्यक्रम कुडू दामोदर बचाओ आंदोलन देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम 2023 को लेकर सलगी पंचायत के मुखिया सुमित्रा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में गंगा दशहरा कार्यक्रम 30 मई 2023 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाने का निर्णय लिया गया। चूल्हा पानी में गंगा दशहरा कार्यक्रम में कीर्तन भजन के साथ साथ भव्य मेला लगाने हेतु विभिन्न गांव से खोडहा दल को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। दर्शनार्थियों को कोई असुविधा ना हो इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर लाइट व्यवस्था, सड़क की मरम्मती के साथ-साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह मंत्री, पूर्व मंत्री सरयु राय, स्थानीय सांसद सहित उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। आज के बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित हुए अध्यक्ष रामस्वार्थ साहू, जिला संयोजक बालकृष्णा सिंह, कोषाध्यक्ष जयनारायण प्रजापति, सदस्य में सामु प्रजापति, वीरेंद्र भगत, लालू लोहरा, कृष्णा प्रजापति, सहित दामोदर बचाओ आंदोलन के कई सदस्य उपस्थित हुए।

15 फरवरी 2023 का खोया मोबाईल सुरक्षित बरामद
पुलिस के हाथों से बच के नहीं भाग सकते कोई भी चोर : थाना प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : जलडेगा थाना क्षेत्र के जलडेगा चीक टोली निवासी नीलम देवी पति दीपक चीक बड़ाईक का मोबाईल रियलमी 9i I M E I 1 = - 860756054384397 15 फरवरी 2023 का खोया मोबाईल जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो द्वारा सुरक्षित बरामद कर मोबाईल मालिक नीलम देवी को सौंप दिया। नीलम देवी अपना मोबाईल पा कर काफ़ी खुश हुई। इसलिए की 3 माह के अन्दर पुलिस के प्रयास से मोबाईल खोज कर सुरक्षित वापस हाथ में मिल गया। नीलम देवी नें कहा उनका मोबाइल पिछले 15 फरवरी 2023 को घर से ही गुम हो गया था। नीलम देवी नें काफी खोज बिन की जब पता नहीं चला तो जलडेगा थाना में सन्हा दर्ज कराई थी । मोबाईल गुम होने से ज्यादा परेशानी तो इसलिए हुई की जलडेगा डीपा

टोली आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका का काम करती है और सारा आंगनवाड़ी का काम ऑनलइन मोबाईल में ही करना पड़ता है मोबाईल गुम होने से काफ़ी परेशानी हुई। जलडेगा थाना में सन्हा दर्ज होने के बाद मोबाईल को सर्विलांस में डाल दिया गया था और मोबाईल को जब यूज़ करने लगा तो पुलिस को पता चल गया की मोबाईल गिरिडीह थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है। पता चलते ही गिरिडीह पुलिस जिसके हाथों में चलाया जा रहा था उनका घर पहुंच कर मोबाईल को सुरक्षित बरामद कर सुरक्षित जलडेगा थाना भेज दिया गया। आपको सच्चाई बताते चलें की मोबाईल से बात करने के बाद अपने ही घर में रख कर बाहर पड़ोसी के घर बेटी को लाने गई और जब 15 मिनट के बाद घर वापस लौटी तो देखी की घर से मोबाईल गुम हो गया है । जब मोबाईल जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो द्वारा नीलम देवी को सौपा तो प्रभारी नें बताया की मोबाईल जलडेगा ब्लॉक के स्टाप बलराम भगत की पत्नी कमला देवी के द्वारा जलडेगा ब्लॉक के स्टाप ही कांसी सोनार को दे दिया गया था और जब कांसी सोनार नें अपने घर में ले जा कर यूज़ कर रहा था तब सर्विलांस के माध्यम से गिरिडीह पुलिस बरामद कर सुरक्षित जलडेगा भेज दिया। जब कांसी सोनार से पूछा गया की आपको मोबाईल कैसे मिला तो उन्होंने बताया की जलडेगा ब्लॉक में कार्जरत बलराम भगत की पत्नी बिमला देवी हमको दी थी हम गलती से अपना गांव गिरिडीह ले आए और जब मेरा बेटा मोबाईल में सिम डाला तो गिरिडीह पुलिस आकर मोबाईल जप्त कर लिया। जलडेगा ब्लॉक में कार्जरत बलराम भगत की पत्नी बिमला देवी से पूछताछ करने पर बताया की मैं नीलम देवी का घर घूमने जाती थी पर मैं घर से नहीं पाई थी जलडेगा ब्लॉक कैमप्स से पाकर किसका है कह कर कांसी सोनार को दे थी और ओ अपना गांव ले गया था। जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो नें कहा कोई भी चोर पुलिस के हाथों से नहीं बच सकता है सभी अपराधी सावधान हो जाएँ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जागरुकता को लेकर गुड़ि बाघी एवं नगड़ा मे पूअनि ने किया बैठक

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में गांव-गांव लोगों डायन प्रथा, साईबर अपराध और मॉब लांचिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु जन-जन के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से 14 मई रविवार को ग्राम गुडी बाघी और नगडा बरवाटोली लोगों के बीच पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के द्वारा क्षेत्र में घुम- घुमकर बैठक किया। बैठक में उपस्थित उपस्थित महिला पुरुष के द्वारा अपना आप बीती भी साझा किया,जो कि पूर्व में वे ठगी का शिकार हो चुके हैं। लोंगों ने बैठक में पुलिस द्वारा बताई गई बातों को बडे गौर से सुना-समझा और अपनी प्रसन्नता भी व्यक्त किया। आज के उक्त बैठक मे थाना के उपरोक्तत अधिकारी के अलावा कैरो थाना के पुलिस बल एवं दोनो गाँवो के बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र की समस्या से रुबरु हुए भाजपा प्रदेश युवा मंत्री अजातशत्रु

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : मन्हे ग्राम में चौपाल आयोजन कर पेयजल, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से भाजपा प्रदेश मंत्री को कराया गया अवगत ग्रामीणों की समस्या निदान कराने का दिया आश्वासन। सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत क्षेत्र स्थित मन्हे ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा चौपाल कार्यक्रम आयोजन कर ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं एवं समस्याओं से भाजपा प्रदेश युवा मंत्री हुए अवगत बारी बारी से ग्रामीणों की सुनी जनसमस्याएँ उसी दौरान वर्ष 2022 में पेयजल योजना का कार्य धरातल पर पीएचडी विभाग के माध्यम से संवेदक द्वारा कराया गया था। जो निर्माण के पश्चात विफल नजर आ रही है। बताते हुए कहा गया कि जलमीनार निर्माण के पश्चात एक दो बार ही थोड़ी थोड़ी मात्रा में पानी की सप्लाई किया गया था। उसके बाद से बंद है। इस संदर्भ में पीएचडी जेई से संपर्क करने का प्रयास किया गया।

परंतु फोन नही उठाने के कारण पेयजल समस्या संबंधित बातें नही हो पाई जिसको लेकर भाजपा प्रदेश युवा मंत्री अजातशत्रु सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि पानी समस्या का समाधान को लेकर विभाग के आलाधिकारी से संपर्क करते हुए निदान कराया जाएगा। साथ ही केसीसी लोन बिचौलिया के माध्यम एवं फर्जी तरीके से वृद्ध किसान का स्वीकृत किया गया है। जिसके बारे में किसान को भनक तक नही लगा जब बैंक कर्मी द्वारा लोन का पैसा वसूली के लिए सूचना प्रसारण किया गया तो वृद्ध किसान का नींद उड़ गया। बताया जाता है कि आज तक वृद्ध किसान किसी प्रकार का लोन हेतु आवेदन नही किया है। जिसपर भाजपा प्रदेश युवा मंत्री ने जांचोपरांत न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके अलावे गांव में विकास योजना संबन्धी चर्चा विस्तार पूर्वक किया गया। चौपाल कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश युवा मंत्री अजातशत्रु सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस, सचिन सिंह, रामजीत यादव बंधन उराँव, दयानंद यादव, राम टाना भगत, सुरेश यादव, कार्तिक उराँव, जतरा भगत, राजू यादव, कैला उराँव राम प्रकाश उराँव, वीरेंद्र साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 47 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। आज मातृ दिवस पर मारवाड़ी महिला एकता शाखा के उपाध्यक्ष अंजली सर्राफ एवं प्रतिमा उरांव ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने मातृ शक्ति को एवं डॉ कुमुद को पुष्प गुच्छा देकर अभिवादन किए। महिलाओं ने कहा की इस शिविर में चेकअप करा कर

अपने बीमारियों का पता चला,और उसका यहां इलाज कराकर स्वस्थ हो रहे हैं,और ये भी कहा की मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अब तक (1410) चौदह सौ दस लोग अपना चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं, और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द,हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े जल मीनार को अविलंब बनवाए जिला प्रशासन : कंवलजीत सिंह

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला के किस्को प्रखंड के भूषाड जहांजी टाँड़ में जल मीनार लगभग एक महीने से खराब है, लेकिन गर्मियों के दिन में भी इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर सामाजिक विचार मंच संयोजक कंवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग करती है कि इसे अविलंब ठीक कराते हुए गर्मी के कठिन मौसम के मद्देनजर सभी प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जहां इस तरह के जल मीनार और चापाकल खराब है, एक उड़नदस्ता बनाकर और पेट्रोलिंग कराकर हर प्रखंड में प्राथमिकता के साथ इसे ठीक कराया जाए ताकि ग्रामीण आम जनता को पेयजल के लिए परेशानी ना हो।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

कैरियर कॉउंसेलिंग का आयोजन

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): मौलाना आज़ाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने जमीअतुल एराकीन के सहयोग से वैसे छात्रों-छात्राओं के लिए जिन्होंने हाल ही में दसवीं व बारहवीं कक्षा पूरी की है, एक विस्तृत कैरियर कॉउंसेलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया ।सत्र की शुरुआत इम्तियाज अहमद द्वारा कुरान के पवित्र पाठ के साथ हुई, जिसमें उन्होंने माता-पिता के प्रति सम्मान व हमारी जिम्मेदारी को बताया। कार्यक्रम के पहले वक्ता के तौर पर सैयद इबरार हसन ने 10वीं और 12वीं कक्षा के बाद छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि, के रूप में माही के संयोजक इबरार अहमद ने छात्र-छात्राओं के साथ प्रेरणादायक बातें करते हुए कहा कि समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ अपने कैरियर की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

छात्रों ने मातृ दिवस पर बनायी पेंटिंग

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) आर्मी पब्लिक स्कूल रांची छात्र छात्राओं ने मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर अपनी भावनाओं को प्रकट करते हुए विभिन्न प्रकार के आर्ट क्राफ्ट से अपनी मां के लिए गिफ्ट बनाया। इस कार्यक्रम का नाम गिफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता था। लगभग 200 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी मां के प्रति स्नेह प्यार मोहब्बत अपने कला से दर्शाया। इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन ने के मार्गदर्शक में हुआ। प्रचार अभय कुमार सिंह ने प्रशंसा के शब्द बोले और मां के प्रति स्नेह बनाए रखने की अपील की।

अस्पताल कर्मियों के बच्चों के लिए चैरिटी इवेन्ट पार्टी का आयोजन

रांची । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 मई की शाम को अस्पताल कर्मियों के बच्चों के लिए चैरिटी इवेन्ट पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी का आयोजन अस्पताल परिस में ही किया गया था। चैरिटी इवेन्ट में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल तथा मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बच्चों को उनके इच्छानुसार उपहार भी बांटे गए। सेन्टेवीटा की इडी रेशमा साहू इस प्रकार के कार्यक्रमों में बहुत ही उत्साह के साथ भाग लेती हैं तथा बच्चों को प्रोत्साहित भी करती हैं। उनका मानना है कि बच्चों की छोटी-छोटी इच्छाओं की पूर्ति करना, उनकी एक छोटी सी कोशिश है। बच्चों ने इस इवेन्ट का बहुत आनंद उठाया। पार्टी में उनके लिए मैगी, चिप्स, आइसक्रीम, कोल्ड-ड्रींक एवं अन्य खाने-पीने के आइटम्स रखे गए थे।

सुदेश महतो ने डॉक्टर करमा उरांव के निधन पर जताया शोक

रांची : झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. करमा उरांव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। महतो ने कहा कि डॉ. करमा उरांव अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि करमा उरांव आदिवासी समाज के उत्थान तथा झारखंडी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर हमेशा समर्पित रहें। झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आगे बढाने और आदिवासियों की पहचान बनाए रखने के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहें। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को मेदांता हॉस्पिटल में डॉक्टर करमा उरांव का इलाज के क्रम में निधन हो गया।

मन की बात पर आधारित प्रदर्शनी देखने पहुंचे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक दिलचस्प प्रदर्शनी 'जन शक्ति' को देखने पहुंचे, जहां 'मन की बात' में शामिल विषयों को भारत के शीर्ष कलाकारों की ओर से बनाई गई कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।'मन की बात' में शामिल विषयों जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण, कृषि, अंतरिक्ष, पूर्वोत्तर, नारी शक्ति, योग, आयुर्वेद आदि पर भारत के शीर्ष कलाकारों द्वारा बनाई कलाकृतियों को 'जन शक्ति' शीर्षक से आयोजित प्रदर्शनी में शामिल

किया गया है। मनु और माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, इरन्ना जीआर, जगन्नाथ पंडा समेत देश के शीर्ष कलाकारों ने इसमें अपना योगदान दिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं उन सभी कलाकारों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी रचनात्मकता से प्रदर्शनी को समृद्ध किया है। प्रदर्शनी का आयोजन संस्कृति मंत्रालय ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी के मौके पर किया है। इसमें 12 प्रमुख कलाकारों की ओर से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी राजधानी स्थित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में लगाई है।उल्लेखनीय है कि 'मन की बात' कार्यक्रम तीन अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था और हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) नेटवर्क पर प्रसारित किया जाता है। 30 मिनट के कार्यक्रम की 100वीं कड़ी 30 अप्रैल को प्रसारित की गई थी।

हाजियों के लिए रांची से हो फ्लाइट की व्यवस्था : डॉ. इरफान अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड हज कमेटी के चेयरमैन जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा की हज में जाने वाले यात्रियों के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। रांची को बहुत लंबे प्रयास और लड़कर इम्बारकेशन पॉइंट बनाया था, ताकि हमारे हाजियों को कोई कठिनाई न हो, लेकिन अब जानकारी आ रही है कि हमारे हज यात्री कोलकाता से फ्लाईट करेंगे। ऐसी परिस्थिति में विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मैं दिल्ली जा रहा हूं और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा इस तरह से हमारे हाजियों के साथ खिलवाड़ करना कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं दोनों मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और स्मृति ईरानी से मिलकर मांग करूंगा कि हर हाल में रांची से ही हाजियों के लिए फ्लाइट की व्यवस्था कराई जाए, ताकि हमारे हाजियों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

कर्नाटक में मिली जीत पर प्रदेश कांग्रेस ने मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने रविवार को डोरंडा अंबेडकर चौक पर कर्नाटक में मिली जबरदस्त जीत पर जश्न मनाया।

वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन और रंजीत कुमार महतो ने इस जीत के लिए कर्नाटक की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की तस्वीर हाथों में लेकर ढोल- नगाड़े बजाये, आतिशबाजी की एवं मिठाई खिलाकर एक दूसरे को शानदार जीत के लिए बधाई दी। नेताओं ने कहा कि कर्नाटक की जीत चालीस प्रतिशत कमीशनखोरी से लड़ने वालों की जीत है। बेरोजगार युवाओं की जीत है।

महंगाई के खिलाफ मशाल जलाने वालों की जीत है। परेशान व बेहाल हो चुके किसानों की जीत है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम ने एक संदेश यह भी दिया है कि पार्टी अगर एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी, तो जनता का समर्थन प्राप्त होगा। इसे झारखंड के नेताओं को समझने की जरूरत है।

जैप-10 में योग और आर्ट ऑफ लिविंग का प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप-10) होटवार में योग सह आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। इसमें मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक तारिक खान और रविन्द्र वर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, डॉ अनल सिन्हा, सीएम चुग, डॉ राजीव, रुपाली मणि सहित अन्य ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से करीब 300 पीटीसी प्रशिक्षु और जैप 10 के पदाधिकारी एवं कर्मी लाभान्वित हुए। इस दौरान एडीजी अभियान ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में जैप 10 के समादेष्टा धनन्जय कुमार सिंह, डीएसपी सुमन गिनी नाग, डीएसपी तारामणि बाखला, डीएसपी हेलेन सोय सहित अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने की प्रमुख भूमिका रही।

सैन्य महत्व के 928 आइटम के आयात पर लगाया गया प्रतिबंध

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दे दी है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के आयात को न्यूनतम करने के लिए यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य महत्व के 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम्स, स्पेयर एंड कंपोनेंट्स की चौथी रचनात्मक स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी दी है। इसमें हाई-ऐंड-मटीरियल्स और अतिरिक्त उत्पाद सहित 715 करोड़ मूल्य के आयात वाले सामान शामिल हैं। इन सभी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल https:rijandefence.gov.in/ पर उपलब्ध है। सभी वस्तुओं को सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से खरीदा जा सकेगा।इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। इन सूचियों में 2500 आइटम हैं, जो पहले से ही स्वदेशी हैं। तीनों सूचियों में 1238 (351 107 780) आइटम हैं जो दी गई समय सीमा के भीतर स्वदेशी किए जाएंगे। अब तक देश में 1,238 में से 310 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। इसमें पहली सूची के 262, दूसरी सूची के 11 और तीसरी स्वदेशीकरण सूची के 37 आइटम शामिल हैं। अब चौथी सूची में 928 आइटम शामिल किये गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम इस स्वदेशीकरण को विभिन्न साधनों के माध्यम से पूरा करेंगे। कुछ को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकसित करेंगे और निजी भारतीय उद्योग बनाएंगे, इससे अर्थव्यवस्था में विकास, रक्षा-क्षेत्र में निवेश और रक्षा के सार्वजनिक उपक्रमों के आयात में कमी आएगी। इसके साथ ही घरेलू रक्षा उद्योग में अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों के शामिल होने से रक्षा उपकरणों की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

रांची : भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रविवार को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्य में जमीन लूट पर चिंता जताई है। साथ ही कहा है कि राज्य गठन से लेकर अबतक हुए भूमि घोटाले की सीबीआई या फिर हाई कोर्ट के सीटिंग जज की अध्यक्षता में आयोग गठित कर जांच कराई जाए। मरांडी ने कहा है कि जमीन घोटाले में ईडी की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। इसमें हैरान करने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। रांची ही नहीं, बल्कि राज्य के कई जिलों में ऐसे कई जमीन माफिया सक्रिय हैं जिन्होंने सरकारी सिस्टम में कमी का फायदा उठाते हुए सिंडिकेट बनाकर इन कामों को अंजाम दिया है। साथ ही विरोध में उठने वाली हर आवाज को हर स्तर पर दबा दिया। बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां तो जमीन माफिया ने विरोध करने वाले एक व्यक्ति को धारा 107 में चार महीने जेल में रखवा दिया।

सभी जाति बिरादरी के लोगों का कुटुम्ब मित्र बनायेगा संघ

एजेंसी

लखनऊ : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सभी जाति बिरादरी के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कुटुम्ब मित्र बना रहा है। परिवार प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से संघ समाज के बीच यह काम कर रहा है। कुटुम्ब मित्र सप्ताह में एक दिन किसी मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मंगल संवाद करते हैं। यह जानकारी कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के संयुक्त क्षेत्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड) के प्रमुख ओमपाल सिंह ने दी।ओमपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से परिवारों में संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए काम करता है। इसके लिए देशभर में कुटुम्ब मित्र बनाये जा रहे हैं। कुटुम्ब मित्रों को मंगल संवाद आयोजित हो रहा है। मंगल संवाद के तहत रामचरित मानस की चौपाई, श्लोक या अन्य धार्मिक ग्रन्थ का वाचन करते हैं और सदचर्चा करते हैं। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों जैसे नव दम्पत्ति सम्मेलन और बालक बालिका सम्मेलन का भी आयोजन होता है। ओमपाल सिंह ने बताया कि हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। परिवार बिखर रहे हैं। संयुक्त परिवार एकल परिवार में परिवर्तित हो रहे हैं। हम दो हमारे दो की मानसिकता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन दुनिया ने हमें बाजार माना।परिवार मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने की व्यवस्था है। परिवार पशु जैसे शिशु को मानव, महामानव की ऊंचाई तक विकसित करने का एक समर्थ संस्कार का केन्द्र है। इसलिए अपना घर समृद्धि एवं संस्कृति का एक सुन्दर संगम होना चाहिए। यही हिन्दू घर की पहचान है। वर्तमान में जैसे समृद्धि बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे संस्कृति घटती जा रही है। दोनों का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इस कारण परिवार में तरह-तरह की समस्या आ रही है। संतुलन को बनाये रखना आज की नितांत आवश्यकता है। इसीलिए कुटुम्ब प्रबोधन की गतिविधि आरम्भ की गयी है। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक दिन परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ बैठक कर अनौपचारिक चर्चा करनी चाहिए। परिवार में गपशप के समय नकारात्मक चर्चा से बचना चाहिए।परिवार के उत्थान, संस्कार निर्माण एवं समस्याओं के समाधान के बारे में विचार विनिमय करना चाहिए।

सुरक्षा कवच बनी मोदी सरकार की जन सुरक्षा योजनाएं, खुर्शीद के परिवार को मिला सहारा

एजेंसी

बेगूसराय : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ साल पहले पीएम सुरक्षा बीमा योजना और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू कर गरीबों के जीवन में वह क्रांति ला दी, जिसकी कल्पना भी नहीं थी। यह योजनाएं नागरिक कल्याण के लिए समर्पित है। जो अप्रत्याशित घटना और वित्तीय अनिश्चितताओं से जीवन को सुरक्षित करने की आवश्यकता को पूरा कर रही है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देश के असंगठित वर्ग के लोग आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें। इसके साथ ही सरकार ने वृद्धावस्था की जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) भी शुरू की। यह तीनों जन सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई लिए समर्पित है। जो कि अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं के खिलाफ आम नागरिक के जीवन को सुरक्षा प्रदान करती है। आज सरकार के इस क्रांतिकारी कदम की हर ओर चर्चा हो रही है। देश भर में पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16.2 करोड़, 34.2 करोड़ और 5.2 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं। ऐसे में बेगूसराय भी कहीं पीछे नहीं है और 11 लाख से अधिक नामांकन कराए जा चुके हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार तीन मई तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बेगूसराय में तीन लाख आठ हजार 455, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना में छह लाख 41 हजार 867 तथा अटल पेंशन योजना में एक लाख 46 हजार 954 नामांकन कराए जा चुके हैं। सबसे बड़ी बात है कि सिर्फ महिला और पुरुष ही नहीं, ट्रांसजेंडरों ने भी इसके लिए नामांकन कराया है। अटल पेंशन योजना में आठ ट्रांसजेंडर जुड़े हैं। फिलहाल इन तीनों योजनाओं को हर लोगों तक पहुंचाने के लिए बेगूसराय के सभी बैंकों द्वारा प्रत्येक दिन पंचायतों में जाकर विशेष जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है। इन योजनाओं के लिए जागरुक करने के साथ-साथ ऑन स्पॉट नामांकन किए जा रहे हैं, यह अभियान 30 जून तक चलता रहेगा। इन योजनाओं के फायदे की बात की जाए तो बेगूसराय जिला के सैकड़ों परिवार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। इसके लिए नामांकन करने वाली बैंक शाखा प्राथमिकता के आधार पर दावे का भुगतान कर रही है। मात्र 20 और 436 रुपये प्रति वर्ष प्रीमियम दिए गए परिवार को जब इन योजनाओं का से दावे का भुगतान किया जा रहा है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है और सभी प्रधानमंत्री को धन्यवाद कह रहे हैं। हरपुर गाछी टोला निवासी मोहम्मद खुर्शीद का यूको बैंक महना में खाता था। उसने बैंक कर्मी से जानकारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रुपये के भुगतान पर जब बीमा कराया तो लोग कहते थे कि मोदी की यह ठगी की योजना है। विगत दिनों जब उसकी मौत हो गई तो परिवार कैसे चलेगा इसकी चिंता होने लगी।

करमा उरांव के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

रांची : प्रख्यात शिक्षाविद और जनजाति समाज के अगुवा डॉ करमा उरांव के आकस्मिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व उरांव ने जनजाति समाज के उत्थान के लिए पूरा जीवन लगा दिया। उनका असमय जाना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रकाश ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही कहा कि दुःख की घड़ी में परमात्मा परिजनों को धैर्य , साहस प्रदान करें। विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि जनजाति समाज की भाषा, संस्कृति और कल्याण के लिए उरांव ने उल्लेखनीय कार्य किए, जो सदैव राज्यवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने उरांव की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि करमा उरांव (72) का निधन रविवार सुबह मेदांता हॉस्पिटल में हो गया। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आईसीयू में उन्होंने अंतिम सांस ली।

उपराष्ट्रपति ने नागौर के मेड़ता सिटी में नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का किया अनावरण

एजेंसी

नागौर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रामीण किसान युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और क्षणिक सरल लाभ के लिए कानून के उल्लंघन की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आगाह किया कि कानून के साथ खिलवाड़ करना न सिर्फ उनके लिए महंगा पड़ेगा बल्कि ग्रामीण किसान समुदाय को भी बदनाम करेगा। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं होता, देर सबेर कानून का शिकंजा अवश्य कसेगा। उपराष्ट्रपति रविवार को नागौर के मेड़ता सिटी में स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान कौम के लिए आरक्षण की लड़ाई कठिन थी जिसमें स्वयं उनका भी योगदान रहा लेकिन आज उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि, ग्रामीण विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों का अधिकार है। धनखड़ ने किसान युवाओं से कृषि

और ग्रामीण विकास के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कुछ वर्गों द्वारा पुराने ट्रैक्टरों को हटाए जाने का विरोध किए जाने का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों ने सदैव परिवर्तन को आगे बढ़ कर अपनाया है। हमें चाहिए कि आज दुनिया में जो हो रहा है हम उससे भी आगे बढ़ें। भारत के आर्थिक विकास में कृषि के महत्व की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्व में भारत की आर्थिक प्रगति का डंका किसानों के पसीने के कारण ही बज रहा है। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ आज सुबह राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर जयपुर पहुंचे। वहां से उपराष्ट्रपति पुष्कर गए जहां उन्होंने ऐतिहासिक ब्रह्मा मंदिर, श्रीजाट शिव मंदिर के दर्शन किए तथा वहां स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की पहल पर बने विश्राम गृह का दौरा किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने खरनाल स्थित वीरवर तेजा जी मंदिर के दर्शन किए। शाम को उपराष्ट्रपति ने मेड़ता सिटी में नाथूराम मिर्धा की अष्टधातु की बनी प्रतिमा का अनावरण किया। धनखड़ ने कहा कि कभी सोचा भी नहीं था कि मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को बाबा नाथूराम मिर्धा जैसे विराट व्यक्तित्व की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि नाथूराम जी ने सदैव किसानों के हित की बात की और किसानों को भी उन पर पूरा भरोसा रहा। कृषि आयोग के अध्यक्ष के रूप में नाथूराम मिर्धा के योगदान को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सर छोटूराम, किसान केसरी बलदेव मिर्धा और चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने का कार्य किया। इस अवसर की तुलना उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेने के अवसर से की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे नाथूराम मिर्धा के स्वप्न को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।